

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 193 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण, कृष्णपक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

आत्मज्ञानं समारम्भस्तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नायकर्णन्ति स वै पण्डित उच्चायते॥
निषेवते प्रशस्तानि निंदितानि न सेवते।
अनास्तिकः श्रद्धा एतत्पंडित लक्षणम्॥

**भावार्थ :** जो धर्मात्मा है, जिसको अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान है, जो दुःखों को सह लेता है, धर्म का पालन करता है और लोभ में पड़कर सन्मार्ग से भ्रष्ट नहीं होते वही पंडित हैं। जो सद् व प्रशस्त कर्मों को करता है, निंदित या असत् कर्मों से दूर रहता है और जो आस्तिक व श्रद्धावान है वही पंडित कहलाता है। पंडित के यही लक्षण हैं।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .37 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .11 बजे

## बीएसएनएल का स्वदेशी 4जी का बीटा लॉन्च

**अमृतसर :** बीएसएनएल अपने नेटवर्क में स्वदेशी 4जी तकनीक की तैनाती के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। बीएसएनएल ने शनिवार को अमृतसर में अपनी 4जी सेवाओं का बीटा लॉन्च किया। बीएसएनएल के मुख्य प्रबंध निदेशक पी के पुरवार ने कहा कि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत, बीएसएनएल दिल्ली और मुंबई सहित पूरे भारत में स्वदेशी 4जी स्टैक तैनात करने के लिए तैयार है। इस तैनाती का लक्ष्य एक लाख साइटों को कवर करना है, जिसमें एलडब्ल्यूई (लेफ्ट विंग एक्ट्रीमीजम) क्षेत्र, असंबद्ध क्षेत्र और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय 4जी स्टैक उपकरण का सफल प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (पीओसी) पंजाब के फिरोजपुर, पठानकोट और अमृतसर शहरों में 200 लाइव नेटवर्क साइटों पर पूरा हो चुका है। एक महत्वपूर्ण विकास में, बीएसएनएल ने आज अमृतसर में अपनी 4जी सेवाओं का बीटा लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के एक भाग के रूप में, बीएसएनएल उन ग्राहकों को प्रीपेड सिम वितरित करेगा जो नेटवर्क की गुणवत्ता पर प्रतिक्रिया देंगे, जिससे निरंतर सुधार और उपयोगकर्ता अनुभव में वृद्धि होगी।

## खड़गे ने मणिपुर की स्थिति पर जताई चिंता

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति पर शनिवार को गंभीर चिंता जताते हुए पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्ति की और कहा कि पार्टी मणिपुर के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पूवोत्तर की स्थिति पर वहां के नेताओं के साथ आज यहां हुई बैठक जिसमें कहा गया कि मणिपुर की स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की निष्क्रियता और चुप्पी अक्षम्य तथा आपराधिक है। पार्टी नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर और खासकर मणिपुर के लोगों के प्रति गैर-ज़म्मिदारी से काम कर रही है। मणिपुर में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार से गम्भीर तथा मजबूत कदम उठाने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि राज्य में हिंसा के दौरान 150 से ज्यादा निर्दोष लोग मारे गए हैं। पार्टी ने पीड़ति परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में तत्काल शांति बाहरी के प्रयास किए जाने चाहिए।

## सहारनपुर में टमाटर और लाल हुआ भाव 250 के पार

**सहारनपुर:** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के सब्जी बाजार में इन दिनों टमाटर की कीमतों ने आग लगायी हुई है। हालात इतने खराब है कि टमाटर का बाजार भाव 250 रूपये किलो पहुंच गया है। टमाटर के होल सेल डीलर्स का कहना है कि हिमाचल व उत्तराखण्ड में आवक न होने के कारण मण्डी में टमाटर 230 किलो तक बिक रहा हैं, वही रिटेल मे टमाटर 250 किलो तक पहुंच गया है। सहारनपुर की मंडी से जहां पालक गोभी मटर गायब हो गई है वहीं टमाटर के बाद अब नींबू, अदरक, मिर्च के साथ साथ हरा धनिया ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है । आज मंडी में हरा धनिया 200 रुपए किलो तो अदरक 360 रुपए किलो बिक रहा है वहीं हरी मिर्च 180 रुपए बिक रहा । लोकी हो या भिंडी, बैगन सभी सब्जियां 80 से 100 के बीच बिकती नजर आ रही है। गृहणियां असमंजस में है क्या लें और क्या छोड़ दें ।

## राहुल ने मोदी की चुप्पी पर उठाये सवाल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन पर मणिपुर की स्थिति पर खामोशी अख्तियार करने का आरोप लगाया। श्री गांधी ने ट्वीट किया , मणिपुर जल गया। यूरोपीय संघ की संसद ने भारत के आंतरिक मामलों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने इस पर एक शब्द भी नहीं कहा। इस बीच राफेल ने उन्हें बैस्टिल डे परेड का टिकट दिला दिया। गौरतलब है कि कांग्रेस ने मणिपुर में मौजूदा संकट के लिए भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को बर्खास्त करने की मांग की है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**सराहना** › फ्रांस से वापसी में मोदी का संयुक्त अरब अमीरात में शानदार स्वागत

# दोनों देशों के स्थानीय मुद्राओं में व्यापार पर सहमति

- मोदी के सम्मान में शाकाहारी भोज
- कई मुद्दों पर व्यापार की चर्चा हुई
- राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों की सराहना की और कहा कि दोनों देश स्थानीय मुद्राओं में व्यापार निपटाने पर सहमत हुए हैं। बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने के लिए अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद पीएम मोदी ने ये टिप्पणी की। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले साल व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से भारत-यूएई व्यापार में 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार निपटान के लिए शनिवार को हस्ताक्षरित समझौता दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग और आपसी विश्वास को दशार्ता है। यूएई के राष्ट्रपति के साथ अपने संबंधों के बारे में बोलते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से हमेशा एक भाई का प्यार मिला है।

उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति से कहा, जिस तरह से हमारे देशों के बीच संबंधों का विस्तार हुआ है, उसमें आपका बहुत बड़ा योगदान है। भारत का हर व्यक्ति आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूएई में आयोजित होने वाले सीओपी-28 की तैयारी यूएई के राष्ट्रपति के नेतृत्व में चल रही है, और

›› पेज 2 भी देखें





### बुर्ज खलीफा पर तिरंगे का रंग लहराया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अबू धाबी यात्रा से पहले दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा भारतीय तिरंगे के रंग में जगमगा उठी। पेरिस की अपनी दो दिवसीय सफल यात्रा के बाद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी 15 जुलाई को संयुक्त अरब अमीरात की एक दिवसीय यात्रा के लिए अबू धाबी पहुंचे। पीएम मोदी की यात्रा से पहले, दुबई का बुर्ज खलीफा भारतीय तिरंगे के रंग में जगमगा उठा। इसी का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। अब वायरल हो रहा वीडियो एएनआई द्वारा ट्विटर पर साझा किया गया था। क्लिप में, दुनिया की सबसे ऊंची इमारत को भारतीय ध्वज के रंगों में रोशन होते देखा जा सकता है। जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ता है, गगनचुंबी इमारत में पीएम मोदी की तस्वीर भी दिखाई देती है। अंत में प्रदर्शित संदेश में लिखा था, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत है। प्रधानमंत्री इस समय संयुक्त अरब अमीरात की पांचवीं यात्रा पर हैं। हवाई अड्डे पर यूएई के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि वह बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ अपनी बातचीत को लेकर उत्सुक हैं।

इजरायल के चिकित्सकों ने पूरी दुनिया को किया हैरान

## धड़ से अलग सिर को जोड़ बच्चे को बचाया



- कार ने बालक को जोरदार टक्कर मारी थी
- हाडासा अस्पताल में किया गया यह ऑपरेशन
- दुनिया का शायद सबसे जटिल ऑपरेशन था यह

**राष्ट्रीय खबर**

**तेल अबीब:** इजरायल के डाक्टरों के एक ऑपरेशन की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। इस ऑपरेशन में दोनों डाक्टरों को इस बात में सफलता मिली है कि उन्होंने एक वैसे बच्चे को जिंदा बताया है, जिसका सर उसके धड़ से अलग हो गया था।

12 साल का सुलेमान वेस्ट बैंक की सड़कों पर साइकिल चला रहा था तभी एक कार तेजी से आई और उसे टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में सुलेमान का सर धड़ से अलग हो गया। इसमें 12 वर्षीय सुलेमान हसन की दुर्घटना में रीढ़ की हड्डी को सिर से जोड़ने वाली हड्डी खिसक गई। इजरायली डॉक्टरों ने एक दुर्लभ सर्जरी कर सुलेमान की जान बचा ली। ऐसी खबर इजराइल के स्थानीय अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल में प्रकाशित हुई है। उत्साहित पिता ने अपने बेटे को वापस पाने के लिए डॉक्टरों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, जब तक मैं जीवित हूं, मैं आपको धन्यवाद देता रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे इकलौते बच्चे की जिंदगी वापस देने के लिए आपको कैसे धन्यवाद दूं।

कार से टक्कर की जोरदार चोट की वजह से सुलेमान का सर और उसके धड़ के जंक्शन से अलग हो गया। फिर उन्हें हवाई मार्ग से दक्षिण-पश्चिम येरुशलम के ईन केरेम में हाडासा अस्पताल की ट्रॉमा केयर यूनिट में ले जाया गया। आधुनिक

›› पेज 2 भी देखें

वीडियो जारी कर दिल्ली को डूबाने की साजिश का किया खुलासा

## दिल्ली की आपदा मोदी सरकार की ओर से प्रायोजित : आप

- यूपी और हरियाणा की तरफ नहीं छोड़ा पानी
- आईटीओ के जाम गेट खोलने में सेना आयी
- धीरे धीरे घटने लगा है यमुना नदी का जलस्तर

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने शनिवार को एक बार फिर दोहराया कि दिल्ली में आई बाढ़ प्राकृतिक आपदा नहीं थी बल्कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार द्वारा प्रायोजित आपदा है। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज संवाददाताओं से कहा, दिल्ली में आई बाढ़ प्राकृतिक आपदा नहीं, एक प्रायोजित आपदा है। पिछले छह दिनों से दिल्ली में बारिश नहीं हुई है। अगर बारिश के पानी का इंतजाम करने में हमसे कहीं कमी रह जाती, तब बात समझ में आती है। मगर यह कैसे हुआ कि दिल्ली में बारिश ही नहीं हुई और पानी खतरे ने निशान से ऊपर पहुंच गया, सारे रिकॉर्ड टूट गए और दिल्ली में बाढ़ आ गई। असल में यह भाजपा द्वारा प्रायोजित संकट है।

हथिनीकुंड बैराज की वास्तविक स्थिति पर जारी एक वीडियो का हवाला देते हुए श्री सिंह ने कहा, नौ से 13 जुलाई तक हरियाणा में ईस्टर्न और वेस्टर्न कैनाल में पानी नहीं छोड़ा गया। हथिनीकुंड बैराज की लॉगशीट साफ कह रही है कि पानी को ईस्टर्न और वेस्टर्न कैनाल में नहीं छोड़ा गया, बल्कि सारा पानी सिर्फ दिल्ली में छोड़ा गया है। वीडियो में भी सहारनपुर की तरफ जाने वाली नहर को पूरी तरह सूखा बताया गया है। स्थानीय लोगों के हवाले से भी कहा गया है कि आम तौर पर दोनों नहरों से पानी छोड़ा जाता है। यह पहला मौका है जब दोनों नहरों को बंद कर सिर्फ दिल्ली की तरफ पानी छोड़ा जा रहा है। आप सांसद ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और उनकी पार्टी का एक ही मकसद है कि दिल्ली के लोगों को परेशान करो और किसी भी तरह से अरविंद केजरीवाल को बदनाम करो। श्री सिंह ने कहा, जब दिल्ली के जल मंत्री सौरभ भारद्वाज और सोमनाथ भारती ने इस

›› पेज 2 भी देखें

## त्रिपुरा में स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर गांव होंगे



**अगरतला :** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने शनिवार को बंगलादेश से लगने वाली 856 किमी लंबी सीमा पर राज्य के 75 गांवों का नाम बदलकर देश के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखने के मिशन की शुरुआत की। श्री साहा ने आज दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में सीमावर्ती गांव का नाम बदलने के मिशन 75 सीमांत ग्राम क्रांति वीरो के नाम का शुभारंभ किया। उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन के भूले हुए नायकों को याद करने में सक्षम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, देश अब उन गुमनाम नायकों को याद कर रहा है जिन्हें पहले उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद नजरअंदाज कर दिया गया था। हमने सुशासन सुनिश्चित करने के लिए हर परिवार तक पहुंचने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया और पिछले वर्ष 15 अगस्त को हमने लोगों को आजादी के मूल्य के प्रति जागरूक करने को लेकर हर घर में राष्ट्रीय तिरंगे को फहराये जाने के लिए हर घर तिरंगा भी चलाया था। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा बंगलादेश के साथ एक अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है और राज्य सरकार ने यहां के 75 गांवों का चयन देश के स्वतंत्रता आंदोलन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराये जाने को लेकर किया है। जिसकी शुरुआत 12 मार्च 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने का कार्यक्रम इस साल 15 अगस्त तक पूरा कर लिया जायेगा। सीमावर्ती गाँव सभी आठ जिलों में फैले हुए हैं और प्रशासन ने पहले ही राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों और देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान की एक सूची तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि चिन्हित गांवों में केंद्र और राज्य द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन भी सुनिश्चित करेगी, जिसके लिए केंद्र सरकार ने 3.13 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

मिजोरम भाजपा के उपाध्यक्ष ने पार्टी के इस्तीफा दिया

## कहा, केंद्र के इशारे पर चर्चों को तोड़ा गया

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** मिजोरम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उपाध्यक्ष आर. वनरामचुआंगा ने केंद्र और मणिपुर सरकार पर मणिपुर में चर्चों को जलाने का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए अपना इस्तीफा दे दिया है। वनरामचुआंगा के अनुसार, अब तक कुल 357 चर्च, पादरी के क्वार्टर और विभिन्न चर्चों के कार्यालय भवनों को मेइतेई उग्रवादियों द्वारा जलाकर राख कर दिया गया है।

उन्होंने मिजोरम भाजपा प्रमुख को संबोधित एक पत्र में कहा, ईसाइयों और ईसाई धर्म के प्रति आपराधिक अन्याय के इस कृत्य के विरोध में, मैं तत्काल प्रभाव से भाजपा मिजोरम प्रदेश के राज्य उपाध्यक्ष के रूप में अपना इस्तीफा सौंपता हूं। उन्होंने कहा कि न तो मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और न ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चों को जलाने की निंदा करते हुए एक शब्द भी कहा है। चर्चों को जलाए जाने पर केंद्र सरकार की ओर से भी निंदा का एक शब्द नहीं आया है. उन्होंने अपने त्याग पत्र में कहा, इसलिए मेरा मानना है कि मणिपुर में ईसाई चर्चों के बड़े पैमाने पर विध्वंस को राज्य और केंद्र अधिकारियों का समर्थन प्राप्त था। वनरामचुआंगा ने बताया कि मणिपुर की घटनाओं ने भाजपा पर ईसाई विरोधी पार्टी होने के आरोपों को बल दिया है। राज्य के नेताओं के साथ-साथ केंद्रीय नेताओं को भी उपद्रवियों के कृत्यों की निंदा करनी चाहिए थी, और उन्हें पीड़ितों की सुरक्षा या सांत्वना देने के लिए कुछ करना चाहिए। मिजोरम एक ईसाई राज्य है लेकिन कुछ अन्य दल एक ईसाई के रूप में भाजपा की आलोचना करते थे। ईसाई विरोधी पार्टी, जिसने विशेषकर महिला विश्वासियों को प्रभावित

›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › जेनेटिक एडिटिंग का नया कमाल दिखाया वैज्ञानिकों ने

# पेड़ों को भी मन मुताबिक तैयार करने में सफलता

- पेड़ों में फाइबर बढ़ाना सफल हुआ है
- इससे पर्यावरण संतुलन भी बेहतर होगा
- कंप्यूटर मॉडल तैयार कर इसे अंजाम दिया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** पेड़ प्रकृति की देन है। हाल के दिनों में पेड़ों के अस्तित्व और भविष्य पर उठ रहे प्रश्नों के बीच ही जेनेटिक वैज्ञानिकों ने नये किस्म का कमाल कर दिखाया है। नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने चिनार के पेड़ों को लिग्निन के कम स्तर के साथ वंश वृद्धि करने के



लिए सीआरआईएसपीआर जीन-संपादन प्रणाली का उपयोग किया, जो लकड़ी के फाइबर के टिकाऊ उत्पादन में प्रमुख बाधा है, जबकि उनकी लकड़ी के गुणों में सुधार हुआ है। जर्नल साइंस में प्रकाशित निष्कर्ष - कागज से लेकर डायपर तक हर चीज के लिए फाइबर

›› पेज 2 भी देखें

### अध्ययन में परिष्कृत लुगदी उत्पादन मिल मॉडल भी शामिल हैं

शोधकताओं का कहना है कि दिलचस्प बात यह है कि चार से छह जीन संपादन वाले पेड़ों में लिग्निन की अधिक महत्वपूर्ण कमी देखी गई, हालांकि तीन जीन संपादन वाले पेड़ों में लिग्निन की कमी 32% तक देखी गई। एकल-जीन संपादन लिग्निन सामग्री को बिल्कुल भी कम करने में विफल रहा, जिससे पता चला कि मल्टीजीन परिवर्तन करने के लिए सीआरआईएसपीआर का उपयोग फाइबर उत्पादन में लाभ प्रदान कर सकता है। अध्ययन में परिष्कृत लुगदी उत्पादन मिल मॉडल भी शामिल हैं जो सुझाव देते हैं कि पेड़ों में लिग्निन की मात्रा कम होने से लुगदी की पैदावार बढ़ सकती है और लुगदी के प्रमुख उपोत्पाद तथाकथित काली शराब को कम किया जा सकता है, जो मिलों को 40% अधिक टिकाऊ फाइबर का उत्पादन करने में मदद कर सकता है। अंत में, यदि औद्योगिक पैमाने पर पेड़ों में लिग्निन को कम किया जाता है और सी/एल और एस/जी अनुपात को बढ़ाया जाता है, तो फाइबर उत्पादन में पाई गई दक्षता लुगदी उत्पादन से जुड़ी ग्रीनहाउस गैसों को 20 प्रतिशत तक कम कर सकती है।

पूरा शहर ही अब धीरे धीरे नीचे बैठता चला जा रहा है

## कोलकाता के मेयर ने चूहों पर लोगों को आगाह किया

**राष्ट्रीय खबर**



**कोलकाता:** कलकत्ता शहर की जमीन के नीचे रहते हैं। शहर धीरे-धीरे कलकत्ता को खत्म कर रहे है। इनके बारे में खुद कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने चेतावनी दी है। क्या आप जानवर का नाम जानते हैं? हमारा सबसे परिचित चूहा। मेयर ने चेताया कि कैसे वे चूहे कोलकाता को मार रहे हैं। फिरहाद ने कहा, भविष्य में समझ आएगा कि शहर के नीचे चूहे कैसे रह रहे हैं। सूरत एक बार प्लेग से त्रस्त था। अगर हम अभी से नहीं चेते तो कोलकाता में महामारी फैल सकती है। 10-20 साल बाद महामारी आ सकती है।

फिरहाद ने कहा, हम कोरोना डेंगू के बारे में जानते हैं। लेकिन आज से 10-20 साल बाद एक बड़ी महामारी आ सकती है। हो सकता है कि मैं कुर्सी पर न रहूं। लेकिन आपको अभी से योजना बनानी होगी। हल्दीराम के सामने एजेसी बोस रोड पर बहुत सारे चूहे हैं। पहले हम चूहे देखने कर्जन पार्क

›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र



web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### संयुक्त सचिव पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**रांची:** ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। कार्मिक विभाग ने उनके ऊपर लगे आरोपों को देखते हुए यह फैसला लिया है और सेवानिवृत आइएएस अधिकारी रमाकांत सिंह को जांच संचालन पदाधिकारी बनाया है। उनके ऊपर धनबाद नगर निगम में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर रहते हुए धनबाद नगर निगम की जमीन का अक्रिमण हटाने में अनियमितता बरतने एवं ट्रैफिक सिग्नल की खरीद में गड़बड़ी करने का आरोप 2012 में लगा। जांच में प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाये गये। पूरे मामले में डीसी ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी जिसके बाद नगर विकास विभाग ने झाप्रसे सेवा के इस अधिकारी पर विभागीय कार्यवाही चलाने की अनुशंसा कार्मिक विभाग से की थी।

**निर्देश** हेमन्त सोरेन का भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति

# मुख्यमंत्री ने आरोपियों के विरुद्ध जांच के लिए पीई दर्ज करने की दी स्वीकृति

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कोडरमा जिला में शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी और अनियमितता के मामले में आरोपी तदेन जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा पुरेन्द्र विक्रम शाही एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के प्रधान सहायक अजीत कुमार तथा सहायक धर्मेंद्र कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, (एसीबी) हजारीबाग के द्वारा दिनांक 27 जून 2019 को दर्ज आईआर की विस्तृत जांच हेतु पीई दर्ज करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।



कोडरमा जिला अंतर्गत शिक्षक नियुक्ति मामले में तदेन जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा पुरेन्द्र विक्रम शाही द्वारा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मरकच्चो एवं प्रधान सहायक अजीत कुमार और लिपिक धर्मेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, चतरा (प्रतिनियुक्ति अपर समाहर्ता कार्यालय, चतरा) की मिलीभगत से महिलाओं के लिए निर्धारित क्षैतिज आरक्षण का लाभ शिक्षण कार्य के लिए निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र के आधार पर देने, मेधा सूची में अंको की हेराफेरी कर चार अभ्यर्थियों का चयन करने, विज्ञापन की अनदेखी करते हुए नर्सरी शिक्षक प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक /मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का चयन करने, फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक/ मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का चयन करने और विभागीय अनुमति के बिना परीक्षण में सम्मिलित होकर उच्च शिक्षा का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले कुछ पारा शिक्षकों की भी नियुक्ति करने का आरोप है।

इस मामले में एसीबी ने वर्ष 2019 में दर्ज आई. आर. का सत्यापन करने के पश्चात विस्तृत जांच के लिए पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी ।

## सीपीआई और जवाहर लाल नेहरू बस सेवा कर्मचारियों ने नगर निगम का किया घेराव

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीपीआई और जवाहर लाल नेहरू बस सेवा कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से रांची नगर निगम का घेराव सह प्रदर्शन अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर किया गया। घेराव करने से पहले सभी कर्मचारी और कार्यकर्ता सीपीआई राज्य कार्यालय अल्बर्ट एक्का चौक में एकत्रित हुए और फिर 11 बजे राज्य कार्यालय से जिला सचिव अजय कुमार सिंह संरक्षक इम्तियाज अहमद खान अध्यक्ष नीरज सिंह एवम सुरेंद्रनाथ दीक्षित के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया जुलूस मेन रोड शहीद चौक होते हुए रांची नगर निगम की ओर गगनभेदी नारे लगाते प्रस्थान किया ।सभी कार्यकर्ता और बस कर्मचारी नारा लगाते हुए चल रहे थे। दुनिया के मजदूरों एक हो और अपने हक अधिकार के लिए लड़ाई जारी रखेंगे नारा लगाते हुए रांची नगर निगम के मुख्य गेट पर पहुंचे और वहां जाकर 3 घंटे नगर निगम के गेट को पूरी तरह से जाम कर दिया। एवम गेट में तालाबंदी कर दी गई की कोई भी कर्मचारी या आम लोग अंदर नही जा पा रहे थे। नगर निगम की पूरी कार्यशैली कार्य प्रणाली पूरी तरह से ठप हो गया था।दोनो गेट को बंद कर दिया गया था।निगम प्रशासक से मिलने का समय सुनिश्चित नहीं होने पर कार्यकताओं ने आक्रोश व्यक्त किया तब जाकर प्रशासन ने 17 जुलाई को प्रतिनिधिमंडल से मिलने का समय निर्धारित किया तब जाकर घेराव कार्यकर्म स्थगित किया गया।

घेराव में निम्नांकित मांगो को नगर निगम के समक्ष रखा गया जिसमें 2010 से अभी तक दिनांक 15 -7 -2023 तक जो भी कार्य कर रहे कर्मचारियों का वेरिफिकेशन नगर आयुक्त अपनी निगरानी में कराएं'

झारखंड सरकार रांची नगर निगम जवाहर लाल नेहरू का सेवा संचालक एवं संचालित पूरी नियमावली के अनुसार संचालित करें 'सभी बसों में भाड़ा निर्धारित करें , रेट चार्ट लगाए एवं टिकट उपलब्ध कराया जाए ' महिला बस पर महिला कर्मचारी सुनिश्चित कराया जाए। सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान बैंक अकाउंट में किया जाए ।

सुप्रियो भट्टाचार्या ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा

# बाबूलाल मरांडी कहें तो मोरहाबादी में बनवा देंगे कुतुबमीनार : सुप्रियो

- भाजपा कार्यालय के चारों तरफ लगवा देंगे नेट
- कहीं बाबूलाल मरांडी छत पर चढ़ कर कूद न जाएं




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्या ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा। शनिवार को कहा कि भाजपा ने एक ऐसे नेता के हाथों में पार्टी का कमान सौंपा है, जो 2019 के बाद विधायक दल का नेता तक नहीं बन पाया। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि क्या विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दंभ भरने वाली भाजपा के पास संगठन का एक भी व्यक्ति नहीं, जिसके पास प्रदेश अध्यक्ष बनने की काबिलयत है। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर आयातित व्यक्ति को जगह देना पड़ा। 14 वर्षों तक वनवास में रहने वाले बाबूलाल मरांडी ने विगत 7 वर्षों तक पानी पी-पी कर प्रधानमंत्री को कोसने का काम किया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बाबूलाल मरांडी को कोढ़ कहा। यहां तक कहा कि भाजपा ने तीसरी दुनिया से उठा कर केंद्र में मंत्री बनाया। वैसे व्यक्ति को आज प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। ये भाजपा का दिवालियापन है। सुप्रियो ने कहा कि बाबूलाल कहें तो मोरहाबादी में कुतुबमीनार बनवा देंगे। भाजपा कार्यालय के चारों तरफ नेट लगवा देंगे। कहीं बाबूलाल मरांडी छत पर चढ़ कर कूद न जाएं।सुप्रियो ने भाजपा के स्नेह मिलन पर निशाना साधा। कहा कि कितना स्नेह है लोगों के अंदर है, ये गौर करने वाली बात है। भाजपा के लोग आदिवासी सम्मान की बात करते हैं, लेकिन मध्य प्रदेश के सीधी की बात करना भूल गए। आदिवासी के सिर पर पेशाब करने वाले भाजपा के नेता पर बोलना भूल गए। पटना में विधानसभा का घेराव करने वाले भाजपा नेता पुलिस पर मिर्ची का पाउडर फेंकते हैं और लाठीचार्ज होता है। भोपाल में पीएम मोदी एनसीपी को नेशनल करप्ट पार्टी कहते हैं। बिना नाम लिये मुख्य अभियुक्त को महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनाया जाता है। सिंचाई घोटाला, कृषि घोटाला व तमाम घोटाले वाले विभाग का जिम्मा टूटे हुए एनसीपी के पास है।सुप्रियो ने कहा कि भाजपा वाले सिर्फ किस्सा-कहानी सुना रहे हैं। बाबूलाल मरांडी दिल से भाजपाई भी नहीं बन सके हैं। भाजपा के अंदर भी भाजपा है। इनमें पुराना भाजपा, रघुवर भाजपा, अर्जुन भाजपा, जेवीएम भाजपा और एक नया भाजपा भी है, जिसके नेता पिछले दिनों अध्यक्ष थे।

बाबूलाल मरांडी को इसलिए प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया कि जब 2024 में यहां का लुटिया डूब जाएगा। तो इन्हें हटाने में आसानी होगी। फिर किसी बाहरी व्यक्ति को मुख्यमंत्री का चेहरा प्रोजेक्ट किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बनने के पहले दिन ही बाबूलाल को अंदर से डर लग रहा है। बकोरिया गोली कांड, तपकरा गोली कांड और मुरहू गोली कांड पर अब बाबूलाल नहीं बोलेंगे। डोमिसाइल आंदोलन में बाबूलाल मरांडी ने माचिस लगाने का काम किया था। तीन आदिवासी युवकों की मौत हुई थी।

## संसदीय राजभाषा समिति ने किया सीएमपीडीआई का निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप समिति द्वारा शनिवार को सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची का निरीक्षण होटल बीएनआर चाणक्य में किया गया। इस निरीक्षण में समिति के संयोजक डॉ मनोज राजोरिया-संसद सदस्य (लोक सभा), डॉ अमी याज्ञिक-संसद सदस्य (राज्यसभा), कांता कर्दम-संसद सदस्य (राज्यसभा) एवं सरोज पांडेय-संसद सदस्य (राज्यसभा) ने सीएमपीडीआई (मुख्यालय) में राजभाषा कार्यान्वयन और प्रगति का अवलोकन किया तथा राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न दिशा-निर्देश व सुझाव दिए। इस निरीक्षण कार्यक्रम में सीएमपीडीआई (मुख्यालय) की ओर से संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) शंकर नागाचारी एवं विभागाध्यक्ष (कार्मिक एवं प्रशासन) सुमन रस्तोगी उपस्थित रहे। निरीक्षण कार्यक्रम के आरंभ में समिति के संयोजक ने समिति के गठन, उद्देश्य और भूमिका व कार्यों से उपस्थित सदस्यों का अवगत कराया। तत्पश्चात सीएमपीडीआई में राजभाषा कार्यान्वयन और उसके प्रगामी प्रयोग की जांच करते हुए इस पर विस्तृत चर्चा की। राजभाषा निरीक्षण के इस कार्यक्रम में राजभाषा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन सीएमपीडीआई द्वारा किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा राजभाषा प्रदर्शनी में सीएमपीडीआई के स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति द्वारा 13 से जुलाई को रांची और इसके आसपास स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है।




## यूसीसी से आदिवासियों के विशिष्ट अधिकारों का हनन होगा : प्रेमशाही

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आदिवासी जन परिषद की बैठक आज केंद्रीय धूमकुड़िया सभागार करम टोली में हुई। बैठक में मुख्य तौर पर चार बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड, विश्व आदिवासी दिवस, आदिवासी जनपरिषद के सांगठनिक ढांचे को कैसे मजबूत किया जाये और आदिवासियों की जमीन लूट पर वक्ताओं ने विचार रखें। समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) के मसौदे पर बैठक में कहा गया कि देश के विभिन्न स्थानों पर आदिवासी संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि इस कानून के लागू होने से आदिवासियों को मिले विशिष्ट अधिकारों और कानूनों का हनन होगा। झारखंड के आदिवासी भी इससे बुरी तरह प्रभावित होंगे। पांचवीं अनूसची, पेसा कानून, ग्राम सभा को मिले अधिकार, सीएनटी, एसपीटी एक्ट आदि का कोई औचित्य नहीं रह जायेगा। इसलिए आदिवासी नहीं चाहते कि यूसीसी जैसे कानून उन पर लागू हो। बैठक में कहा गया कि इस साल 9 अगस्त को मनने वाले विश्व आदिवासी दिवस पर धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही है। बैठक में अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा, प्रधान महासचिव अभय भुंटकुंवर, रामदेव मुंडा, राजेंद्र मुंडा, जोनिता तिग्गा, डब्लू मुंडा और सुदाम सिंह मुंडा सहित आदि उपस्थित थे।

**समारोह** स्नेह मिलन समारोह में बोले बाबूलाल मरांडी

# बूथ जीतो, झारखंड जीतो और दिल्ली जीतो हमारा लक्ष्य

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर भाजपा ने हरमू रोड स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन कर बाबूलाल का अभिनंदन किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मिशन 2024 हम सब मिलकर फतह करेंगे। इसके लिए हमें सबसे पहले राज्य के सभी बूथ कमेटी का निर्माण पूरा करना होगा। हमारा लक्ष्य बूथ जीतो, झारखंड जीतो और दिल्ली जीतो का है। अगर हम बूथ जीतते हैं तो विधानसभा और लोकसभा जीत सकते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से पार्टी की ओर से चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान को जारी रखने का आग्रह किया। बाबूलाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी योजनाएं तो जनता तक पहुंच रही है, लेकिन बस लोगों को हमें यह बताना है कि जिस योजना का उन्हें लाभ मिल रहा है, वह नरेंद्र मोदी सरकार की है। सरकार की उपलब्धियों को हमें अलग तरीके से परोसना होगा। तभी हमें लाभ मिलेगा। बाबूलाल ने कार्यकताओं सेवा कार्य करने की भी अपील की। कहा कि कार्यकर्ता वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड समेत सभी सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दिलाने में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। राज्य में लुटेरों और डकैतों का गठबंधन हो रहा है। यह 2024 में हमारे सामने बड़ा चैलेंज होगा। झारखंड में कई जगहों पर भाजपा के कार्यकताओं पर हमला हुआ है। कार्यकताओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। अब चुप रहने का समय नहीं है। किसी भी मामले में प्रदेश नेतृत्व का निर्देश मिलने का इंतजार न करें। जिलों के पदाधिकारी, सांसद-विधायक के साथ मिलकर किसी भी मामले पर आंदोलन, धरना प्रदर्शन, पीड़ित परिवारों से मिलने जैसी चीजें के लिए अपने विवेक से निर्णय लें और उसकी सूचना प्रदेश कार्यालय को दे दें। कार्यकर्ता संवेदनशील और जागरूक रहें।




## पेज एक का शेष

### दोनों देशों के स्थानीय मुद्राओं .. ..

उन्होंने कहा कि उन्होंने इस साल के अंत में सम्मेलन में भाग लेने का मन बना लिया है। उनकी बातचीत के बाद, यूएई के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को पूर्ण शाकाहारी भोज के लिए भोज दिया। इससे पहले, पीएम मोदी का यूएई के राष्ट्रपति भवन कसर-अल-वतन में औपचारिक स्वागत किया गया, जहां यूएई के राष्ट्रपति ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। जब प्रधानमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया तो बच्चों को भारतीय तिरंगा लहराते देखा गया। भारत और यूएई व्यापार, निवेश, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, फिनटेक, रक्षा, सुरक्षा और मजबूत लोगों से लोगों के संबंधों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े हुए हैं।

### धड़ से अलग सिर को .. ..

चिकित्सा में सबसे जटिल और शायद सबसे दुर्लभ सर्जरी बिना किसी देरी के शुरू हुई। सर्जरी की लंबी अवधि के बाद सफलता मिलती है। पूरी प्रक्रिया का भार डॉक्टर के कंधों पर था। ओहद ऐनव कहते हैं, सच्चाई यह है कि हम अपने ज्ञान और ऑपरेटिंग रूम में अत्याधुनिक तकनीक के कारण बच्चे को बचाने में सक्षम थे। इसके बिना, हमारा युद्ध व्यर्थ होता। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में असफलता की 50 फीसदी संभावना होती है। लेकिन इस मामले में उल्टा हुआ।अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, यह जटिल सर्जरी पिछले महीने हुई थी। लेकिन डॉक्टर उस वक्त इसे सार्वजनिक नहीं करना चाहते थे। सुलेमान को हाल ही में एक महीने की निगरानी के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों को घटना की जानकारी दी। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि सुलेमान को अभी कुछ और महीनों तक निगरानी में रखा जाएगा। ओहद ने कहा कि सर्जरी के बाद सुलेमान को कोई न्यूरोलॉजिकल समस्या नहीं है। वह बिना किसी मदद के चलने में सक्षम है। सुलेमान के पिता भी अपने बेटे को वापस पाकर कम खुश नहीं हैं। पूरी प्रक्रिया के दौरान उन्होंने अपने बेटे को नहीं छोड़ा। बेटे को लेकर घर लौटते वक्त पिता अपने आंसू नहीं रोक सके। डॉक्टरों को बार-बार धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, जब तक मैं जीवित हूं, मैं आपको धन्यवाद देता रहूंगा। मेरे इकलौते बच्चे की जिंदगी वापस देने के लिए आपको धन्यवाद देने के लिए मुझे शब्द नहीं पता।

### दिल्ली की आपदा .. ..

मामले को उठाया कि किस तरह से सिर्फ एक ही जगह सारा पानी छोड़ा जा रहा है। हमने इस सवाल को उठाया और इसकी चर्चा तेज हुई, तब आनन-फानन में 13 जुलाई को पहले वेस्टर्न कैनाल में पानी छोड़ा गया और उसके बाद ईस्टर्न कैनाल में पानी छोड़ना शुरू किया। उन्होंने एक वीडियो के जरिए दिखाया कि कैसे जो कैनाल पहले सूखी पड़ी हुई थीं, वहां आप द्वारा मुद्दा उठाए जाने के बाद पानी छोड़ा गया है। श्री सिंह ने कहा कि दिल्ली को बाढ़ में डुबाने के पीछे केंद्र सरकार की गहरी साजिश है। प्रधानमंत्री ने देश के पांच राज्यों को बाढ़ग्रस्त छोड़कर फ्रांस जाना जरूरी समझा और अपने नेताओं को एक ही काम देकर गए कि दिल्ली को बर्बाद करने में जो भूमिका निभा सकते हो निभाना।

45 साल का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद, राष्ट्रीय राजधानी से होकर बहने वाली यमुना आज शाम 206.97 मीटर पर आ गई, जबकि दिल्ली के कई इलाकों में बाढ़ आ गई। केजरीवाल ने कहा, आईटीओ बैराज का पहला जाम गेट खोल दिया गया है। जल्द ही सभी पांच गेट खोल दिए जाएंगे। हथिनीकुंड से जल प्रवाह कम होने तथा आईटीओ के गेट खोले जाने के बाद यमुना में पानी का स्तर घट रहा है। अगर बारिश नहीं हुई तो स्थिति जल्द ही सामान्य हो जाएगी। अगर बारिश होती है, तो इसमें थोड़ा अधिक समय लग सकता है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और एक-दूसरे की मदद करने को भी कहा। उन्होंने कहा, बाढ़ का खतरा अभी टला नहीं है। पानी का बहाव बहुत तेज है और जलस्तर कभी भी बढ़ सकता है। कल सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को बुलाया गया क्योंकि आईटीओ और राजघाट सहित मध्य दिल्ली के प्रमुख इलाके पानी में डूब गए। हनुमान मंदिर के बाहर की सड़क, यमुना बाजार, गीता कॉलोनी, सिविल लाइंस में भी भारी जलभराव है। बाढ़ का पानी सुप्रीम कोर्ट और निगम बोध घाट सहित दिल्ली के कुछ श्मशान घाटों तक भी पहुंच गया था।

### कहा, केंद्र के इशारे .. ..

किया है। यह विचार मणिपुर में लागू हो गया है। लोग कह सकते हैं कि भाजपा वास्तव में एक ईसाई विरोधी पार्टी है। एक नियुक्त चर्च बुजुर्ग के रूप में, मुझे अपने लोगों, अपने चर्च के लोगों के विचारों का सम्मान करना होगा। एक चर्च नेता के रूप में, मुझे भाजपा के साथ शामिल नहीं होना चाहिए।

पड़ोसी मिजोरम का प्रमुख मिजो समुदाय मणिपुर के कुकी-जुमी समुदाय के साथ जातीय संबंध साझा करता है। मणिपुर में 41.39 प्रतिशत हिंदू, 41.29 प्रतिशत ईसाई और 8.4 प्रतिशत मुस्लिम हैं। मिजोरम की आबादी में ईसाई समुदाय 87 फीसद से अधिक है। मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद से मिजोरम राज्य के घटनाक्रम पर कड़ी नजर रख रहा है। इसने मणिपुर के 12,000 से अधिक विस्थापित कुकी-जोमी लोगों को भी आश्रय दिया है।

भाजपा मिजोरम में अपना विस्तार करने की कोशिश कर रही है, जहां उसने 2018 के चुनावों में एक विधानसभा सीट जीती थी। इस साल अप्रैल में, राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को हराकर भाजपा मारा स्वायत्त जिला परिषद (एमएडीसी) के लिए ग्राम परिषद चुनाव में विजयी हुई। मिजोरम में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### पेड़ों को भी मन मुताबिक .. .. ..

उत्पादन को हरित, सस्ता और अधिक कुशल बनाने का वादा करते हैं। एनसी राज्य सीआरआईएसपीआर के अग्रणी रोडोल्फ बैरांगौ और वृक्ष आनुवंशिकीविद् जैक वांग के नेतृत्व में, शोधकताओं की एक टीम ने लिग्निन के स्तर को कम करने, कार्बोहाईड्रेट से लिग्निन (सी/एल) अनुपात को बढ़ाने और दो महत्वपूर्ण लिग्निन निर्माण के अनुपात को बढ़ाने के लक्ष्य निर्धारित करने के लिए पूर्वानुमानित मॉडलिंग का उपयोग किया। बैरंगौ और वांग का कहना है कि ये संयुक्त रासायनिक विशेषताएं फाइबर उत्पादन के लिए एक अनुकूल स्थान का प्रतिनिधित्व करती हैं। वे कहते हैं कि, हम अधिक टिकाऊ जंगल बनाने के लिए सीआरआईएसपीआर का उपयोग कर रहे हैं। इन प्रणालियाँ केवल एकल जीन या जीन परिवारों से अधिक को संपादित करने की लचीलापन प्रदान करती हैं, जिससे लकड़ी के गुणों में अधिक सुधार की अनुमति मिलती है।

शोधकताओं ने चिनार के पेड़ों की 174 पंक्तियाँ तैयार करने के लिए सीआरआईएसपीआर जीन संपादन का उपयोग किया। एनसी राज्य ग्रीनहाउस में छह महीने के बाद, उन पेड़ों की जांच में कुछ किस्मों में लिग्निन सामग्री 50 फीसद तक कम हो गई, साथ ही अन्य में सीएल अनुपात में 228 फीसद की वृद्धि हुई।

सहायक प्रोफेसर और निदेशक वांग ने कहा, मल्टीप्लेक्स जीनोम संपादन ऐसे समय में वन लचीलापन, उत्पादकता और उपयोग में सुधार करने का एक उल्लेखनीय अवसर प्रदान करता है जब हमारे प्राकृतिक संसाधनों को जलवायु परिवर्तन और कम भूमि का उपयोग करके अधिक टिकाऊ बायोमटेरियल का उत्पादन करने की आवश्यकता बढ़ रही है। अगले चरणों में यह देखने के लिए निरंतर ग्रीनहाउस परीक्षण शामिल हैं कि जंगली पेड़ों की तुलना में जीन-संपादित पेड़ कैसा प्रदर्शन करते हैं।

### कोलकाता के मेयर ने चूहों .. .. ..

जाते थे। अब शहर के विभिन्न हिस्सों में बहुत सारे चूहे हैं। अब ऐसे चूहे हैं जो टूट रहे हैं। चूहों के कारण ढाकुरिया पुल धीरे धीरे नीचे बैठता जा रहा है। लेकिन कई लोगों ने चूहों को भगाने के लिए हैमलिन की बांसुरी के बारे में सुना है। इस मामले में मेयर ने अन्य सड़कों पर चूहों के प्रजनन को रोकने की बात कही। मेयर ने कहा, दरअसल हमें खाना फेंकने की आदत बदलनी होगी। व्यापार करना, मिठाइयाँ बेचना और खाना नाली में फेंकना। इससे चूहों की समस्या बढ़ती जा रही है।

## बाइक सवार लुटेरों का आतंक, महिला के हांथ से झपटा झोला

**सुगौली,पू.च:** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड से एक महिला का एक लाख रुपया झपटकर बाइक सवार भाग निकले।जानकारी के अनुसार नप के सुगौली गांव निवासी राजकुमार गुप्ता की पत्नी बबिता गुप्ता शुक्रवार को सुगौली बाजार स्थित स्टेट बैंक से एक लाख रुपया निकाली। टेम्पू पर बैठकर स्टेशन रोड के लिए चली। जैसे ही वह टेम्पू से उतर रही थी तभी बाइक पर दो सवार उच्चको ने उसकी झोला को छीन कर स्टेशन चौक की ओर निकले। महिला के द्वारा शोरगुल करने पर लोगो ने उसका पीछा किया।लेकिन वे दोनों तेजी से बाइक से भाग गए। महिला ने बताया कि झोला में एक लाख रुपया,चेक बुक व मोबाइल था। मामले को लेकर महिला ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि आवेदन मिला है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# भारत-नेपाल जिलास्तरीय सीमा समन्वय समिति की बैठक रक्सौल में सम्पन्न

## दोनों देशों के सीमावर्ती जिला के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद



### दोनों देशों की शांति और सुरक्षा के लिए

**अवधेश कुमार शर्मा**

**बेतिया, प च :** जिला अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा समन्वय समिति की बैठक शनिवार को इन्ट्रीगेटेड चेक पोस्ट रक्सौल के सभा भवन में सम्पन्न हुई। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व पश्चिम चम्पारण डीएम दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक डी अमरकेश, पुलिस अधीक्षक बगहा किरण कुमार गोरख जाधव, पूर्वी चम्पारण डीएम सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र, एसएसबी कमांडेंट, 20 वीं, 21 वीं, 44 वीं, 47 वीं, 65 वीं, 71 वीं वाहिनी डिप्टी कमिश्नर, कस्टम, मोतिहारी-रक्सौल, सुपरिटेंडेट, एलसीएस, रक्सौल, मैनेजर, आईसीपी, रक्सौल तथा नेपाल की तरफ से परसा जिला के मुख्य सीडीओ हीरालाल रेग्मी, पुलिस अधीक्षक सशस्त्र पुलिस फोर्स परसा सुमन थपालिया, मुख्य सीडीओ बारा नवराज सापकोटा, पुलिस अधीक्षक सशस्त्र पुलिस फोर्स बारा तोप बहादुर दांगी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में भारत तथा नेपाल दोनों देशों की शांति और सुरक्षा के लिए सीमा पार आपराधिक और आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण, हथियारों और गोला-बारुद की तस्करी के सम्बंध में उचित निगरानी, खुफिया और सूचना इनपुट का आदान-प्रदान सहित लापी (आईसीपी रक्सौल), सीमा शुल्क विभाग, उत्पाद शुल्क, बाढ़ प्रबंधन, आप्रवासन तथा एसएसबी पदाधिकारियों को अपग्रेड करने से सम्बंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। दोनो देश के पदाधिकारियों की बैठक में डीएम पश्चिम चम्पारण बेतिया दिनेश कुमार राय ने सीमा क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने, आपराधिक एवं आतंकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण, बाढ़ नियंत्रण, तस्करी को रोकने तथा अन्य मुद्दों पर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी।

डीएम ने नेपाल के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियो से कहा कि पश्चिम चम्पारण जिला सीमा पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर सजग एवं सतर्क है। एक-दूसरे से समन्वय स्थापित कर आपराधिक, आतंकी, तस्करी गतिविधियों पर अंकुश लगाने का कार्य सतत किया जाता रहेगा।

## दहेज में बुलेट व चैन के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**नरकटियागंज :** नगर के ब्लॉक रोड बरवा में एक विवाहिता को दहेज के लिए घर से निकाल दिये जाने की खबर है। उपर्युक्त मामला में विवाहिता गोल्डेन खातून ने शिकारपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। न्यायालय के आदेश पर दर्ज एफआईआर में बेतिया के करनेमया गाँव निवासी पति मासुम आलम, शौकत अली समेत चार को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि उसका निकाह 2012 में हुआ, निकाह के बाद उसकी दो बेटियां हुई हैं। उसका पति व ससुराल के लोग दहेज में एक बुलेट बाइक और सोने की चेन की मांग का दबाव बनाने लगे। विरोध पर विवाहिता को मारपीट कर बच्चियों समेत घर से निकाल दिया गया है। पंचायती के माध्यम से मामला सुलझाने का प्रयास भी विफल रहा। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नवनीत कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## बेरोजगार युवकों का बैठक सम्पन्न

**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत बलिराम किसान सेवा केंद्र बखरिया में शनिवार के दिन बेरोजगार युवकों की एक बैठक रूपेश कुमार ठाकुर उर्फ बिट्टू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के 29 पंचायतों से आए बेरोजगार युवकों ने बताया कि पहले सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिलता था परंतु सरकार के उदासीन रवैया के कारण सभी बेरोजगार दर-दर भटक रहे हैं सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि सबसे पहले संगठन का विस्तार वार्ड स्तर पर किया जाए लोगों में जन जागरूकता फैलाकर संगठन की मजबूती एकता को बनाए रखने में संकल्पित भावना से कार्य करें अध्यक्षता कर रहे रूपेश कुमार ने 10 बिंदुओं पर फोकस दिया इस मौके पर नरेश कुमार रामबाबू साह संजय कुमार सुदर्शन भारती मुना गिरी रंजीत कुमार पिंटू राय असलम हक्की राजू पासवान बेरोजगार युवक उपस्थित।

## अपहृत किशोरी के साथ अपहर्ता गिरफ्तार

**बलथर, प च :** थाना के बेतिया-मैनाटांड़ मुख्यपथ के माजर पुल के पास से पुलिस ने अपहृत किशोरी समेत उसके प्रेमी को धर-दबोचा है। पुलिस को गुप्त सूचना मिलते ही बाइक समेत पकड़ने में सफलता पाई है। घटना दो जुलाई 2023 की सुबह लगभग तीन बजे की बताई गई है।गिरफ्तार युवक धनकुटवा पंचायत निवासी सुरेश पटेल का पुत्र अभिनेश उर्फ प्रदीप कुमार बताया गया है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि गिरफ्तार प्रेमी को न्यायालय को सौंप दिया गया है।प्रेमिका (किशोरी) को मेडिकल जांच व 164 के बयान को लेकर बेतिया भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में किशोरी के पिता के आवेदन पर एफआईआर दर्ज है। जिसमें 17 वर्षीया पुत्री को शादी की नियत से भगाने का आरोप लगाया।गिरफ्तार प्रेमी के अलावे धनकुटवा गांव के सुरेन्द्र पटेल, गायत्री देवी, नन्दू पटेल, सुजाता देवी व अजय चौरसिया को आरोपी बनाया। जिसमें प्रेमी की ही गिरफ्तारी हो सकी है। किशोरी के बयान पर कार्रवाई की जायेगी।

## प्रखंड प्रमुख व मनरेगा पदाधिकारी में रार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** एक प्रखंड के प्रखंड प्रमुख व मनरेगा पदाधिकारी के बीच वृक्षारोपण योजना को लेकर ठन गई है । जिसको लेकर प्रमुख के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्यों ने बगहा अनुमंडल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को एक ज्ञापन देकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है । प्रखंड प्रमुख बगहा एक चंद्रावती देवी ने बताया के वर्ष 2023 - 24 में कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा बगहा एक के द्वारा पंचायतों में पंचायत समिति सदस्यों से वृक्षारोपण का कार्य नहीं करा रहे हैं । उक्त पदाधिकारी द्वारा कहा जा रहा है कि वृक्षारोपण कार्य में पंचायत समिति सदस्यों का कोई भी अधिकार नहीं है । वृक्षारोपण का कार्य आप सदस्यों के अधिकार क्षेत्र से बाहर है । अगर किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो तो किसी भी पदाधिकारी के पास जाकर उनकी शिकायत कर सकता है । उन्हें उससे कोई डर नहीं है । जिसको लेकर प्रखंड प्रमुख के नेतृत्व में दर्जनों पंचायत समिति सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच करते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है ।

## सीडीपीओ पूनम ने मझौलिया परियोजना में दिया योगदान



**मझौलिया :** समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय में पूर्वी चंपारण जिला के हरसिद्धि प्रखंड से बदल कर आई सीडीपीओ पूनम कुमारी तथा चनपटिया से बदलकर आए प्रधान लिपिक पप्पू कुमार शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। नवागत सीडीपीओ ने बताया कि विभागीय आदेश अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रायोजित कार्यक्रम एवं समय पर केंद्र का संचालन कराते हुए जनप्रतिनिधि से समन्वय स्थापित कर बेहतर व्यवस्था बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। प्रखंड मुख्यालय का कार्यालय संबंधित सभी कामकाज को कर जाने के कर्मियों के साथ आपसी समन्वय बनाते हुए अप टू डेट रखा जाएगा। अगले सप्ताह में सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं पर्यवेक्षिका की एक बैठक की जाएगी। वही प्रधान सहायक पप्पू कुमार शर्मा ने बताया कि अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता, सब के सहयोग से कार्यालय को बेहतर संचालन करने के लिए प्रयासरत रहा जाएगा।

## जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़



**मझौलिया :** थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी ओमप्रकाश सिंह एवं थानाअध्यक्ष अभय कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निबटारे की कोशिश की गई। आयोजित जनता दरबार में अंचल क्षेत्र से आए कई फरियादी अपने मामलों से जुड़े कागजी साक्ष्यों के साथ उपस्थित हुए। अंचलाधिकारी ने बताया कि मामले की सुनवाई के बाद दोनों पक्षों की रजामंदी से न्यायिक बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले का निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि शेष मामलों को अगले जनता दरबार में निष्पादन की कोशिश की जाएगी। सीओ ने कहा कि साधारण भूमि विवादों को निबटारा आसानी से संभव है। इसके लिए दोनों पक्षों को थोड़ी उदारता व ईमानदारी दिखाने की जरूरत है। प्रशासन की कोशिश है कि छोटे मोटे भूमि विवादों का निबटारा कर दिया जाए ताकि यह लड़ाई झगड़े की भविष्य में वजह नहीं बन सके। ऐसे विवादों के निबटारे के लिए लोगों को थाने में आयोजित जनता दरबार का लाभ उठाना चाहिए। मौके पर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अभय कुमार, सीआई राधेश्याम यादव ,अंचल अमीन बिभा कुमारी , विकास कुमार , सहित दर्जनों फरियादी मौजूद थे।

## एक ही घर में मिले दर्जनों सांप दहशत में परिवार

**बगहा :** धनहा थाना क्षेत्र के मधुबनी पंचायत स्थित एक घर से तकरीबन 24 कोबरा सांप मिले हैं। दर्जनों विषधर सांप घर में से निकलने के बाद परिवार उस घर के लोग दहशत में है।जानकारी के अनुसार मधुबनी पंचायत के वार्ड नंबर पांच निवासी मदन चौधरी के घर की सीढ़ी के नीचे सांपों ने अपना डेरा जमाया था। जिससे घरवाले अनभिज्ञ थे। घर के बच्चे रोजाना की तरह खेल रहे थे। इसी दौरान एक सांप उनके नजदीक से गुजरा। सांप को देखकर बच्चों ने शोर मचाना शुरू किया। स्थानीय लोग पहुंचे और सांप को निकालने में जुट गए। सांप तेजी से ड्रेसिंग टेबल के नीचे जाकर घुस गया। लोगों ने ड्रेसिंग टेबल हटाने पर तीन से चार की संख्या में कोबरा सांप को देखा। लोगों में अफरा-तफरी मच गई। फिर स्थानीय सांप पकड़ने वाले नेटूआ को बुलाया गया। सूचना पर पहुंचे नेटूए ने सांपों का रेस्क्यू शुरू किया। जैसे ही रेस्क्यू शुरू हुआ, वहां मौजूद लोग दंग रह गए। दो दर्जन सांपों के अलावा तकरीबन 50 से 60 सांपों के अंडे को भी वहां से निकाला गया है। बताया जा रहा कि घर की सीढ़ी के नीचे ड्रेसिंग टेबल रखा गया था। इसी टेबल के नीचे सांपों ने अपना डेरा बना लिया था। शुक्रवार की शाम से सांपों का रेस्क्यू शुरू हुआ। रेस्क्यू शुक्रवार की रात तक चलता रहा। इधर, इतनी बड़ी संख्या में सांपों को देखकर घर के साथ-साथ पड़ोसी भी डर गए। घरवाले तो डर से घर में सोए तक नहीं ।

## मुखिया ने किया कबीर अंत्योष्टि राशि का वितरण

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली, पू.च. :** प्रखंड के माली पंचायत में मुखिया सुनील सहनी ने कबीर अंत्योष्टि की सहायता राशि का वितरण किया। मुखिया ने सहायता राशि तीन हजार का चेक सुसुमकली देवी, रामावती देवी, शोभा देवी, किस्मतिया देवी सखिया देवी, कलाही खातून, अकली देवी, टेकमन सहनी, रीता देवी, गजमती देवी को दिया। मुखिया ने बताया कि इस योजना के तहत तीन हजार रुपया पीड़ित परिवार को देना है। मेरे द्वारा ससमय वितरण किया जाता है,ताकि गरीब लोगों को कोई परेशानी नही हो। पंचायत में जनहित की कई योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।पंचायत का कोई भी वार्ड सड़क विहीन नही हो। इसके लिए सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पंचायत के चौमुखी विकास के लिए कार्य किया जा रहा है।

## ग्रीन-डे मना कर बच्चों ने किया वर्षा ऋतु का स्वागत

### हरे रंग के वस्त्र में सज्जित बच्चे हरियाली के प्रतीक नजर आ रहे थे

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** वर्षा ऋतु के आगमन पर टेन्डर हट्र्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में ग्रीन डे का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने मिलकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ वर्षा ऋतु का स्वागत किया। हरे रंग के वस्त्र में सज्जित बच्चे हरियाली के प्रतीक नजर आ रहे थे। छोटे बच्चों ने पेड़, भिंडी, गोभी, मिर्च, हरे रंगों के फल जैसे आम, संतरा, अंगूर, अनानाश आदि हरी-हरी वस्तुओ का रूप धारण किया था। इस अवसर पर बच्चे नयनाभिराम प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिए। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया। जिनमें अदिति किशन, शिवान्य (आम), अद्विक कृष्ण, अतुल्य, कृतिवा, श्नाया (पेड़), ऐश्वर्य मुकुंद (संतरा), अद्विक, अनन्या, रियंशी (भिंडी), देवांश, शिवांश, अद्विका, एकता (अंगूर), निरा राज (अनानाश), माहि रंजन (गोभी), तनया अग्रवाल (मिर्च) एवं श्रृष्टि (अवोकेडो) फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विजेता बने। प्रिंसी, प्रकृति, यश, अलका, अनुष्का, अद्वित्य निबंध प्रतियोगिता में विजेता बने। आरुष पाण्डेय और पीहू प्रसून, रिशु अनामिका, निशा, ऋतंभरा और तोषित वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता बने। आराध्य सिन्हा, यश, सक्षम, अल्का, अंशिका, श्रुति ड्राइंग कम्पटीशन में विजेता बने। विद्यालय के निदेशक राजीव भार्गव एवं प्रधानाध्यापिका शिवानी ने प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए बागवानी के नुस्खे व पर्यावरण संरक्षण का गुर सिखया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेवा भार्गव, इशिका, रूचि, दिया, प्रिय आदि शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

## वालमीकिनगर हवाई अड्डा के समीप गंडक नदी का कटाव शुरू

**बगहा :** गंडक नदी के जल स्तर में उतार चढ़ाव होने से वाल्मीकिनगर के ठाड़ी गांव हवाई अड्डा के सामने नदी का कटाव शुरू हो गया है । पानी का भारी दबाव इस बिंदु पर बना हुआ है । जिसकी सूचना जल संसाधन विभाग के विभागीय अभियंता विमल किशोर प्रसाद के द्वारा वरीय अभियंताओं को दी गई है ।जिसके आलोक में मुजफ्फरपुर के मुख्य अभियंता विनय सिंह, अधीक्षण अभियंता नवल किशोर भारती कार्यपालक अभियंता विष्णुदेव पासवान परवाना के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया है । करीब तीन वर्ष पूर्व यहां कटाव रोधी कार्य कराई गई थी। और यह पानी के तेज दबाव के कारण धस रहा है । और गंडक नदी में विलीन हो रहा है। जंगली वृक्ष भी विलीन हो रहा है। गांव के लोग भी भयभीत आया । अभी तक यहां स्थल के बचव में कार्य शुरू नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीणों में रोष है।

## ज्ञान ही एक शक्ति है,जिससे दुनिया को जीता जा सकता है: ममता पालित

### जन शिक्षण संस्थान ने मनाया विश्व युवा कौशल दिवस

**राष्ट्रीय खबर**




**गया :** कौशल प्रशिक्षण जीविकोपार्जन का एक साधन है। अपने आपको आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने के लिए प्रशिक्षित होना जरूरी है। ज्ञान में एक अद्भुत शक्ति होती है, ज्ञान ही एक शक्ति है जिससे आप दुनिया को जीत सकते हैं। उक्त बातें विश्व युवा कौशल दिवस सह जन शिक्षण संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व विधायक जयकुमार पालित की आठवीं पुण्यतिथि समारोह को संबोधित करते हुए जन शिक्षण संस्थान की अध्यक्षा सह शिक्षाविद ममता पालित ने उपस्थित अनुदेशक, अनुदेशिकाऐ एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि ज्ञान के अभाव के कारण समाज में लड़कियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। अगर लड़कियां आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनेगी तो वे प्रताड़ना का शिकार होने से बच सकती हैं। उन्होंने अपने पिता पूर्व विधायक को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके अधूरे सपने को पूरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय गीत, भजन, गायन कर सबका मन मोह लिया। इस दौरान सहायक कम्प्यूटर ऑपरेटर के 50 सफल लाभार्थियों के बीच ममता पालित द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. ऋतु रानी, रविन्द्र कुमार सिन्हा, बलिराम कुमार ने भी स्कील के विभिन्न पहलुओं पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## बेहतर कार्य को लेकर नर्स को किया गया सम्मानित

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी पीएचसी में एनसीडी कार्यक्रम के तहत बेहतर काम करने वाले एक नर्स को प्रभारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है । पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि 40 वर्ष से अधिक के उम्र वालों को मधुमेह, ब्लड प्रेशर ,हृदय रोग ,कैंसर रोग, यक्ष्मा कि बेहतर जांच करने वाली एएनएम प्रीति कुमारी को पीएचसी में बैठक के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है । पीएचसी के पोषक क्षेत्र में यह जांच प्रक्रिया चलाई जाती है । और बेहतर कार्य नर्स के द्वारा करने के उपरांत सम्मानित किया गया । नर्स किरण कुमार,रीना कुमारी,बेबी कुमारी, चिकित्सक डॉ सुनील गुप्ता, डाटा एंट्री ऑपरेटर मणिशंकर सिंह,लैब टेक्नीशियन आरसी शर्मा आदि ने नर्स को बधाई दिया है ।

## चौथे दिन आशा कार्यकताओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

## टीकाकरण न करेंगे न करने देंगे : चमेली

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली, पू.च. :** नौ सूत्री मांगों को लेकर आशा कार्यकताओं ने 12 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शनिवार को हड़ताल के चौथा दिन आशा चमेली देवी ने बताया की टीकाकरण का डब्बा उठने नहीं देना है। टीकाकरण मेरा काम है हम न करेंगे न करने देंगे। डीयू लिस्ट सर्वे रजिस्टर जो मेरा हैं नहीं देंगे। उन्होंने कहा इमरजेंसी सेवा को छोड़ कर पूरा अस्पताल ठप रहेगा। जितना काम दिया गया है।हम सभी को काम के हिसाब से उचित पैसा नही मिल रहा है। जब तक सरकार हमारी 9 सूत्री मांगों को नही मान लेती है तब तक हम सभी इसी तरह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे। मौके पर सुनिता देवी, मिकी कुमारी, उंतिमा कुमारी, नूरजहां खातुन, आशा देवी, रमावती देवी, सहित कई मौजूद रहे।

## अकिलूर रहमान बने जदयू सलाहकार समिति के सदस्य

**फेनहारा :** जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रखण्ड के हाजी मो. अकिलूर रहमान को प्रदेश जदयू के राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किये है। मनोनीत किये जाने पर जदयू के नेताओं और कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए है। बधाई देने वाले में एमएलसी बीरेंद्र नारायण यादव, जिला अध्यक्ष मंजू देवी, पूर्व विधायक शिवजी राय, सुबोध पटेल, मोख्तार आलम, यमुना राम, आकाश गुप्ता, रंजीत कुमार, रमेश तिवारी शामिल थे।

## जनता दरबार में तीन मामलों का निपटारा



**सुगौली, पू च :** स्थानीय थाना में लगे जनता दरबार में शनिवार को पांच मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान थाना क्षेत्र के छेगराहा के चंद्र किशोर झा और आमोद कुमार झा के बीच के जमीनी विवाद की सुनवाई की गई। छपरा बहास के अरविंद कुमार तिवारी और त्रिभुवन पांडे के बीच के आए जमीनी विवाद सहित कुल 5 मामलों की सुनवाई की गई। सुनवाई के बाद प्रभारी अंचलाधिकारी सह राजस्व पदाधिकारी नेहा कुमारी ने बताया कि जनता दरबार में सुनवाई के लिए कुल पांच मामले आए। जिसमें से सुनवाई के दौरान तीन मामलों का निपटारा कर दिया गया। उन्होंने ने बताया कि दो मामलों की सुनवाई अगली तारीख को की जाएगी। जनता दरबार में अपनी जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर आने वाले लोगों के बीच मामलों का समाधान आपसी समझौते से कराने का प्रयास किया जाता है। सुनवाई के दौरान थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा मौजूद रहे।

## ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉलेज के प्रांगण में भव्य सेमिनार आयोजित

**पटना :** ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉलेज ने कौशल विकास दिवस पर आज कौशल विकास पर एक सेमिनार का आयोजन किया। सत्र के मुख्य अतिथि टैक्स फॉर वेल्थ के राज्य प्रमुख दिनेश कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथि गण द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात पुष्प गुच्छ से संस्थान के प्राचार्य राज किशोर शरण, डीन एकेडमिक्स नयन रंजन सिन्हा, और एचआर हेड सुरभि कुमारी ने मुख्य अतिथि दिनेश कुमार का स्वागत किया। सत्र की शुरूआत प्राचार्य के स्वागत भाषण तथा डीन श्री सिन्हा का उद्घाटन भाषण हुआ। मुख्य अतिथि ने आत्म-अनुशासन और प्रबंधन पर बहुत ही संवादात्मक ढंग से ध्यान केंद्रित किया। धन्यवाद ज्ञापन एचओडी कंप्यूटर साइंस विवेक कुमार और एचओडी मैनेजमेंट कुमार गौरव ने किया। सत्र का संचालन बीसीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा सिद्दी कुमारी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए निदेशक इंजीनियर सुधांशु कुमार ने संस्थान के सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## शहर >> अपडेट

### दीपक बने जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य

**डेहरी आन सोन (रोहतास) :** जदयू के विभिन्न प्रकोष्ठों का दायित्व निर्वहन कर चुके दीपक निषाद को पार्टी का प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। अपने मनोनयन पर सीएम नीतीश कुमार समेत पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए श्री निषाद ने कहा कि एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए पार्टी के विश्वास पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास किया हूं। बधाई देने वालों में जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष धीरज चौधरी, राजद प्रदेश महासचिव कलावती चौधरी, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जुनैद अंसारी, जदयू के वरिष्ठ नेता डाक्टर निर्मल कुशवाहा, समाजसेवी गुड्डु चंद्रवंशी, कृष्णा पटेल, पूर्व वार्ड पार्षद तुलसी चौधरी, भगवान वेदव्यास के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष भरत चौधरी, बजरंग जिम के संचालक संजय चौधरी, अमल चौधरी, समाजसेवी राजेश चौधरी, देवराज चौधरी, वार्ड पार्षद सोनू चौधरी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# पटना में कार्यकर्ताओं पर पुलिसिया बर्बरता के खिलाफ भाजपा ने दिया धरना

## आगामी चुनाव में चाचा-भतीजा की विदाई तय:डॉ प्रेम

### सरकार के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने जमकर लगाए नारे

राष्ट्रीय खबर



**गया :** भारतीय जनता पार्टी गया जिला की ओर से बीते दिनों पटना में पुलिस द्वारा विधानसभा मार्च के दौरान पार्टी कार्यकताओं पर बर्बरता पूर्ण तरीके से पीटे जाने एवं जहानाबाद के जिला मंत्री की मौत पर जिला मुख्यालय एवं प्रखंड में एकदिवसीय धरना गांधी मैदान गेट नंबर 5 पर दिया गया। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह गया शहर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ये चाचा भतीजा की सरकार गूंगी बहरी सरकार है। ये किसी की बात नहीं सुनने वाली सरकार है। ये सरकार लोकतंत्र की हत्या करने वाली सरकार है,जिस तरह शांति पूर्वक पैदल मार्च पर नीतीश कुमार के इशारे पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करवाया गया लगता हैं कि बिहार में इमरजेंसी लगाई गई है भाजपा कार्यकर्ता लाठी गोली से डरने वाली नहीं है। भाजपा का एक एक कार्यकर्ता खून देकर इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। 2024 और 2025 में बिहार से चाचा-भतीजा की बिदाई तय है।औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि शांति पूर्वक विधान सभा पैदल मार्च का जो रूट दिया गया था। उसी रूट पर नेता,कार्यकर्ता शांति मार्च कर रहे थे। किसी तरह का कोई व्यवधान नहीं हुआ अचानक पुलिस द्वारा लाठी चार्ज कर पीटा गया। किसी को कुछ समझ नहीं आया नीतीश कुमार एवं तेजस्वी यादव द्वारा सोची समझी साजिश कर घटना को अंजाम दिया गया।जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू सिंह ने अपने संबोधन में कहा की जिस तरह शांति पूर्वक विधान सभा पैदल मार्च पर लाठी चार्ज कर गया जिला से हजारों कार्यकर्ता पटना में जाकर पैदल मार्च में शामिल होकर इस निक्कमी सरकार को जो उखड़ फेकने का जो संकल्प लिया है। धरना को संबोधित करने वाले में पूर्व सांसद हरि मांझी,पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा,संतोष सिंह,राजेश चौधरी,अनिल शर्मा,मुकेश शर्मा जिला उपाध्यक्ष युगेश कुमार, अजय कुमार तन्नी,अनुज कुमार ,गजेंद्र दास,सम्फूल देवी,गोपाल प्रसाद यादव, रंजन कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,नीमा देवी,धर्मेंद्र यादव,बंदना कुमारी आकाश गिरी,प्रशांत कुमार, राहुल रंजन यादव, रौशन पटेल,देवानंद पासवान, डॉ करुणा सिंह,रामप्रवेश सिंह,रूपेश वर्मा, जेड खान,संजीत कुमार,रंजीत सिंह,अमित लोहनी, अमर यादव, कमल बारिक टिंकू गोस्वामी,शभू यादव,गौतम कुशवाहा,सहित सैकड़ों की संख्या में धरना में शामिल हुए।

## सड़क किनारे बाजार लगने से बाधित हो रहा आवागमन, दुर्घटना की आशंका

**बगहा/चौतरवा :** प्रखंड बगहा एक के परसौनी चौक पर साप्ताहिक बाजार सप्ताह में दो दिन लगता है सोमवार व शुक्रवार को सेंट्रल बैंक के सामने ये दोनों दिन का बाजार मेन रोड एनएच 727 के सड़क किनारे ही लगता है जिसके चलते सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ।चार पहिया वाहनों व दो पहिया वाहन व पैदल बाजार पार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आपको बता दे की छोटी बड़ी घटनाएं होती रहती हैं।और बाजार में घंटों तक आवागमन बाधित हो जाता है।वही मझौवा पंचायत के मुखिया रुदल मुसहर ने बताया कि कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से इस समस्या को लेकर आवाज भी उठाया गया किंतु अभी तक कोई इसका कोई निदान नहीं निकला ।कई बार बाजार लगाने वाले लोगों से भी कहा गया कि बाजार सड़क से दूर लगाया जाय।किंतु बाजार लगाने वाले मनमानी कर रहे हैं।ताकि घटना से बचा जा सके।वही मुखिया ने कहा कि प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए ।अगर कोई बड़ी घटना घटित होती है।तो इसका जिम्मेवार सिर्फ प्रशासन की होगी।

## बिहार सरकार के विरूद्ध प्रखंड क्षेत्र में भाजपा ने मनाया काला दिवस

**राष्ट्रीय खबर मधुबनी:** भाजपा जब द्वारा मनाया जा रहे काला दिवस पर मधुबनी मंडल सहित बाल्मीकिनगर विधान सभा के सभी प्रखंडों में भाजपा कार्यकताओं ने नीतीश सरकार के विरोध में नारे लगाते हुए कहा कि हत्यारी नीतीश सरकार इस्तीफा दो, नीतीश सरकार हाय हाय, गुंडागर्दी खत्म करो।तदनोपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन पत्र सौंपा.इस दौरान जिला महिला अध्यक्ष विजया सिंह ने पत्रकारों के समक्ष कहा कि जिस तरह से नीतीश कुमार के गुंडों ने पुलिस के वर्दी में विधान सभा घेराव के दौरान लाठी चार्ज में बर्बरता के साथ जहानाबाद के जिला महामंत्री विजय कुमार सिंह को मौत के घाट उतारा है. इसे कभी माफ नहीं किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरी शांति के साथ बिहार के नीतीश सरकार का विरोध किया जा रहा है। वही महिलाओं के साथ जिस तरह की लाठी भांजी गयी है। जिसमें सैकड़ों कार्यकताओं को चोटें आयी है। यह प्रकरण सोची समझी साजिश के तहत पिटाई के साथ हत्याकांड किया गया है। जोर देकर सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि नीतीश कुमार पर 302 का मुकदमा दायर किया जाय.तथा इनके पिछले हत्याकांड में संलिप्तता की अविलंब रूप से सीबीआई से जांच की जाय। जंगलराज पार्ट 2 कहे जाने वाले तथ्यों को इस सरकार ने सही साबित दिखाया है. जनता सब देख रही है.2024 की लोकसभा तथा 2025 के विधानसभा के चुनावों में लाठी का जवाब दिया जायेगा. इस कांड के अभियुक्त को फांसी दे देना चाहिए। इस दौरान हरेंद्र गुप्ता, धनजंय पांडेय, चंद्रभूषण सिंह, संतोष कुमार, भोला गुप्ता, निर्गुण गड्डी उमेश सिंह भागीरथी गुप्ता सुरेश जायसवाल अशोक सिंह अशोक गुप्ता ईश्वर चंद्र चौबे सभी लोग मौजूद थे।

पौधरोपण के साथ अभाविप युवा सप्ताह का समापन

नरकटियागंज : स्थानीय टीपी वर्मा कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना का हीरक जयंती वर्ष (75 वां स्थापना दिवस) पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर एबीवीपी नरकटियागंज इकाई ने राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर पौधा रोपण किया। निलेश वर्मा के नेतृत्व में नगर मंत्री आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि 09 से 15 जुलाई तक युवा सप्ताह मनाया जा रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के युवा सप्ताह के अंतिम दिन पौधारोपण किया गया। अभाविप दुनिया का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक छात्र संगठन है। जिसमें विद्यार्थी शिक्षक के साथ कार्य करते है। आदित्य वर्णवाल ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए।मौके पर कुमार मंगलम, किशन ब्याहुत, आदित्य मिश्र, मेराज आलम, नगर मंत्री आशीष कुमार गुप्ता, कुमार मंगलम, आदित्य मिश्रा, किशन ब्याहुत, विशाल तिवारी, कुमार कार्तिकेय, शिवसागर कुमार, मेराज आलम, फैयाज अंसारी, नरेन आलम, अंकित कुमार, अनुराग कुमार, विनय राज गिरी की उपस्थिति रही।

## येलो डे पर बच्चों ने जाना पीले रंग का महत्व, पीले परिधान में दिखे मनमोहक

### सुख और समृद्धि का प्रतीक है पीला रंग

राष्ट्रीय खबर



**गया :** सर्वे ऑफिस के निकट आरंभिक प्ले हाउस में येलो डे धूमधाम से मनाया गया। सभी बच्चे येलो ड्रेस में बहुत ही मनमोहक दिख रहे थे।कोई आम तो कोई केला, पपीता, सूर्यमुखी और सूरज की आकृति पहने नजर आ रहे थे। निदेशक विनीत कुमार और सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि पीले रंग का संबंध गुरु बृहस्पति से माना जाता है,जो हमारे जीवन में सुलभ मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि पीला रंग सुख और समृद्धि का भी प्रतीक माना जाता है। प्रचार्या अलका सिंह और व्यवस्थापक मृगांक सिंह ने भी यह बताया कि पीला रंग रोशनी का भी प्रतीक माना गया है। इस विश्व को प्रकाशित करने वाले भगवान सूर्य भी पीले रंग के होते हैं। इस तरह पीला रंग बहुत कुछ कहता है। सभी शिक्षकों ने भी शिक्षिकाओं ने भी बच्चों से येलो डे पर थंब प्रिंटिंग, कोलाज कट एंड पेस्ट जैसे एक्टिविटीज के द्वारा येलो पीले रंग का महत्व बताते हुए फल फूल सब्जियों की स्पेलिंग भी याद करवाया और यह भी बताया आम सभी फलों का राजा है और इसका भी रंग पीला होता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूपम सिन्हा, ज्योति, स्नेह लता, मितु, आरती, वैष्णवी, गुलिस्ता एवं डांस टीचर गौतम ने बच्चों के साथ येलो येलो एवं छोटा बच्चा आदि गानों पर डांस करके इस कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। येलो डे पर बच्चों ने खूब मस्ती की और पीले रंग के महत्व को समझा।

## बंधुआ मजदूर नही बना तो कर दी गयी पिछड़े के बेटे की हत्या : अनिल

### 24 घंटे के अंदर पीड़ित परिवार को नही मिला न्याय तो आंदोलन तय

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** सोनपुर प्रखंड के सैदपुर गांव के ऑटो चालक राजा पटेल की पिछले दिनों हुई हत्या मामले को लेकर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में पार्टी की टीम मृतक के गांव पहुंची। तथा, शोकाकुल परिवार से मिलकर उनका हाल जाना और आर्थिक मदद की। वहीं श्री कुमार ने कहा की प्रशासन और बिहार की सरकार पूरी तरह से सामंतवादी विचार धारा के लोगों एवं मनुवादियों के आगे नतमस्तक है। ऐसे में सरकार कैसे चलेगी, यह स्पष्ट करना होगा? नीतीश कुमार अपनी कुर्सी संभालने में लगे रहेंगे, चाचा भतीजा अपनी कुर्सी संभालने में रहेंगे, बीजेपी अपनी कुर्सी हथियाने में लगी रहेगी। सोनपुर के सैदपुर गांव में पिछड़े के बेटे राजा पटेल की हत्या इसलिए कर दी जाती है कि वो सामंतवादी और मनुवादी विचार धारा के लोगों के यहां वह मजदूरी करने को तैयार नही था। एक विशेष जाति के लोगों द्वारा रॉड से पीट पीट कर गरीब के बेटे की हत्या कर दी जाती है, मृतक के पत्नी, पिता, भाई सहित पूरे परिवार को पीट पीट कर अधमरा कर दिया जाता है, पिता और भाई का सर फोड़ दिया जाता है जिसमें उनको 25 टांका लगता है, उन्हें भी जान से मारने के का प्रयास किया जाता है। और यहां की सरकार और यहां की प्रशासन बिल्कुल सोई रहती है। पिछड़े परिवारों के लिए बना सार्वजनिक शौचालय में दबंगों द्वारा ताला मार दिया गया है, चापकल बंद कर पानी तक पीना बंद कर दिया गया है। बहुजन समाज पार्टी पिछड़ों, अति पिछड़ों और दलितों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा की बहुजन समाज पार्टी पिछड़ों, अति पिछड़ों, दलित, शोषित लोगों के हक की लड़ाई बहन मायावती के नेतृत्व में लड़ रही है और लड़ती रहेगी। मौके पर प्रदेश महासचिव संजय मंडल, प्रदेश महासचिव अमर आजाद, प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश, प्रदेश सचिव विनोद कुमार, राजा यादव इत्यादि मौजूद थे।

## सैमसंग गैलेक्सी एम-34 5जी की बिक्री शुरू

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** सैमसंग की अत्यधिक सफल गैलेक्सी एम सीरीज में सबसे नया स्मार्टफोन, गैलेक्सी एम34 5जी बिकना शुरू हो गया है। इसकी विशेषताएं स्टाइलिश डिजाइन, शक्तिशाली बैटरी, और शानदार परफॉर्मेंस हैं। गैलेक्सी एम34 5जी में 50 मेगापिक्सल (ओआईएस) नो शेक कैमरा एवं फ्लैगशिप नाईटोग्राफी फीचर के साथ 120 हट्र्ज. 6.5ह्लह्ल फुल एचडी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले है, जो काफी अच्छा व्यूईंग अनुभव प्रदान करता है। इसमें लंबे समय तक ब्राउज़िंग, गेमिंग और बिंज-वॉचिंग के लिए 6000 एमएएच की बैटरी दी गई है, और पॉवर-पैक्ड परफॉरमेंस के लिए इसमें सुपर-एफिशियंट 5 नैनोमीटर एक्सिनोस 1280 चिपसेट लगा है। इसमें अनेक आकर्षक फीचर्स हैं। इसमें वॉईस फोकस फीचर वॉईस और वीडियो कॉल्स के दौरान बैकग्राउंड नॉईज को कम कर देता है, इस स्मार्टफोन में सैमसंग वॉलेट और सर्वश्रेष्ठ, डिफेंस ग्रेड सुरक्षा के लिए नॉक्स सिक्योरिटी है, जिसके कारण यह ग्राहकों की पसंद बन गया है। इसके अलावा ग्राहकों को ज्यादा खुशी देने के लिए सैमसंग चार जनरेशन के ऑपरेटिंग सिस्टम अपडेट और पाँच साल के सिक्योरिटी अपडेट्स प्रदान कर रहा है, ताकि यूजर्स को कई सालों तक लेटेस्ट फीचर्स एवं बेहतर सुरक्षा मिलते रहें। यह तीन खूबसूरत रंगों, मिडनाईट ब्लू, प्रिज्म सिल्वर और वॉटरफॉल ब्लू में उपलब्ध गैलेक्सी एम34 5जी अमेजॉन, सैमसंग.कॉम और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर मिलेगा।

## यक्ष्मा मुक्त प्रखंड बनाने पर किया गया विचार-विमर्श

राष्ट्रीय खबर



**रीगा :** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पंचायत सरकार भवन के सभाकक्ष में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष विजेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें यक्ष्मा मुक्त प्रखंड बनाने पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में उपचार प्राप्त कर रहे टीबी मरीजों को निश्चय मित्र बनाकर न्यूट्रेशन सहयोग देकर मदद करने पर विचार विमर्श किया गया। डीपीसी संजय कुमार, एसटी एस श्याम बाबू पासवान, एस टी एल एस गणेश कुमार ने बताया कि सर्वप्रथम बभनगमा गणेशपुर पंचायत को टीबी रोग मुक्त पंचायत बनाने का निर्णय लिया गया है। यह बीमारी लाइलाज बीमारी नहीं है। समाज में इस बीमारी के प्रति फैले दुष्प्रचार को बुद्धिजीवियों के माध्यम से प्रसारित किया जा सकता है। ताकि कोई भी बीमार व्यक्ति इस बीमारी से भयभीत न हो। सभी प्रकार के बीमारी से ग्रसित लोगों से नफरत न कर सके। तथा इसके लिए युद्ध स्तर पर काम भी प्रारंभ किया जा रहा है। उपस्थित मुखिया कमलेश साह, रीगा प्रथम पंचायत के मुखिया प्रतिभा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि उमेश बैठा ने बताया कि टीवी मरीजों को हर संभव पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में निश्चय मित्र बनकर न्यूट्रेशन सपोर्ट किया जाएगा। ताकि रीगा प्रखंड टी वी बीमारी से मुक्त प्रखंड हो सके।

## लाठीचार्ज के विरुद्ध भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**रीगा :** विगत दिनों शिक्षक आंदोलन के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा मार्च के दौरान पटना में हुए लाठीचार्ज एवं कार्यकताओं की पिटाई के विरोध में प्रखंड मुख्यालय के द्वार पर मंडल भाजपा की ओर से धरना एवं विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम शनिवार को किया गया। मंडल भाजपा उत्तरी के अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ गोलू की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन हुआ। जिसमें शहीद विजय सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं में संजीव कुमार चौधरी, रमेश प्रसाद सिंह, अरुण कुमार सिंह, दिलचंद्र प्रसाद, रामबाबू प्रसाद, कुनकुन माझी, पवन कुमार साह आदि ने अपने संबोधन में बिहार सरकार को तानाशाही सरकार की संज्ञा दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मुदार्बाद के नारे लगाए गए।

## पुलिस को देख बाइक छोड़ फरार हुआ चोर

**बगहा/चौतरवा:** आए दिन बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। हालांकि पुलिस द्वारा कई बार बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश भी किया जा चुका है। बाइक चोरी का ताजा मामला बगहा पुलिस जिले में आ रही पटखौली थाना क्षेत्र से चोरी की बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 22 एजी 8098 होंडा लीवो ले कर भाग रहे चोर ने पुलिस पुलिस को देख बाइक को छोड़कर फरार हो गया। यह मामला शुक्रवार की देर रात 1:00 बजे की बताई जा रही है। जहां एक साथ रखें 3 बाइक चोरी करके भाग रहे थे। कुछ दूरी पर पेट्रोल खत्म हो गया। दो बाइक को छोड़कर एक लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना विभिन्न थानो को दी गई। सूचना पर पुलिस ने बाइक चोर को पकड़ने के लिए जांच शुरू कर दिया । इसी जांच के क्रम में पुलिस बलों के साथ चौतरवा थाना के एएसआई वाल्मीकि प्रसाद बगहा बेतिया मुख्य मार्ग एनएच 727 के बुधईया बाजार के समीप वाहन जांच करना शुरू कर दिया। जिसमें बाइक चोरी कर ला रहे चोर ने पुलिस की गाड़ी को देख लिया और दूर से ही बाइक छोड़कर भाग निकला। चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि चोरी की बाइक लेकर चोर थाना क्षेत्र के और से गुजरने वाले हैं । जिसके आलोक में गस्ती दल को सूचित कर कार्यवाही की गई है।

## रिलायंस डिजिटल ने पटना में खोला अपना सातवां स्टोर



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** देश के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स प्लेटफार्म रिलायंस डिजिटल ने शनिवार को एसपी वर्मा रोड में अपने सातवें स्टोर का शुभारंभ किया। स्टोर का उद्घाटन वरीय गायनोकोलॉजिस्ट डॉ. विनीता सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने रिलायंस डिजिटल के सभी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि यह स्टोर इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खरीदारी के लिए उपयुक्त है। वहीं रिलायंस डिजिटल के वरीय अधिकारी ने बताया कि यह पटना का सातवां और राज्य का सोलहवां स्टोर है। ग्राहकों को सामान कि खरीदारी पर इस पुरे महीने 10 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जाएगी। हम शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को आसान फाइनेंससुविधा दे रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक खरीदारी का लाभ उठा सकें। मौके पर सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## नीतीश को सांप-बिच्छू डसेगा, उन्हें कीड़ा पड़ेगा : भागीरथी देवी

## लाठीचार्ज से रंज भाजपा नेता व कार्यकताओं ने मनाया काला दिवस

### हेड इंजुरी रहते हुए हार्ट बता रही सरकार, स्पीकर पर लगा पक्षपात का आरोप

राष्ट्रीय खबर




**बगहा :** पटना में हुए लाठीचार्ज पर भाजपा दल के कार्यकर्ता और नेता आक्रामक मूड में है। जिसको लेकर स्थानीय पार्टी कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, विधायक राम सिंह, रामनगर विधायक भागीरथी देवी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने प्रेस को संबोधित किया। जहानाबाद के नेता विजय सिंह के मौत पर राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि सरकार उनकी, अस्पताल उनकी है, डॉक्टर उनके हैं। रिपोर्ट तो कुछ भी बनवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हार्ड अटैक बताया जा रहा है जबकि हेड इंजुरी है। वहीं रामनगर की विधायक भागीरथी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार के द्वारा महिलाओं को पिटवाया गया। नीतीश कुमार को सांप डसेगा, बिच्छू डसेगा उन्हें कीड़ा पड़ेगा। विधायक राम सिंह ने कहा कि बिहार में अघोषित आपातकाल लग गया है। इसका असर सड़क से सदन तक देखने को मिल रहा है। विधायकों को घसीट-घसीट कर बाहर निकाला जा रहा है। स्पीकर एकतरफा काम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान जितने भी अधिकारी और पुलिस वाले लगाए गए थे सभी आरजेडी माइंडेड थे। उन सभी लोगों का नेम प्लेट देखा हमने। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जया शर्मा राय, नेता पंकज झुनझुनवाला, विजय साहू, अमरेश श्रीवास्तव, रौशन तिवारी, नागेंद्र साहनी, नंदकिशोर राम, शैलेश दुबे, सुजीत चौरसिया, अजय राय शर्मा, आशुतोष मालवीय, अमित पांडेय, प्रमोद राम शामिल रहें।

## भाजपा कार्यकताओं का एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना संपन्न

**डेहरी :** नगर थाना चौक के सामने भाजपा कार्यकताओं ने एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ज़िला प्रवक्ता डॉ प्रो कन्हैया सिंह ने कहा कि पटना में शांतिपूर्ण मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओ पर बिहार सरकार की बर्बरता पूर्ण पुलिसिया लाठीचार्ज से मौत और घायल होने के विरोध में मुख्यमंत्री नितीश कुमार और उप मुख्यमंत्री के खिलाफ एक दिवसीय धरना दिया जा रहा है। धरना की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे एवं संचालन डेहरी नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने किया। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िला महामंत्री प्यारेलाल ओझा उपस्थित थे। जिला महामंत्री ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है। वर्तमान बिहार सरकार बिहार के लोगों तथा संविधान की गला घोट रही है। इसका विरोध करना अति आवश्यक है। बिहार की जनता वर्तमान सरकार की नीति एवं नियत को समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में निरंकुश सरकार को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। धरना में सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रदेश कार्यसमिती सदस्य सह पूर्व ज़िला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ. भोला सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह, विवेक सिंह, ज़िला प्रवक्ता प्रो कन्हैया, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिती सदस्य बबल कस्यप, डेहरी नगर अध्यक्ष संजय संजय गुप्ता,अकोढ़ी गोला मंडल अध्यक्ष शशिभूसन राय, रोहतास मंडल अध्यक्ष विशाल देव सिंह, तिलौथू मंडल अध्यक्ष विनोद कुशवाहा, नगर महामंत्री प्रभात शेखर सिंह, कुंवर सिंह, नगर मंत्री पुतुल सोनी, पिंटू सोनी, भोला लालदास, गुड्डू विश्वकर्मा, अमित कुमार, विकास जयसवाल, विजय कुमार, निर्दोष पांडेय, उदय कुशवाहा विनोद सिंह, अरविंद दुबे, प्रेमचंद कुशवाहा, रमाकांत दुबे, सत्येंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा, मनीष सिंह, रोहित राज सिंह, पूर्व जिला उपाध्याय परमहंस वरिष्ठ, सुनील कुशवाहा, शेखर, पिंटू सोनी, अशोक सोनी, रोहित रंजन सिंह, चंदन चौबे, नमामि गंगे जिला संयोजक महेंद्र ओझा, नारायण चौधरी, महेंद्र पासवान, वसंत प्रसाद, चंदन चौबे, चंदन कश्यप, मनीष कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### तेनुघाट अधिवक्ता संघ की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट** : तेनुघाट अधिवक्ता संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में अधिवक्ता संघ भवन में हुई । बैठक में संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि कल झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं बोकारो के जिला के क्षेत्रीय न्यायाधिपति माननीय आनंद सेन आ रहे हैं । जिनके स्वागत में संघ के सदस्य गण मौजूद रहेंगे । मौके पर राजीव कुमार तिवारी,तपन कुमार दे सहित अन्य अधिवक्तागन मौजूद थे ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बासल** :सुनीता देवी,उम्र 40 वर्ष पति ज्वाला प्रसाद यादव, हनुमानगढ़ी पंचायत पतरातू प्रखंड निवासी आवास संख्या एफ 191 निवासी ने देर शाम पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर में बुजुर्ग सास ससुर थे। पति प्राइवेट कंपनी में रांची में कार्य करता है। मृतिका के बच्चे ने जब देखा तो वह आसपास में शोर मचाया जिसके बाद लोग पहुंचे और मृतक को फंदे से नीचे उतारा। इस संदर्भ में पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने कहा कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसकी छानबीन की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता जल्दी लगा लिया जाएगा।

### चक्का जाम की तैयारी में जुटे विप्रसंस के सदस्य

**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति की बैठक स्थानीय लइयो मंजूर भवन में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक कि अध्यक्षता व संचालन जगरनाथ महतो ने किया। विप्रसंस बैनर तले 08 जुलाई 2023 को झारखंड उत्खनन परियोजना प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा गया था। इसमें आदर्श उच्च विद्यालय लईयो से पीट आफीस तक जर्जर सड़क का निर्माण करने, लइयो वासियों को स्थाई रूप से जलापूर्ति की व्यवस्था करने, केदला सबस्टेशन से लइयो सब स्टेशन तक ग्यारह हजार बिजली प्रवाह न होकर झारखंड सब स्टेशन से लइयो सब स्टेशन से जोड़ने जैसे मांगे शामिल है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ई व्हीकल शोरूम का हुआ उद्घाटन

**गिद्दी** : गिद्दी सी-नयामोड़ मुख्य मार्ग पर डाडी प्रखण्ड मुख्यालय के समीप ई व्हीकल मोटरसाइकिल शोरूम का उद्घाटन किया गया।झा मु मो के केन्द्रीय सदस्य राज कुमार महतो,डाडी बीडीओ संतोष गुप्ता, डाडी सीओ निशांत अंबर, 20 सूत्री अध्यक्ष लखनलाल महतो, जीप सदस्या डाडी भाग 2 श्रीमती पिंकू देवी द्वारा किया गया। ई व्हीकल बाइक बाजार में विश्वसनीय शोरूम इस क्षेत्र में नहीं था,इसकी कमी और क्षेत्र के लोगों की मांग को देखते हुए उक्त शोरूम का उद्घाटन किया गया। इसके उद्घाटन के पूर्व शो-रूम में विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर अपने संबोधन में संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय के समीप बाइक बाजार में ई व्हीकल शोरूम नहीं रहने से ग्राहकों में इसकी कमी खल रही थी। अब यहां के ग्राहकों को पूरा रेंज में मिलेगा। वही डाडी मुखिया ने कहा कि गिद्दी सी में ई व्हीकल शोरूम का खुलना बाजार में लगातार हो रहे विकास का बेहतर संकेत है। इन नई कंपनियों के बाजार में आने से लोगों को बेहतर विकल्प मिलता है। वहीं बाजार का भी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि नए उद्यमियों को इसके लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर शोरूम के संचालक राजेश महतो व दिलीप सर को बधाई भी दिए। मौके पर गिद्दी ख मुखिया उषा देवी, टोंगी मुखिया रिंकी देवी, हेसलोंग मुखिया आर के ठाकुर, मैनेजर अनिल कुमार, शिव जी बेसरा,बैजनाथ मिस्त्री, जन्मेजय सिंह, ताज मोहम्मद, महेश ठाकुर, बीपीएम मुरलीधर महतो, पंचायत सचिव लालबहादुर महथा, शक्ति बेदिया, गोपाल राम, रंजित महतो सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

समारोह

बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के उपलक्ष्य में

# भाजपाइयों ने स्नेह मिलन समारोह में की शिरकत



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू**: शनिवार को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के उपलक्ष्य में स्नेह मिलन समारोह रांची कार्यक्रम में बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्यासी दुर्गा चरण प्रसाद के मार्गदर्शन में दर्जनों कार्यकर्त्ता गाजे बाजे एवं पूरे हर्ष के साथ रांची कार्यक्रम स्थल पर उपस्थिति हुए। मौके पर भाजयुमो पतरातू मंडल महामंत्री अंबर कुमार ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी में काफी उत्साह का माहौल है साथ ही प्रदेशवासियों को पूरा भरोसा है कि श्री मरांडी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा एवं विधान सभा में बीजेपी संपूर्ण झारखंड में अपना विजय परचम लहराएगी। क्योंकि आज भी राज्य की जनता उनके 28 महीनों का कार्यकाल की सराहना करती है। मौके पे मुख्य रुप से उपस्थित भाजयुमो पतरातू अध्यक्ष गणेश ठाकुर ने कहा झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कुशल नेतृत्व में हेमंत सोरेन की भ्रष्ट एवं लूट खसोट की सरकार जो चल रही है उसे उखाड़ फेंकने का भी काम किया जाएगा आने वाले समय में झारखंड की जनता इसी उम्मीद में है। मौके पर इरफान खान, रमेश सिंह, प्रदीप महतो, त्रिलोकी गिरी, बबलू कुमार, संजय साहू, अरुण कुमार, राज कुमार, अनिल खेरवार, मालती देवी, ओमप्रकाश यादव, राम प्रवेश गुप्ता, आदि शामिल रहे।

---

राजकीय मध्य विद्यालय मुरपा में

## नव नामांकित बच्चों का किया गया उत्साहवर्धन



राष्ट्रीय खबर

**कुजू** : राजकीय मध्य विद्यालय मुरपा में रुआर कार्यक्रम के अंतिम दिन नव नामांकित बच्चों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच गुब्बारे और मिठाइयां बांटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी ने कहा कि आज हमारे विद्यालय में नव नामांकित बच्चों का स्वागत किया गया जिसमें रुआर कार्यक्रम के तहत सभी वर्गों में कुल 81 नए बच्चों का नामांकन किया गया है जो हमारे क्षेत्र और विद्यालय के लिए गौरव की बात है। मौके पर कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी ,उप मुखिया कुमारी नीलम ,पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, एसएमसी अध्यक्ष रामलाल मांझी ,सुरेंद्र सिंह ,अशोक कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद थे।

---

## अनंदा सेन ने मुख्यालय तेनुघाट व्यवहार न्यायालय का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : अनुमंडल के मुख्यालय तेनुघाट व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण शनिवार को झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अनंदा सेन ने किया। इस दौरान प्रधान जिला जज बोकारो रंजना अस्थाना सहित कई न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के पश्चात अधिवक्ता संघ तेनुघाट द्वारा अधिवक्ता भवन में न्यायधीश श्री सेन का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। इस दौरान न्यायधीश अनंदा सेन और जिला सत्र न्यायाधीश बोकारो रंजना अस्थाना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर श्री सेन ने कहा कि संघ के द्वारा कई समस्याएं रखी गई है। जिसमें गवाहों के बैठने की व्यवस्था, महिलाओं के कॉमन रूम, शौचालय, अधिवक्ताओं के लिए कुर्सी, स्थायी डिस्पेंसरी, कैंटीन सहित अन्य मांग शामिल है। उन्होंने वर्णित समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा एससी, एसटी, पोकसो, मुंशीफ एवं व्यावसायिक कोर्ट के संबंध में मुख्य न्यायाधीश को अवगत करवाकर तेनुघाट कोर्ट में लाने की प्रयास किया जाएगा। संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने स्वागत भाषण के क्रम में न्यायधीश से मांग किया कि तेनुघाट व्यहवार न्यायालय में न्यायिक पदाधिकारी की कमी है, उसे पूरा करने की मांग की। मौके पर अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दीपक कुमार साहू सहित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, अधिवक्ता एसएन डे, प्रबोध कुमार महथा, बीएन पोद्दार, रामविश्वास महथा, टीएन महतो, सुभाष कटरियार, सब्बीर अंसारी, महुआ कारक, पुष्पलता, संजय कुमार सहित कई अधिवक्ता उपस्थित थे. संचालन मजधर जॉनी ने किया। वहीं विधि व्यवस्था में बेरमो एसडीओ अंनत

---

## स्वच्छता एवं स्वास्थ्य किट का वितरण किया गया



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /गोमिया** : ओ.एन.जी.सी , सीबीएम,परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से स्वयं सेवी संस्था प्रगति सेवा आश्रम बोकारो के द्वारा गोमिया प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय गोमिया के छात्राओं के बीच ओएनजीसी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य किट का वितरण किया गया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रभारी प्रचार्य अंबुज कुमार ने की। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि आदित्य जौहरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया।
इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदित्य जौहरी ने कहा इस विद्यालय के अनुशासन ,प्रबंधन एवं बच्चियों की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। ओर कहा कि ओ .एन. जी .सी. द्वारा भविष्य में इस विद्यालय में हर कार्य करने की आश्वासन दिया। वही प्रगति सेवा आश्रम के सचिव प्रमिला शंकर ने कहा कि साफ - सफाई हेतु ओएनजीसी,परिसम्पति बोकारो एवं स्कूल परिवारों की और से आभार प्रकट करते है कि स्वच्छ्ता पखवाड़ा की तहत इस विद्यालय को चिन्हित कर स्वास्थ्य किट छात्राओं के बीच वितरण करने का मौका मिला इस विद्यालय मे क्लास 9 से 12 तक छात्राओं ने भाग लिया।जिसकी संख्या लगभग 700 छात्राओं को स्वास्थ्य किट दिया गया एवं साथ ही साथ पौधा रोपण भी किया गया। मौके पर ओ एन जी सी बोकारो के महिला समिति टीम रचना जौहरी, सोनाली कुमारी, बबिता कुमारी, मौमिता मंडल, रेखा सिंह उपस्थित थे।

---

गोमिया के लोयला इंग्लिश मीडियम स्कूल के

## 34 बच्चों को मिला प्रधानमंत्री से प्रशंसा पत्र



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /गोमिया**: गोमिया के लोयला इंग्लिश मीडियम स्कूल के 34 विद्यार्थियों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सुझाव देने के लिए पीएमओ से शुक्रवार को प्रशंसा पत्र मिला है। पीएमओ द्वारा भेजी गई इस प्रशंसा पत्र में लिखा है कि अगले 25 वर्ष भारत का अमृत कालखंड होगा। जिसमें समृद्ध भारत के लिए पंच प्राण की सिद्धि का संकल्प लेकर भारतवर्ष को एक भव्य विकसित व समर्थ राष्ट्र की निर्माण की बात कही गई है। प्रधानमंत्री से विद्यालय के 34 बच्चों को प्रशंसा पत्र मिलने के बाद विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर सेरिन, विद्यालय के सचिव फादर सिरियक जोसेफ सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के इस सफलता पर बधाई दी है। प्रशंसा पत्र पाने वालों में नीतीश कुमार सिंह, रोहित कुमार, एंजेल एलेन,अमन कुमार, दीपिका कुमारी, विवेक कुमार चौहान,अजीत कुमार,राजू प्रसाद, पूनम, कविता कुमारी, दीपक कुमार, प्रिंस कुमार, मो. हाफिज, सना परवीन, नवीन कुमार, आशुतोष कुमार, श्रुति कुमारी, पंकज यादव, मोहसिन कमल आदि विद्यार्थी हैं।

---

रोमांच

कराटे सीखने और सिखाने के लिए उम्र की कोई पाबंदी नहीं

# 8 और 10 साल के नन्हे कराटेकार वंश और नमन में दे रहे हैं मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग

- बच्चों से प्रॉमिस करवाया कि वे अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें
- सारे बच्चे काफी रोमांचित नजर आए



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू** : पतरातु के रहने वाले सीनियर राष्ट्रीय कराटे कोच सेंसी विकाश पाठक अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता की देखरेख में जहां एक ओर सीनियर ब्लैक बेल्ट रविशंकर कुमार, उदित कुमार एवं सिद्धार्थ प्रसाद स्कूलों में कराटे की ट्रेनिंग दे रहे हैं वहीं दो नन्हे सीनियर कराटेकार वंश पाठक एवं नमन पाठक रांची के स्कूलों में बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाते नजर आ रहे हैं। सेंसी विकाश पाठक मानते हैं कि कराटे सीखने और सिखाने के लिए उम्र की कोई पाबंदी नहीं। इसी सिलसिले में रातू पिर्रा स्थित संत जीएस स्कूल एवं काठी टाँड़ स्थित ग्लोबल किड्ज स्कूल में इन दोनो नन्हे सीनियर कराटे कारों के द्वारा बच्चों को कराटे की ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही इन दोनों बच्चों ने स्कूल के बाकी बच्चों से प्रॉमिस करवाया कि वे अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें।
जिस तरह हम लोग बाहर का खाना और फास्टफूड नहीं खाते हैं आप भी उसी तरह अपने खानपान में सुधार करें ताकि आप भी इंटरनेशनल खिलाड़ी और इंटरनेशनल विजेता बन सके। बच्चों को आत्मरक्षा के कई तकनीकों से इन दोनों ने रूबरू कराया। इन दोनों की प्रैक्टिस देख स्कूल के प्रिंसिपल सहित सारे बच्चे काफी रोमांचित नजर आए। इन दो नन्हे कराटे कारों से ट्रेनिंग लेकर सबने दांतो तले उंगली दबा ली।

---

### रात में मनाया बेटे का जन्मदिन, सुबह फांसी लगाकर की आत्महत्या



**बेरमो** : तेनुघाट न्यू मार्केट निवासी 35 वर्षीय रितेश गुप्ता ने अपने आवास में 15 जुलाई की सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। वह प्राइवेट वाहन का चालक था। हादसा के समय उसकी पत्नी घर पर ही थी। रितेश के पिता उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि रात को रितेश के बड़े बेटे का बर्थडे था। इस अवसर पर आसपास के लोगों को बुलाकर मिठाई भी खिलाई। इसी बीच पति और पत्नी के बीच कुछ कहासुनी हो गई। इसके बाद रात को ही रितेश अपने निजी कार्य से चचेरे भाई दीपक गुप्ता के साथ हजारीबाग चला गया। सुबह करीब पांच छह बजे वह घर वापस लौटा. लेकिन रात का विवाद खत्म नहीं हुआ था। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया और फांसी के फंदे पर झूल गया। आनन-फानन में परिजन उसे फंदे से उतारकर तेनुघाट अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पुलिस भी पहुंची। तेनुघाट ओपी के एसआई प्रशांत कुमार ने लोगों से पूछताछ के बाद शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### प्रतिष्ठित शिशु विकास विद्यालय में मासिक बैठक सम्पन्न



**बेरमो** : बेरमो के प्रतिष्ठित विद्यालयों में शामिल संडे बाजार स्थित शिशु विकास विधालय +2 हाई स्कूल में शनिवार को शिक्षक-शिक्षिकाओं की मासिक बैठक सम्पन्न हुई । जिसकी अध्यक्षता विधालय के प्रधानाचार्य आर ए सिंह तथा संचालन शिक्षक मो असलम द्वारा किया गया । बैठक में वगार्कार पठन- पाठन की समीक्षा की गई। पठन- पाठन को अधिक रूचिकर बनाने के लिए विशेष विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मौजूदा वर्ष में वर्ग आठ, नौ तथा दशम वर्गो के शत प्रतिशत रिजल्ट होने पर सभी ने खुशी जाहिर की। हाल में विधालय में कम्प्यूटर शिक्षा में सुधार, स्मार्ट क्लासेस में वाई- फाई कनेक्शन करके बच्चों को अत्याधुनिक शिक्षा से जोड़कर पढाई कराने के प्रयास को भी सराहा गया। शिक्षकों ने विधालय में बेहतर शिक्षण के अपने कर्तव्य को दोहराया। बैठक में वरीय शिक्षिका श्रीमती रम्भा सिंह, ममता सिन्हा, उमा वर्मन, तनुजा खातुन, पूजा वर्णवाल, भावना कुमारी, नीलम देवी, पूजा कुमारी, शैयद सरफराज हुसैन, रूपेश केशरी, शतीश्वर गोप, संजीव कुमार, आदि शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती रम्भा सिंह ने किया।

### विस्थापित महिला मोर्चा ने जीएम को सौंपा ज्ञापन



**बेरमो /कथारा** : विस्थापित महिला मोर्चा ने 14 जुलाई शुक्रवार को सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक से मिलकर ज्ञापन सौंपा। प्रबंधन को चेतावनी दी कि कथारा क्षेत्र में स्लरी रोड सेल में यदि महिलाओं को भागीदारी नहीं मिली, तो 17 को रोड सेल का चक्का जाम किया जायेगा। मोर्चा की अध्यक्ष कांति सिंह ने कहा कि पहले विस्थापित महिलाओं को स्लरी लोडिंग में हिस्सेदारी मिलती थी, लेकिन अब इसे बंद कर दिया गया है। इस मुद्दे पर कई बार सेल चलाने वाले ठेकेदारों व अधिकारियों से बात हुई, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं की गई। विवश होकर मोर्चा की महिलाओं को आंदोलन की राह पकड़नी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कथारा, बांध, सरहचिया पंचायत और दामोदर नदी के किनारे बसी महिलाओं को रोड सेल से एक गाड़ी दी जाती थी, लेकिन रोड सेल के दबंगों ने गाड़ी भी बंद कर दी है। दबंगों की इस हरकत से सैकड़ों महिलाएं लाभ से वंचित हैं। मौके पर हस्त लदनी मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश रविदास, सचिव राजेश रजवार, कोषाध्यक्ष रामेश्वर यादव, संगठन सचिव शमशेर आलम, मोर्चा की रमणी देवी, शांति देवी, तारा देवी, गुंजा देवी, शेरू निशा, चिंता देवी, मुन्नी देवी सहित अन्य महिला शामिल थीं।

### विधानसभा की सड़को पर अब दो करोड़ की डिफेंडर कार सरपट दौड़ेगी



**बेरमो /फुसरो** : भाजपा नेता एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने विश्व प्रसिद्ध डिफेंडर (ऊीील्लीी१) कार खरीदी एवं परिवार के साथ पूजा अर्चना किया। विदित है कि इस कार की कीमत 2 करोड़ रुपए है। दिलचस्प बात ये है कि प्रकाश कुमार सिंह की सभी गाड़ियों का नंबर 1947 है जो हमारे देश की आजादी का वर्ष है। बेरमो विधानसभा की सड़को पर अब दो करोड़ की डिफेंडर कार सरपट दौड़ेगी।

### हुंडई शोरूम पर नई एसयूवी एक्सटर कार का हुआ लांच

**बेरमो** : हुंडई इंडिया लिमिटेड की नई एसयूवी फुसरो स्थित श्री हुंडई शोरूम पर नई एसयूवी एक्सटर कार की शुक्रवार को लांचिंग हुई। जिसका उद्घाटन एसबीआई के चीफ मैनेजर श्रीमति सुनीता राय ओर फुसरो स्थित एसबीआई के चीफ मैनेजर बीरेंद्र कुमार के द्वारा फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्री हुंडई प्रवर्तको को नई एसयूवी एक्सटर कार की सफलता के शुभकामनाए देते हुए कहा कि यह वही नए आयाम बनाएगी जैसे हुंडई की अन्य कारों ने बनाया हैं। इस मौके पर हुंडई शोरूम के सेल्स मेनेजर मनोज कुमार चौबे, टीम लीडर तपन रॉय विद्युत सरकार ,रूपेश पांडेय, मृत्युंजय पांडेय ने बताया की इस एसयूवी एक्सटर की बुकिंग शुक्रवार से शुरू हो गई है। इस अवसर पर श्रमिक नेता विकास सिंह सहित नागेंद्र तिवारी, आर एस तिवारी, गुड्डू दुबे ,असीम प्रकाश, कुबेर सिंह, सोनू सिंह, लालू चौबे ,बिट्टू तिवारी, संजय सिंह, मनोज सिंह, अनूप कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



रंजीत तिवारी
स्थानीय संपादक(बिहार)

आंकड़ों की बाजीगरी के माहिर खिलाड़ी नीतीश कुमार को पलक झपकते ही अपनी सारी गोटियां सेट करने का महारत हासिल है। वे ऐसे हीं नहीं आठ बार मुख्यमंत्री का सपथ ले चुके हैं। हालांकि, इधर वे लालू प्रसाद राजद के हस्तक्षेप से असहज जरूर हुए थे, लेकिन समय रहते लालू की सूझबूझ ने सबकुछ संभाल लिया।

# चिंगारी कोई भड़के तोह सावन ..

कुपित हुए सरकार, युवराज अब नहीं बनेंगे महाराज ! पलटी मारने का खिताब अपने नाम कर चुके नीतीश कुमार का खास है सावन कनेक्शन

***चिंगारी कोई भड़के***
***तोह सावन उसे बुझाये***
***सावन जो अगन लगाये***
***उसे कौन बुझाये***
***ओ उसे कौन बुझाये***
***पतझड़ जो बाग उजाड़े***
***वोह बाग बहार खिलाये***
***जो बाग बहार में उजड़े***
***उसे कौन खिलाए***
***ओ उसे कौन खिलाए***



यह प्रसिद्ध गाना हिन्दी फिल्म अमर प्रेम में आंनद बक्षी के गीतों को किशोर कुमार ने अपना लय दिया था, जो बिहार के मौजूदा हालात पर इन दिनों बिल्कुल फिट बैठ रहा है। दरअसल, बिहार की राजधानी पटना और आषाढ़ की भीषण गर्मी में विपक्षी एकता की पहली बैठक ने सियासी पारा को हाई कर दिया था। जिसे नॉर्मल करने के लिए कांग्रेस की तरफ से 12 जुलाई को शिमला की ठंडी वादियों दूसरी बैठक निर्धारित की गई, जो आपसी तालमेल नहीं बैठने के कारण स्थगित कर दी गई। यह बैठक अब 18 जुलाई को निर्धारित की गई है, लेकिन उसके स्थागित होने की अबतक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। इससे पहले ही एकता बैठक के सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजद व लालू कुनबा से बेहद रंज दिख रहे थे, जो मानमनौव्वल के बाद थोड़े शांत जरूर हुए हैं लेकिन स्थिर नहीं। दोनों पार्टियों के बयान वीर एक दूसरे पर हमलावर हैं। हालांकि, पहले यह उम्मीद थी, कि 4 जुलाई से सावन की बारिश ने सियासी गर्मी को ठंडक देगा। लेकिन, अबतक उम्मीद के विपरीत होता हीं दिख रहा है। नीतीश कुमार अंतरात्मा की आवाज, राजगीर प्रवास और उनकी विश्वसनीयता पर सवाल तथा अपनी कुर्सी पर नजर बर्दाश्त नहीं करते हैं, चाहे वह कोई भी क्यों नहीं हो। शायद इसी को भांपते हुए राजद सुप्रीमो व तेजस्वी ने सभी विधायक व विधान-पार्षदों के साथ मोबाइल जमा कर एक हाई लेबल मीटिंग की। जिसका निष्कर्ष यह था कि आप यदि राजद में तो यह भूल जाएं कि मुंह में जबान भी है, बिल्कुल चुप्पी साधे रहें। अन्यथा, पार्टी स्तर पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद मानमनौव्वल हो गया और सरकार अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

आंकड़ों की बाजीगरी के माहिर खिलाड़ी नीतीश कुमार को पलक झपकते ही अपनी सारी गोटियां सेट करने का महारत हासिल है। वे ऐसे हीं नहीं आठ बार मुख्यमंत्री का सपथ ले चुके हैं। हालांकि, इधर वे लालू प्रसाद राजद के हस्तक्षेप से असहज जरूर हुए थे, लेकिन समय रहते लालू की सूझबूझ ने सबकुछ संभाल लिया। पुत्र को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर देखने के लिए लालू ने हर जोर का आजमाइश किया। जो शुरूआत में तो असरदार दिख रहा था, लेकिन बाद में नीतीश के आगे धराशायी हो कर रह गया। शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर से शुरू हुआ विवाद मुख्यमंत्री नीतीश और केके पाठक के समक्ष सरेंडर करने के बाद अब थम गया है। हालांकि, यह काम बिगड़ रही स्थिति के नजाकत को ससमय समझने वाले लालू प्रसाद के इशारों पर ही हुआ था। लालू ने अन्दरखानों में यह स्पष्ट कर दिया कि मुख्यमंत्री की कुर्सी से हमलोगों को कोई मतलब नहीं है, बस आप बाल-बच्चों को इस बार नहीं छोड़िएगा। इस अध्याय के बाद बिहार की राजनीतिक उथल-पुथल शांत है। इन सब प्रकरणों को गंभीरता से देखें तो विधायकों की लिहाज से बिहार में तीसरी स्थान पर रहने वाली जदयू के मुखिया नीतीश कुमार का कद पहली स्थान पर है।

राजद एक साजिश के तहत किसी भी कीमत पर नीतीश कुमार को दिल्ली में उलझा कर अपना उल्लू सीधा करना चाहती थी। उनके मंसूबे पर भी पानी फिरता नजर आ रहा है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के चार्जशीटेड होने के बाद बिहार में 2017 जैसे हालात बन गए हैं। सीबीआई ने लैड फॉर जॉब्स मामले में लालू-राबड़ी के साथ तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया है। तब से कयास लगाया जा रहा है कि बिहार में सरकार की स्थिति डावांडोल है। इसे सावन से भी जोड़कर देखा जा रहा है। वैसे नीतीश कुमार सावन कनेक्शन खास है, इसी महीने में वे अक्सर पलटी मरते हैं। साल 2017 हो या 22, सावन में ही नीतीश कुमार ने सियासी पलटी मारकर सरकार गिराई और बनाई थी।

# मीना कुमारी का किरदार निभायेगी कृति सैनन!

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन सिल्वर स्क्रीन पर ट्रेजडी क्वीन मीना कुमाी का किरदार निभाती नजर आ सकती है। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा बतौर निर्देशक बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। चर्चा है कि मनीष मल्होत्रा, मीना कुमारी की बायोपिक के साथ अपना डेब्यू करेंगे। कहा जा रह है कि इस फिल्म को भूषण कुमार की टी-सीरीज प्रोड्यूस करेगी। चर्चा है कि इस बायोपिक में कृति सैनन, मीना कुमारी का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिलहाल फिल्म स्क्रिटिंग स्टेज पर है और इसके बाद फिल्म कास्टिंग की जाएगी। इसके बाद मीना कुमारी की जिंदगी पर बन रही बायोपिक शूट होगी। सेनन ने 2014 में तेलुगु मनोवैज्ञानिक एक्शन थ्रिलर 1: नेनोक्कडाइन से अभिनय की शुरूआत की , जिसमें उन्होंने महेश बाबू के किरदार की प्रेमिका की भूमिका निभाई । इस भूमिका के लिए उन्हें समुद्र में फिल्माए गए एक्शन दृश्यों में भाग लेना था; उसने कहा है कि इस अनुभव से वह घबरा गई क्योंकि वह तैरना नहीं जानती थी।

सिफी के समीक्षकों ने उनकी सुंदरता पर ध्यान दिया और उनकी अभिनय क्षमता को प्रोत्साहित किया। नेनोक्कडाइन का पहला शेड्यूल पूरा करने के बाद , सैनन को हिंदी फिल्म हीरोपंती के लिए साइन किया गया । नवागंतुक टाइगर श्रॉफ के साथ एक्शन फिल्म ; उन्होंने अपना समय दोनों फिल्मों के बीच बांटा। ट्रेड जर्नलिस्ट तरण आदर्श का मानना है कि सैनन में एक स्टार की झलक है, हीरोपंती एक व्यावसायिक सफलता के रूप में उभरी। सैनन ने हीरोपंती के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित महिला का फिल्मफेयर पुरस्कार और स्टार डेब्यू ऑफ द ईयर - फीमेल का आईफा पुरस्कार जीता ।



अगले वर्ष, सैनन की दूसरी तेलुगु फिल्म क्राइम ड्रामा दोहचाय में रिलीज हुई , जिसमें उनके सह-कलाकार नागा चैतन्य थे । उन्हें अगली बार रोहित शेट्टी की एक्शन कॉमेडी दिलवाले में वरुण धवन , शाहरुख खान और काजोल के साथ लिया गया, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक बन गई , जिसने 3.72 बिलियन से अधिक की कमाई की। दुनिया भर अनुपमा चोपड़ा ने फिल्म को नापसंद किया और लिखा कि सैनन और धवन चारे के रूप में काम करते हैं, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण युवा वर्ग को लाना है। एक साल तक स्क्रीन से गायब रहने के बाद, सैनन ने मैडॉक फिल्म्स के निमार्ता दिनेश विजान के साथ मिलकर उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म राब्ता (2017) में काम किया, जिसमें उन्हें और सुशांत सिंह राजपूत को स्टार-क्रॉस प्रेमी के रूप में दिखाया गया था। एक तीखी समीक्षा में, सुकन्या वर्मा ने फिल्म को शर्मनाक रूप से मूर्खतापूर्ण करार दिया, लेकिन सैनन की प्रतिमाजनक, उत्साही उपस्थिति पर ध्यान दिया। फिल्म व्यावसायिक रूप से असफल रही। अश्विनी अय्यर तिवारी की रोमांटिक कॉमेडी ' बरेली की बर्फी ' में सैनन ने छोटे शहर की एक जिद्दी महिला की भूमिका निभाई, जो बेहतर जीवन की आकांक्षा रखती है।बेहतर स्वागत किया गया। आयुष्मान खुराना और राजकुमार राव की सह-कलाकार , उनके प्रेमी के रूप में, यह फिल्म फ्रांसीसी लेखक निकोलस बैरेउ के उपन्यास द इंग्रीडिएंट्स ऑफ लव का रूपांतरण थी ।

सैनन ने 2019 में विजान की दो प्रस्तुतियों में काम किया। उन्होंने सिनेमैटोग्राफर लक्ष्मण उटेकर की हिंदी निर्देशित पहली फिल्म लुका छुपी में अभिनय किया , जो लिव-इन रिलेशनशिप पर एक व्यंग्य थी, जिसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन थे । फिल्मफेयर के देवेश शर्मा उनकी कॉमिक टाइमिंग की सराहना करते थे। व्यावसायिक रूप से सफल, लुका छुपी ने दुनिया भर में ? 1.29 बिलियन की कमाई की । असाधारण कॉमेडी अर्जुन पटियाला में अपनी उपस्थिति के बाद , सेनन ने पुनर्जन्म कॉमेडी में एक प्रमुख महिला की भूमिका निभाई।हाउसफुल 4 , हाउसफुल फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त है, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार थे । खराब समीक्षाओं के बावजूद, हाउसफुल 4 साल की सबसे बड़ी कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी, जिसने 2.8 बिलियन (वर$35 मिलियन) से अधिक की कमाई की। 2019 की अपनी अंतिम उपस्थिति में, सैनन ने आशुतोष गोवारिकर के पीरियड ड्रामा पानीपत में अर्जुन कपूर के सदाशिवराव भाऊ के साथ पार्वतीबाई की भूमिका निभाई, जो कि पानीपत की तीसरी लड़ाई पर आधारित थी, जो बॉक्स-ऑफिस बम के रूप में उभरी।

# अभी न जाओ छोड़ के

>>व्यंग्य >> प्रभुनाथ शुक्ल



रसोई से मुझे कुछ गुनगुनाने की आवाज आ रही थी। मैं सुनने की कोशिश कर रहा था। अंदर श्रीमती जी साठ के दशक का गीत...मुझे न जाओ छोड़ कर दिल अभी भरा नहीं गुनगुना रहीं थीं। गीत को सुनकर माथा ठनक गया। मैं कुछ समझ नहीं पा रहा था कि यह क्या हो रहा है। पचपन की उमर में बचपन का खेल कहां से चल रहा है। हम दोनों के बीच तीसरा कौन आ गया। मेरे पाँव के की जमीन खिसक गयीं। मेरी हालत दिल फिल्म के नायक वेचारे सलमान की तरह हो गई। मुझे नींद न आए मुझे चैन न आए...।

मैं चोरी-चोरी चुपके-चुपके पत्नी को रसोई में यह सब करते देख रहा था। अंदर का दृश्य देखर मैं बेहोश हो गया। पत्नी जी हथेलियों में एक खूबसूरत चमकदार लाल टमाटर लेकर उससे प्यार जता रहीं थीं और साथ में यह गीत भी गुनगुना रहीं थीं।...मुझे न आओ छोड़ कर दिल अभी भरा नहीं। उस बेचारे टमाटर को न सब्जी में डालना चाहती थीं और न हरी धनिया के साथ अदरक की चटनी बनाना चाहती थीं। क्योंकि टमाटर की महंगाई ने उनकी रसोई का जायका बिगाड़ दिया था। जबकि चटनी उन्हें बेइंतहा पसंद है। महंगाई की वजह से वह टमाटर को खुद से अलग नहीं करना चाहती थीं। जितना टमाटर से प्यार कर रहीं थीं उतना तो कभी बच्चों से भी प्यार करते नहीं देखा। फिर वहीं गीत गनगुनाने लगीं....जनम-जनम का साथ है हमारा तुम्हारा।

टमाटर से पत्नी जी बेइंतहा प्यार करती हैं। क्योंकि टमाटर बगैर उनकी रसोई का कोई मतलब ही नहीं निकलता। इतनी महंगाई के बावजूद भी टमाटर से उनका इतना लगाव है कि उसे खरीदे बगैर नहीं रह सकती। यह दीगर बात है कि पहले जहां दो से तीन किलो खरीदती थीं अब पाव किलो लाती हैं। टमाटर की सुरक्षा के लिए उन्होंने बाउंसर नहीं तैनात किया है। लेकिन उसकी हिफाजत में कोई कोर कसर नहीं रखी है। फ्रिज में उसे रखने के बजाय अलमारी के लॉकर में रखा है। तीन चाबी लगाने के बाद वह टमाटर निकालती हैं।

धर्म पत्नी जी का जब भोजन बनाने का वक्त होता है तो आलमारी के पास पहुँच लॉकर खोलती हैं। फिर उसमें रखे टमाटर को निकाल कर उसे देखती हैं। टमाटर के स्वाद और सुगंध का मानसिक अनुभव करते हुए रसोई में जाकर फिर खाना बनाती है। जिसका असर यह होता है कि पूरे खाने में टमाटर की महक और स्वाद अपने आप मिलने लगती है। पत्नी जी का यह मनोवैज्ञानिक तरीका हमें खूब भाने लगा है। टमाटर की महंगाई ने इतना असर किया है कि अब लोगों के जीने का तौर-तरीका भी बदल गया है। सरकारी कार्यालयों में घुसखोर बाबू अब नगद कैश की बजाय लोगों से पांच किलो टमाटर की मांग करने लगे हैं। क्योंकि अब नगद से अधिक टमाटर लेने में उनका फायदा है।

प्रिय पत्नी जी का टमाटर प्रेम देखकर मुझसे नहीं रहा गया और मैं सीधे किचन में घूस गया। अरे भाग्यवान, इ सब क्या हो रहा है। अब तक तो हम कुछ दूसरा ही समझ रहे थे कि तुम्हें इस उमर में यह कैसा प्रेमरोग लगा। तुम्हारे गीत ने तो मेरे होश उड़ा गए थे। किचन में प्रवेश कर मुझे कुछ शांति मिली। नहीं तो हमारी हालात तो उस बेचारे की तरह हो गयीं थी जिसकी अधिकारी पत्नी दूसरे के प्यार में गिर गई। तुम्हारे गानों को सुनकर मुझे यही लगा कि मामला गड़बड़ है, लेकिन बेचारे टमाटर ने सब कुछ संभाल लिया। हम टमाटर के शुक्रगुजार हैं जिसने मेरा घर उजाड़ने से बचा लिया।

# भारत की बाढ़ प्रबंधन योजना का क्या हुआ?



डॉ सत्यवान सौरभ

राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की प्रमुख सिफारिशें जैसे बाढ़ संभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन और फ्लड प्लेन जोनिंग एक्ट का अधिनियमन अभी तक अमल में नहीं आया है। सीडब्ल्यूसी का बाढ़ पूवार्नुमान नेटवर्क देश को पर्याप्त रूप से कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा, अधिकांश मौजूदा बाढ़ पूवार्नुमान स्टेशन चालू नहीं हैं। 2006 में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा गठित एक टास्क फोर्स ने बाढ़ जोखिम मानचित्रण का कार्य पूरा नहीं किया। बाढ़ क्षति का आकलन पर्याप्त रूप से नहीं किया गया। बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं के पूरा होने में देरी मुख्य रूप से केंद्र की सहायता की कमी के कारण होती है। बाढ़ प्रबंधन के कार्य एकीकृत तरीके से नहीं किये जाते हैं। भारत के अधिकांश बड़े बांधों में आपदा प्रबंधन योजना नहीं है- देश के कुल बड़े बांधों में से केवल 7% के पास आपातकालीन कार्य योजना/आपदा प्रबंधन योजना है। चूंकि बाढ़ से हर साल जान-माल को बड़ा नुकसान होता है, इसलिए अब समय आ गया है कि केंद्र और राज्य सरकारें एक दीर्घकालिक योजना तैयार करें जो बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए तटबंधों के निर्माण और ड्रेजिंग जैसे टुकड़ों-टुकड़ों के उपायों से आगे बढ़े। इसके अलावा, एक एकीकृत बेसिन प्रबंधन योजना की भी आवश्यकता है जो सभी नदी-बेसिन साझा करने वाले देशों के साथ-साथ भारतीय राज्यों को भी साथ लाए। बाढ़ पर भारत के पहले और आखिरी आयोग के गठन के कम से कम 43 साल बाद, देश में अब तक कोई राष्ट्रीय स्तर का बाढ़ नियंत्रण



प्राधिकरण नहीं है। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग (आरबीए), या राष्ट्रीय बाढ़ आयोग, की स्थापना 1976 में कृषि और सिंचाई मंत्रालय द्वारा भारत के बाढ़-नियंत्रण उपायों का अध्ययन करने के लिए की गई थी, क्योंकि 1954 के राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुरू की गई परियोजनाएं ज्यादा सफलता हासिल करने में विफल रहीं। .

हाल ही में, उत्तरी राज्यों में बाढ़ ने जीवन और संपत्ति की तबाही मचाई है, जो इस क्षेत्र में एक समस्या है। हालाँकि, बाढ़ केवल उत्तर-पूर्वी भारत तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के कई अन्य क्षेत्रों को प्रभावित करती है। मानसून के दौरान लगातार और भारी वर्षा जैसे प्राकृतिक कारकों के अलावा, मानव निर्मित कारक भी हैं जो भारत में बाढ़ में योगदान करते हैं। भारत अत्यधिक असुरक्षित है, क्योंकि इसके अधिकांश भौगोलिक क्षेत्र में वार्षिक बाढ़ का खतरा रहता है। बाढ़ के कारण होने वाली उच्च हानि और क्षति भारत की खराब अनुकूलन और शमन स्थिति और आपदा प्रबंधन और तैयारियों में अपर्याप्तता को दशार्ती है। अतः एक एकीकृत बाढ़ प्रबंधन प्रणाली की आवश्यकता है। 1980 में, राष्ट्रीय बाढ़ आयोग ने 207 सिफारिशें और चार व्यापक टिप्पणियाँ कीं। सबसे पहले, इसने कहा कि भारत में वर्षा में कोई वृद्धि नहीं हुई और इस प्रकार, बाढ़ में वृद्धि मानवजनित कारकों जैसे वनों की कटाई, जल निकासी की भीड़ और बुरी तरह से नियोजित विकास कार्यों के कारण हुई। दूसरा, इसने बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए अपनाए गए तरीकों, जैसे तटबंधों और जलाशयों की प्रभावशीलता पर सवाल उठाया और सुझाव दिया कि इन संरचनाओं का निर्माण उनकी प्रभावशीलता का आकलन होने तक रोक दिया जाए। हालाँकि, इसमें यह कहा गया कि जिन क्षेत्रों में वे प्रभावी हैं, वहाँ तटबंधों का निर्माण किया जा सकता है। तीसरा, इसमें कहा गया कि बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए अनुसंधान और नीतिगत पहल करने के लिए राज्यों और केंद्र के बीच समेकित प्रयास होने चाहिए। चौथा, इसने बाढ़ की बदलती प्रकृति से निपटने के लिए एक गतिशील रणनीति की सिफारिश की। रिपोर्ट के विश्लेषण से पता चला कि समस्या देश के बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों के आकलन के तरीकों से शुरू हुई। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा ₹बाढ़ नियंत्रण और बाढ़ पूवार्नुमान के लिए योजनाएं₹ 2017 की ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की प्रमुख सिफारिशें जैसे बाढ़ संभावित क्षेत्रों का वैज्ञानिक मूल्यांकन और फ्लड प्लेन जोनिंग एक्ट का अधिनियमन अभी तक अमल में नहीं आया है। सीडब्ल्यूसी का बाढ़ पूवार्नुमान नेटवर्क देश को पर्याप्त रूप से कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा, अधिकांश मौजूदा बाढ़ पूवार्नुमान स्टेशन चालू नहीं हैं। 2006 में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा गठित एक टास्क फोर्स ने बाढ़ जोखिम मानचित्रण का कार्य पूरा नहीं किया। बाढ़ क्षति का आकलन पर्याप्त रूप से नहीं किया गया। बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं के पूरा होने में देरी मुख्य रूप से केंद्र की सहायता की कमी के कारण होती है। बाढ़ प्रबंधन के कार्य एकीकृत तरीके से नहीं किये जाते हैं। भारत के अधिकांश बड़े बांधों में आपदा प्रबंधन योजना नहीं है- देश के कुल बड़े बांधों में से केवल 7% के पास आपातकालीन कार्य योजना/आपदा प्रबंधन योजना है। नवीनतम तकनीकों की एक विस्तृत श्रृंखला का उपयोग करके बाढ़ की चेतावनियों का प्रसार किया जाना चाहिए। इससे पारंपरिक सिस्टम विफल होने पर वास्तविक समय डेटा देने में मदद मिलेगी। पानी एक ही स्थान पर जमा न हो इसके लिए जल निकासी व्यवस्था का उचित प्रबंधन आवश्यक है। ठोस अपशिष्ट हाइड्रोलिक खुरदरापन बढ़ाता है, रुकावट का कारण बनता है और आम तौर पर प्रवाह क्षमता को कम करता है। पानी के मुक्त प्रवाह की अनुमति देने के लिए इन नालियों को नियमित आधार पर साफ करने की आवश्यकता है। शहरीकरण के कारण, भूजल पुनर्भरण में कमी आई है और वर्षा और परिणामस्वरूप बाढ़ से चरम अपवाह में वृद्धि हुई है। यह चरम अपवाह को कम करने और भूजल स्तर को ऊपर उठाने के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करेगा। शहरी जल निकाय जैसे झीलें, टैंक और तालाब भी तूफानी जल के बहाव को कम करके शहरी बाढ़ के प्रबंधन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### कॉलेज के छात्रों ने किया पौधारोपण

**चौपारण :** चौपारण प्रखंड स्थित बसरिया पंचायत के डॉक्टर बसंत नारायण सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में शनिवार को पौधारोपण किया। शिक्षक द्वारा इंटर कॉलेज में आए छात्रों को विश्व युवा कौशल दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### बनासो में सिद्धू कानू युवा खेल क्लब का गठन को लेकर आम सभा की गई

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बनासो पंचायत भवन सभागार में मुखिया चंद्रशेखर की अध्यक्षता में सिद्धू कानू युवा खेल क्लब का गठन को लेकर एक आम सभा की गई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अविनाश कुमार पांडे उपाध्यक्ष सत्येंद्र पांडे एवं सचिव भीम कुमार महतो चुने गए कार्यकारिणी सदस्यों में रकीब अंसारी करीम अंसारी महेंद्र यादव अरुण कुमार सूरज कुमार पासवान इमाम हुसैन राजू महतो सुरेश राम सहदेव राम मुकेश पासवान राजू कुमार यादव शेख करीम अजय ठाकुर रामचंद्र राम करीम अंसारी राजू महतो राजू यादव अविनाश कुमार पवन यादव अरविंद पांडे इमाम हुसैन मुकेश पासवान राजू यादव कैलाश राज भारती गंगाधर महतो सूरज पासवान विजय हांसदा पप्पू हंसदा हर्षवर्धन कुमार शेख बिलाल वीरेंद्र कुमार परवेज आलम अरुण कुमार यादव चंद्रशेखर शेख करीम जितेंद्र महतो विशेश्वर महतो चिंतामन महतो रोहित महतो सुनील महतो जय नारायण महतो प्रसादी यादव विष्णु गुप्ता शिवलाल टू डू राजू रविदास उपेंद्र सोरेन बिलाल आलम राज कुमार सुंदरलाल नरेश यादव विष्णु पांडे शेख सद्दाम बनाए गए ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अमीन का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू

**हजारीबाग :** हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से सत्र 2023-24 से एक वर्षीय अमानत(अमीन) सर्वे सर्टिफिकेट कोर्स की शुरूआत की गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि इस कोर्स को पूरा करने के बाद रोजगार के सुनहरे मौके विद्यार्थियों के पास उपलब्ध होंगे, इसी उद्देश्य से इस सर्टिफिकेट कोर्स को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस कोर्स में नामांकन के लिए अनिवार्य योग्यता 10+2 उत्तीर्ण रखी गई है। आईए, आईएससी या आईकॉम की पढ़ाई पूरी कर इच्छुक विद्यार्थी इस कोर्स में नामांकन कराकर अपने सुनहरे भविष्य की राह आसान बना सकते हैं। डॉ गोविंद ने बताया कि अमानत(अमीन) सर्वे की पढ़ाई में प्रैक्टिकल वर्क पर अधिक फोकस किया गया है। इसके ज्यादातर पेपर प्रैक्टिकल रखे गए हैं।

### एकीकृत सहायक अध्यापक महासंघ की बैठक

**हजारीबाग :** एकीकृत सहायक अध्यापक महासंघ की बैठक झील परिसर में की गई, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंदन मेहता और संचालन जिला महासचिव शंकर प्रसाद के द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखण्ड राज्य के सभी सहायक अध्यापकों को वेतमान कैसे मिले रहा बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चंदन मेहता ने कहा की वर्तमान सरकार जबसे बनी हम सहायक अध्यापकों में आस जगी की यह सरकार हमारे लिए वेतमान पर काम करेगी और इसपर आगे बढ़ी भी और एक नियमावली बनाई,परन्तु नियमावली में जो लाभ देने के लिए बात की गई वह अभी पूर्ण रूपेण धरातल पर नहीं उतरपाना हम सहायक अध्यपकों के लिए दुर्भाग्य की बात है। जैसे सहायक अध्ययकों के मृत्यु के उपरांत उनके आश्रितों को अनुकम्पा का लाभ न मिल पाना।

---

**समीक्षा** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीसी ने स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा

# पोलियो कर्मियों का बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करें : उपायुक्त

- अगले 03 दिनों के भीतर उनका भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया
- जिले में मीजल्स का मात्र 01 केस रिपोर्ट किया गया है

राष्ट्रीय खबर



**साहिबगंज:** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई। इस क्रम में एसएनआईडी की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल एक्टिविटी एवं हाउस एक्टिविटी की जानकारी ली जहां उन्होंने गड़ीपहाड़, सुंदर पहाड़, डुले पहाड़, आमजोर एवं अन्य पहाड़िया गांव में हुए कवरेज की जानकारी ली। उपायुक्त ने सदर प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी को स्वयं पहाड़िया गांव में जानकर लोगों से पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत बच्चों को दवा पिलाई गयी है या नही की रिपोर्ट लें तथा कितने बच्चे वंचित रह गए हैं इसकी रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। वहीं सभी एमओआईसी को पोलियो में कार्यरत कर्मियों को अगले 03 दिनों के भीतर उनका भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस बीच मीजल्स रूबेला कैंपेन की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में एमआर कैंपेन अंतगत टीकाकरण का कवरेज 103 फीसदी रहा। जबकि बताया गया कि अभियान अंतर्गत कुल 402356 बच्चों का टीकाकरण किया गया है। नियमित टीकाकरण की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि एमआर कैंपेन के पश्चात जिले में मीजल्स का मात्र 01 केस रिपोर्ट किया गया है साथ ही जिले में आउट ब्रेक पर लगाम लगी है। आईएमआई की समीक्षा के क्रम में लाभुकों का रजिस्ट्रेशन सेशन प्लानिंग एवं मैनेजमेंट टीकाकरण के बाद प्रमाण पत्र एवं टीकाकरण में आने वाली समस्याओं आदि के बारे में विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आरआई में शत प्रतिशत बच्चे टीकाकरण सुनिश्चित कराएंगे, जबकि सभी एमओआईसी 05 जगहों पर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी 02 जगहों पर जाकर डीयू लिस्ट वेरीफाई करेंगे तथा इसी रिपोर्ट 25 जुलाई तक देना सुनिश्चित करेंगे। प्रधानमंत्री टीवी मुक्त अभियान की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में कुल 165 निश्चय मित्र बनाए गए हैं। जिन्होंने 427 टीबी मरीजों को गोद लेते हुए सभी को फूड पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है।बैठक के दौरान फर्स्ट एएनसी, 4 एएनसी, संस्थागत प्रसव आदि की भी समीक्षा की गई। जहां प्रखंड वार संस्थागत प्रसव की जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को इसमें प्रगति करने का निर्देश दिया गया। बैठक के क्रम में उपायुक्त ने कुपोषित बच्चों की देखरेख एमटीसी केंद्रों की समीक्षा की।बैठक के दौरान डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, डीएस डॉ मोहन पासवान, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, संबंधित वरीय पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस आदि उपस्थित थे।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई200 बोरा कच्चा कोयला जब्त

राष्ट्रीय खबर

**चरही :** चरही मांडू वन प्रक्षेत्र के लुकैया जंगल से वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए रेंजर विनोद नंद राय ने चरही, मांडू और होन्हेमोढ़ा बीट के वनकर्मियों की एक टीम गठित कर गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को देर शाम छापामारी कर करीब दो सौ बोरा अवैध कच्चा कोयला जब्त किया। जब्त लगफग 10 टन कोयले को चार ट्रैक्टर के माध्यम से मांडू रेंज ऑफिस लाया गया। रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार को सूचना मिली थी। कि परेज, बसतपुर, केदला, लइयो,झारखंड आदि परियोजना से बड़े पैमाने पर अवैध कोयला साइकिल, मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर से चोरी कर लुकैय्या जंगल में छिपाया जा रहा है। इसके बाद चोरी का कोयला चुरचू थाना क्षेत्र के बोदरा मोड़ स्थित हार्डकॉक भट्ठा में मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर से पहुंचाया जाता है। यहां से कोयला तस्कर ट्रक से कोयला बिहार व बनारस के मंडियों में भेज कर मोटी रकम की कमाई करते हैं।

वहीं सरकार को करोड़ों की राजस्व का चूना लगा रहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार डीएफओ नीतीश कुमार ने कोयला चोरी के संबंध में सीसीएल महाप्रबंधक हजारीबाग को पत्राचार किया है। एवं सात दिनों में इसकी रिपोर्ट भी तलब की है। इसके बावजूद सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के कोलियरी से कोयला चोरी थम नहीं रहा है।

बच्चे के डूब जाने के बाद यह विषय पूरे क्षेत्र पूरे जिला में चर्चा का विषय बन गया था

## एक सप्ताह बाद शव को बरामद



राष्ट्रीय खबर

**चरही :** चरही थाना क्षेत्र के सीसीएल 42 नंबर खदान में बीते शनिवार को एक बच्ची संजना कुमारी डूब गई थी। बच्चे के डूब जाने के बाद यह विषय पूरे क्षेत्र पूरे जिला में चर्चा का विषय बन गया था। जिसके बाद जिला प्रशासन के सहयोग से एनडीआरएफ की टीम द्वारा दो दिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था लेकिन इसके बाद भी बच्ची का शव नहीं मिल पाया था। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों तथा स्थानीय मुखिया के प्रयास से बोकारो जिला से निजी गोताखोरों की टीम को बुलाया गया था लेकिन वह भी बच्ची के शव को ढूंढ पाने में विफल रहे। इन सब के बाद जब हर तरह से प्रयास करके लोग थक गए तब कोई भी उपाय नहीं सूझ रहा था। लेकिन बीते शनिवार को डूबी हुई बच्ची संजना कुमारी का शव दूसरे शनिवार को खुद ही पानी के तल पर उभर कर आ गया। स्थानीय मुखिया देवलाल कुमार ने बताया कि बच्ची के शव के लिए हर दिन ग्रामीण एक चक्कर खदान का लगाया करते थे। लेकिन आज जब सुबह कुछ लोग खदान के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बच्ची का शव पानी के तल पर आ चुका है। जिसके बाद क्षेत्र में यह बात आग की तरह फैल गई,और देखते ही देखते हजारों लोगों की भीड़ घटनास्थल पर बच्ची के अंतिम दर्शन को उमड़ पड़ी। स्थानीय मुखिया द्वारा चरही पुलिस को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला और फिर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।

## उपायुक्त ने चालू वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों व उपलब्धियों की दी जानकारी




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली मासिक प्रेसवार्ता में उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी विभागो के द्वारा जारी इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों व उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रेस/मीडिया को दी। उन्होंने सरकार के महत्त्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए अब तक के प्रगति प्रतिवेतन को मीडिया से साझा की। प्रेसवार्ता में उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा सह डीपीआरओ पंचानन उरांव मौजूद थे। उपायुक्त ने एजेंडावार ग्रामीण विकास विभाग, आपूर्ति विभाग,डीएमएफटी,समाज कल्याण, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राजस्व, नगर निगम, विद्युत,जिला खनन,जिला परिवहन,खेल विभाग, सहायक आयुक्त उत्पाद,कृषि प्रौद्योगिकी, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, पशुपालन विभाग, निर्वाचन शाखा, जिला पंचायत राज, उप श्रम आयुक्त, ई गवर्नेंस और वर्तमान में चल रहे विभिन्न जन जागरुकता अभियान मसलन जन्म मृत्यु निबंधन, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान एवं जन जागरूकता अभियान आदि विषयों पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी।

## व्यापार, उद्योग प्रकोष्ठ जिला कमिटी का विस्तार

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ में जिला व्यापार एंव उद्योग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता जिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बब्लू कुशवाहा ने किया। बैठक मे मुख्य अतिथि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीके ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रखर समाजसेवा मुन्ना सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस बैठक में सर्वसम्मति जिला व्यापार एंव उद्योग प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया जिसमे उपाध्यक्ष पद पर अशोक महतो, मनोज ठाकुर, अशोक कुमार सिनी महासचिव पद पर सुनिल कुमार कुशवाहा सचिन पद पर जय कुशवाहा, अमरदीप कुशवाहा, सुरेश महतो, किरण वर्मा तथा कोषाध्यक्ष पद पर अर्जुन प्रसाद कुशवाहा को बनाया गया है ।

बैठक का संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी राजू चौरसिया व धन्यवाद ज्ञापन सुनिल कुमार कुशवाहा ने किया जिला मिडिया प्रभारी निसार खान ने बताया कि बैठक में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, डॉ. पीएम सिन्हा, मुस्ताक अंसरी,जमील हुसेन आदि उपस्थित थे।

**अभियान** जीवन में सबसे पहले पढ़ाई लिखाई बाधित हो जाती है

# बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान

▶▶ बालविवाह, बाल व्यापार तथा बाल यौन शोषण की रोकथाम पर केंद्रित था

राष्ट्रीय खबर




**पीरटांड:** बनवासी विकास आश्रम एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के तहत न्याय तक पहुंचे कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को पीरटांड़ प्रखंड के पथलघटिया गाँव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैठक किया गया जिसके बाद गांव में ही रैली निकली गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालविवाह, बाल व्यापार तथा बाल यौन शोषण की रोकथाम पर केंद्रित था।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को यह बताया गया कि अगर आपके आस पास 18 वर्ष से कम उम्र की बच्ची और 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चे का विवाह हो रहा हो तो आप इसे रोकने हेतू अपना पूरा योगदान दें। ताकि बच्चे तथा बच्चियों के भविष्य को नुकसान होने से बचाया जा सके और उन्हें एक अच्छा नागरिक बनने का अवसर मिले। जैसा की अक्सर देखा जाता है। कि कम उम्र में बच्चे तथा बच्चियों की शादी कर देने के बाद उनके जीवन में सबसे पहले पढ़ाई लिखाई बाधित हो जाती है। कानूनी प्रावधानो के अनुसार जो भी व्यक्ति बाल विवाह करवाते हैं या बाल विवाह करने में सहयोग करते हैं उनके ऊपर भी सजा तथा जुमार्ने या फिर दोनों का दंड उन्हें भुगतना पड़ सकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उर्मिला देवी, खुसबू देवी, ललिता देवी, गीता देवी, मनिका कुमारी, सुमन कुमारी,आदि लोगों ने भाग लिया। जबकि संस्था के तरफ से विनय पाठक, सुनील तिवारी एवं चांदनी मरांडी उपस्थित थे।

---

## न्यूज फटाफट

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूजन

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हरटोली, हजारीबाग में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय कक्षा नवम से द्वादश कक्षा में पढ़ने वाले भैया ने गुरु पूजन पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ज्ञानचंद मेहता प्रांत बौद्धिक विभाग के सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड ने कहा परम पवित्र गुरु भगवा ध्वज के प्रति वंदन एवं समर्पण से आप सभी भैया में राष्ट्रभक्ति का भाव समाहित होगा। मौके पर ज्ञानचंद मेहता ने बच्चों को महर्षि वेदव्यास की जीवनी एवं गुरु की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा विद्यालय में ज्ञान शील चरित्र एवं एकता की शिक्षा दी जाती है। राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु संकल्प लेने का आज का दिन है। गुरु पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र व आचार्य गण उपस्थित थे।

### इंटर में नामांकन के लिए सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग के द्वारा केबी महिला महाविद्यालय हजारीबाग में इंटर में नामांकन जल्द प्रारंभ कराने को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिला संयोजक प्रभात कुमार ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित में काम करते आ रहा है। हजारीबाग जिला में बहुत सारे सुदूरवर्ती क्षेत्र हैं। जो अपने बच्चे को पढ़ाने में असमर्थ रहते हैं। जिसमें केबी महिला महाविद्यालय में जिले भर से छात्राएं आकर इंटर में नामांकन लेती है। लेकिन इस वर्ष अभी तक नामांकन प्रारंभ नहीं किया गया हैं। जिससे छात्राएं काफी परेशान है। कहा कि अभाविप मांग करती है। कि महाविद्यालय में जल्द से जल्द इंटर की नामांकन की प्रक्रिया शुरू किया जाए, मौके पर जिला संयोजक प्रभात कुमार, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अभिमन्यु कुमार, शेखर शर्मा,चिन्मय भारद्वाज, छोटू, मुस्कान भारद्वाज, शालू कुमारी, पूनम कुमारी ,संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बीडीओ ने लगाया कैंप



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत केवाल गाँव के बिरहोर टोला में प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्टिना ऋचा इंदवार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य रूप से वोटर लिस्ट में फॉर्म छः भरना, जन्म प्रमाण पत्र बनाना,आधार कार्ड बनाना, ईत्यादी से संबंधित कार्य किया गया। बताते चले कि बीडीओ कृष्टिना ऋचा इंदवार ने मौके पर शिविर में कई कार्यो को ऑन द स्पॉट निपटारा की। शिविर को सफल बनाने में प्रखंड के कर्मी शामिल थे।

### एनटीपीसी ने चिकित्सा शिविर लगाया




**हजारीबाग :** हजारीबाग पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अपनी नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत निरंतर आसपास के क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को बहाल करने के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन करता रहता है। इन शिविरों को लगाने का मकसद ग्रामीणों को मुफ्त में इलाज के साथ-साथ दवाइयां भी देना होता है। आज इसी क्रम में पकरी बरवाडीह सीएमपी द्वारा परियोजना प्रभावित बरियातू गांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपना इलाज करवाया। गांव के कुल 170 लोगों ने इस कैंप का लाभ उठाते हुए इलाज करवाया। इन सभी को मुख्य रूप से मौसम बदलने की वजह से होने वाली समस्याएं जैसे सांस लेने में दिक्कत, डायरिया, वायरल फीवर इत्यादि जैसी समस्याएं थी जिसका उपचार पकरी बरवाडीह के मेडिकल विभाग की ओर से डॉक्टर सागर कुमार और डॉक्टर विदुषी श्रीवास्तव ने किया। गौरतलब है कि पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना नियमित अंतराल पर मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन परियोजना प्रभावित इलाकों में करता रहता है। अगर अप्रैल 2023 से अब तक की बात करें तो पीवी- नॉर्थवेस्ट क्लस्टर के गांव में यह 9वां केंम लगाया गया जहां पर भारी संख्या में आसपास के ग्रामीण पहुंचकर अपना इलाज करवाया।

### एक बोलेरो ने महिला को टक्कर मारा

**बड़कागांव :** बड़कागांव उरीमारी रोड स्थित गुरु चट्टी मे एक बोलेरो ने सब्जी बेचने जा रही महिला एवं मोटर साईकिल सवार रवि पासवान को टक्कर मारा।इस कारण वे दोनों बुरी तरह घायल हो गये। इसके बाद उक्त बोलेरो कई वाहनों को टक्कर मारते हुए भागना चाहा लेकिन ग्रामीणों ने बोलेरो चालक को थोपा -थोपी देकर पुलिस को शौप दी। यह घटना शुक्रवार की शाम की है।घायल महिला गुरु चट्टी गांव के झालो देवी (पति केश्वरी महतो है )।
मोटरसाइकिल सवार घायल रवि पासवान टंडवा का रहने वाला है। जबकि बोलेरो बड़कागांव के ग्राम महौदी निवासी अरुण ठाकुर का है। अरुण ठाकुर स्वयं गाड़ी चला रहा था। ग्रामीणों के अनुसार वह नशे में धुत था। इस कारण उसे भी चोट लगी है। तीनों का इलाज बड़कागॉव अस्पताल में की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अरुण ठाकुर अपने बोलेरो से एनटीपीसी के पदाधिकारियों को हजारीबाग से लाकर बड़कागांव पहुंचा कर अपना घर महौदी जा रहा था। इसी दौरान सर्वप्रथम गुरु चट्टी में बैजनाथ महतो के घर के पास बिजली के खंभे में वह धक्का मारा। यह देखकर ग्रामीण उसके पीछे पकड़ने के लिए दौड़ पड़े। भागने के कर्म मे बड़कागॉव का अस्पताल के पास पहले से खडी कांड़तरी निवासी सतेंद्र महतो का बोलेरो को टक्कर मार दिया।जिससे उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। बोलेरो को टक्कर मारने के बाद भागना चाहा। अस्पताल के पास से ही परवल सब्जी बेचने जा रही महिला झालो देवी को धक्का मार दिया। इस कारण उसी स्थान पर वह घायल हो गयी । वहां से भी वह भागना चाहा तो, डॉ अविनाश कुमार के क्लीनिक के पास हजारीबाग से बादम जा रही बोलेरो को भी धक्का मार दिया।उक्त बोलेरो भी क्षतिग्रस्त हो गयी। इसके बाद ग्रामीण उसे पकड़ लिया। ग्रामीण थोपा थोपी देने के बाद पुलिस को सौंप दी।

गड़बड़ी

## सुशासन सरकार में सिर्फ आईपीएस पर ही कार्रवाई और आईएएस मस्त

# एसपी सुधीर कुमार पोरिका निलंबन से मुक्त किये गये

- राकेश दुबे की मुश्किलें कम होने के आसार नहीं
- दो साल पूर्व 27 जुलाई 2021 को हुए निलंबित
- कई और आईपीएस पर कार्रवाई का अंदेशा



दीपक नौरंगी

**पटना:** बिहार में इन दिनों कई वर्षों से लगातार आईपीएस अधिकारियों पर राज्य सरकार के द्वारा बड़ी कार्रवाई की जा रही है यह चर्चा होने लगी है आईपीएस अधिकारी पर ही सरकार कार्रवाई क्यों कर रही है क्या ऐसे मामले में आईएएस अधिकारी क्या पूरी तरह सभी आईएएस साफ-सुथरी छवि के हैं सवाल उठना लाजमी है? बिहार कैडर के 2010 बैच आईपीएस पूर्व औरंगबाद पुलिस अधीक्षक को 27 जुलाई 2021 को बालू खनन में कथित संलिप्त के आधार पर निलम्बित कर दिया गया था। लगभग 2 साल के लम्बे निलम्बन अवधि के बाद क्ढर पोरिका को 17 जुलाई 2023 से निलंबन मुक्त कर दिया गया है। गृह विभाग ने सुधीर कुमार पोरिका को निलंबन मुक्त करते हुए पुलिस मुख्यालय में वेटिंग और पोस्टिंग खातिर योगदान करने का आदेश दिया है।उल्लेखनीय है कि औरंगाबाद एसपी रहते इन पर बालू के अवैध उत्खनन परिवहन में संलिप्त रहने का आरोप लगा था। भोजपुर के पूर्व एसपी राकेश दुबे पर निलंबन की अवधि में विस्तार कर दिया गया है और आने वाले दिनों में राकेश दुबे की और मुश्किलें बढ़ सकती है लेकिन राज्य सरकार को यह ध्यान रखना चाहिए कि बिहार में कितने आईपीएस पर भ्रष्टाचार और अन्य संगीन मामले को लेकर कार्रवाई चल रही है इसकी समीक्षा कर कर अंतिम निर्णय राज्य सरकार को और पुलिस मुख्यालय को अपने स्तर से लेना चाहिए।

बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई की जांच रिपोर्ट में औरंगाबाद के तत्कालीन एसपी सुधीर कुमार पोरिका को आरोपी माना गया था।

इस आधार पर इन्हें 27 जुलाई 2021 के प्रभाव से निलंबित किया गया था।तब से लगातार निलंबित चल रहे हैं। आईपीएस पोरिका के खिलाफ विभागीय जांच आयुक्त के यहां विभागीय कार्यवाही संचालित है। आईपीएस के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के लिए आर्थिक अपराध इकाई के पुलिस महानिदेशक से अनुरोध किया गया था। आर्थिक अपराध इकाई द्वारा इसी वर्ष 12 मई 2023 को जांच से संबंधित रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 6 जुलाई 2023 को पोरिका के निलंबन की समीक्षा के लिए तीन जुलाई को केंद्रीय निलंबन समिति की बैठक हुई। बैठक में यह कहा गया कि इन्हें 16 जुलाई से आगे निलंबन निलंबित रखना उचित नहीं है। ऐसे में 17 जुलाई के प्रभाव से निलंबन मुक्त करने की अनुशंसा की गई। इसके बाद इन्हें 17 जुलाई के प्रभाव से निलंबन मुक्त कर पुलिस मुख्यालय में योगदान करने का आदेश दिया गया है।

बताया जाता है कि आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने औरंगाबाद के पूर्व एसपी के मामले में काफी गहराई पूर्ण तरीके से जांच की लेकिन आय से अधिक संपत्ति के मामले में कहीं कुछ नहीं मिला इसीलिए हर प्रकार की जांच के बाद यह साफ हो गया कि उनके पास आय से अधिक संपत्ति किसी प्रकार की अर्जित नहीं की गई है बिहार सरकार के गृह विभाग के आरक्षी शाखा ने शुक्रवार को बिहार कैडर के 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी सुधीर कुमार पोरिका के सोमवार 17 जुलाई 2023 से निलंबन मुक्त होने निर्देश जारी हो चुका है। लेकिन बिहार में इन दिनों कई आईपीएस अधिकारियों पर आने वाले दिनों में और कई बड़ी कार्रवाई की संभावना दिख रही है।

## प्रदेश >> अपडेट

### अवैध कोयला लदे टोटो को किया जप्त

**महेशपुर (पाकुड़):** महेशपुर पुलिस ने शनिवार को बिलासपुर गांव के पास छापेमारी कर अवैध रूप से कोयला ले जा रहे पांच क्विंटल कोयला लदे एक टोटो को जब्त कर लिया। जब्त कोयला व टोटो को थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिलासपुर के रास्ते एक टोटो चालक कोयला लेकर पश्चिम बंगाल जा रहा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### नौजवान हुसैनिया की नयी कमिटी गठित

**पलामू :** बैरिया नौजवान हुसैनिया कमेटी की बैठक हुई कमिटी की बैठक आसिफ हुसैन उर्फ गुड्डू की अध्यक्षता में की गयी। इस बैठक नौजवान हुसैनिया कमिटी के पूर्व कमिटी को भंग कर नए कमिटी के सदस्यों का चयन किया गया बैठक मे सर्वसमिति से सदर ,खलीफा,खजांची गोलचार्ज यवं अन्य पदों का चयन किया गया जिसमे सदर अख्तर अंसारी,खलीफा खुर्शीद अंसारी ,नायब खलीफा मोहम्मद आसिक हुसैन उर्फ गुड्डू, खजांची अकबर अंसारी, नायब खजांची आजाद अंसारी ,गोल इंचार्ज एजाज गनी ,जाहिर अंसारी, इम्त्याज अंसारी ,शाहजाद आलम, फयाज अंसारी ,सोनू अंसारी को चयन किया गया। इस बैठक के उपस्थिति सरपस्ट जीशान इस्लाम , शाहबाज आलम ,जावेद हुसैन ,सोनू अंसारी,मुस्ताक अंसारी समेत सैकड़ो लोग शामिल होकर मोहर्रम पर्व को हरसोउल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया एवं इस पर्व को आपसी , सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मानने मिलकर मनाने का निर्णय लिया गया ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### स्मार्ट क्लास प्रयोगशाला का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

**अमड़ापाड़ा:** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड स्थित राजयकीयकृत +2 विद्यालय प्रांगण में नवनिर्मित बहुउद्देश्यीय सभागार, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, प्रयोगशाला व कार्यालय कक्ष का उपायुक्त ने उद्घाटन किया। जिला प्रशासन के उत्प्रेरण पर पचुवाड़ा नॉर्थ कोल ब्लॉक के माइंस डेवलपर एंड ऑपरेटर (एमडीओ)पचुवाड़ा कोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड (पीसीएमपीएल) द्वारा अमड़ापाड़ा स्थित राजयकीय कृत +2 विद्यालय प्रांगण में नवनिर्मित बहुउद्देश्यीय सभागार, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास व कार्यालय कक्ष का उद्घाटन गुरुवार को जिले के उपायुक्त वरुण रंजन ने फीता काटकर कर किया।

### ओवरलोडेड पत्थर लदे हाईवा को जांच के क्रम में किया जब्त

**महेशपुर (पाकुड़):** सीओ रितेश जायसवाल ने शनिवार को रद्दीपुर क्षेत्र अंतर्गत बागमुड़ा खदान क्षेत्र में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच किया। कदमडांगा चेक पोस्ट से होकर गुजरने वाले पत्थर लदे वाहनों की भी चालान की पंजी के साथ मिलान किया। भ्रमण के दौरान ग्वालपाड़ा चौक के पास बोल्डर लदे एक हाइवा के परिवहन चालान की जांच किया। जांच के क्रम में परिवहन चालान 500 सीएफटी का पाया गया। जबकि हाइवा में 500 सीएफटी से अधिक बोल्डर लोड पाया गया। सीओ ने उक्त ओवरलोडेड हाइवा को जब्त कर थाने में रखा है। सीओ ने बताया कि अग्रेतर कारवाई हेतु जिला खनन कार्यालय पाकुड़ को सूचना दे दी गई है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**गोड्डाः** समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में उप विकास आयुक्त, गोड्डा की अध्यक्षता में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण फेज-02 के क्रियान्वयन के लिये जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त, संजय कुमार सिन्हा के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर की संस्था के द्वारा चिहिंत ग्राम व ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का आंकलन किया जायेगा। जिसके ग्राम पंचायतों के प्रत्यक्ष आंकलन के आधार पर उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा । साथ ही उप विकास आयुक्त द्वारा सभी मुखिया, पंचायत संचिव, जल सहिया, एवं सभी संबंधित पदाधिकारी/कमीर्यो को निदेश दिया गया कि कल से ही सभी गांव में ग्राम सभा, के माध्यम से ग्रामीणों को व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के विषय में जागरूक करना है । घरेलु स्वच्छता के लिए स्थानीय व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे ।

## भाजपा के राज में भ्रष्टाचारी बाहर भागते हैं: बिट्टू पाठक



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** उंटारी प्रखंड के अध्यक्ष रिंकू सिंह के अध्यक्षता में प्रखंड एवं मंडल की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रभारी सत्येंद्र सिंह प्रदेश प्रतिनिधि सतनारायण तिवारी प्रखंड सह प्रभारी महेंद्र दुबे उपस्थित थे। इस अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे सच यह है कि ललित मोदी नीरव मोदी मेहुल भाई विजय माल्या जतिन मेहता संधिगत रूप से विदेश पहुंच गए आगे उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनको तो आजाद कर दिया पर झूठ झूठ के चाले चल, एक राजनीतिक साजिश के तहत जन जन के नेता हम सभी के नेता राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा कर संसद से निलंबित करा दिया आगे बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा के राज में पहले भ्रष्टाचारी बाहर भागते हैं और दूसरी तरफ मोदी की पार्टी भ्रष्टाचार के आरोपित लोगों को भाजपा के स्वस्थ भारत अभियान के तहत वाशिंग मशीन में धो कर सत्ता हथियाने का खेल खेलती है। देश की जनता मोदी की भ्रष्टाचार पर दोहरी नीति जान चुकी है कांग्रेस पार्टी के कोई भी नेता हमारा कोई भी कार्यकर्ता इस राजनीतिक साजिश से नहीं डरता है।

## जेंडर सीआरपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी,पाकुड़ सदर के सौजन्य से शुक्रवार को प्रखंड परिसर स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में जेंडर सीआरपी दीदियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण मिश्रा की उपस्थिति में आयोजन हुआ। डीपीएम श्री प्रवीण मिश्रा के द्वारा जेंडर सीआरपी के कार्य एवं जिम्मेवारी, सामाजिक विकास कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक अहम जानकारी दी गई। साथ ही साथ बदलाव मंच, बदलाव दीदी, घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता,महिलाओं को अपने अधिकार और हक,महिलाओं से संबंधित जैसे बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा,शिक्षा अधिकार, डायन उन्मूलन आदि विषयों के बारे में सभी को जागरूक किया गया एवं जेएसएलपीएस के द्वारा चल रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं दीदियों को सखी मंडल और ग्राम संगठन का नियमित बैठक करना, पंचसूत्रा का पालन करना,खाता बही का संधारण करना तथा महिलाओं को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर बीपीएम मो फैज आलम, वाईपी सारथी कुमारी सहित सभी पंचायतो की जेंडर सीआरपी उपस्थित थे।

## ससमय जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण तथा रजिस्ट्रेशन आवश्यक

- जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जन्म-मृत्यु निबंधन के शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु विषेश प्रचार प्रसार जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा कि 14 जुलाई से- 14-अगस्त 2023 तक जिले भर में शत प्रतिशत जन्म-मृत्यु के निबंधन हेतु विशेष अभियान एवं प्रचार-प्रसार चलाकर लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है। जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को जन्म एवं मृत्यु के निबंधन हेतु जागरूक करने का कार्य करेगा।उल्लेखनीय है कि झारखण्ड राज्य में जन्म-मृत्यु निबंधन का स्तर वर्तमान में लगभग 80 प्रतिशत के आसपास है ।जिसे संतोषजनक नहीं माना जा सकता है। इसके निमित्त दिनांक 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक राज्य में जिला स्तर कोविड के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए जन्म एवं मृत्यु के रजिस्ट्रेशन के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

नियुक्ति पत्र

## युवाओं को राज्य में ही रोजगार से जोड़ने की होगी पहल

# मेगा रोजगार मेला में 1300 युवाओं को दिया गया नियुक्ति पत्र




राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** झारखंड सरकार रोजगार की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही है। झारखंड सरकार बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य के सभी जिलों में सरकारी एवं गैर सरकारी सभी विभागों में लगातार नियुक्तियां कर रही है। मुख्यमंत्री का उद्देश है कि रोजगार की दिशा में झारखंड को बेहतर करने के लिए जंगलों पहाड़ों में रहने वाले लोगों को भी रोजगार से जोड़ा जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम सभी कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार पिछले 3 वर्षों में रोजगार के मामले में कोविड-19 से जूझते हुए सफलता हासिल की है। दूसरे प्रदेशों में काम करने वाले युवाओं को उसको स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। सरकार गरीब गुरबे, गरीब किसानों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है साथ ही इन किसानों को प्रशिक्षित जा रहा है। कौशल विकास विभाग विभिन्न जिलों में अच्छा काम कर रही है। जो लोग रोजगार से जुड़ना चाहते हैं उसके लिए सरकार का दरवाजा खुला हुआ है। सरकार चाहती है कि खनिज संपदा के रहते हुए भी रोजगार के क्षेत्र में हमारा राज्य आगे रहे। यह बातें श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोगता ने कही। वे आज मेदिनीनगर के टाउन हॉल में बेरोजगार युवक-युवतियों के बीच श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा आयोजित मेगा रोजगार मेला में बोल रहे थे। मेगा रोजगार मेला का उद्घाटन झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद सहित अन्य लोगों ने दीपप्रज्वलन कर किया गया। मेगा रोजगार मेला में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 4000 से अधिक युवक-युवाओं ने भाग लिया, जिसमें 1600 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया तथा 1300 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा

## न्यूज फटाफट

### विधायक ने इलाज के लिये दिया 50 हजार का चेक



**पलामू :** गुर्दा रोग जैसे गंभीर बीमारी से पीड़ित हरिहरगंज निवासी दिनेश कुमार गुप्ता के आग्रह पर हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री गरीबी बिमारी सहायता निधि से 50 हजार रूपए का डिमांड ड्राफ्ट देकर आर्थिक सहयोग दिया है। बता दें कि बीते दिनों पीड़ित दिनेश ने विधायक श्री सिंह से मुलाकात कर ईलाज में आर्थिक सहयोग करने का आग्रह किया था। इसे देखते हुए विधायक ने इंसानियत और मानवता दिखाते हुए ईलाज में सहयोग के तौर पर दिनेश के परिजन को उक्त राशि का चेक प्रदान किया। वर्तमान में दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ टिंकू चंडीगढ़ के एक अस्पताल में गुर्दा के प्रत्यारोपण के लिए भर्ती हैं। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दिनेश कुमार गुप्ता के यथाशीघ्र स्वस्थ होने की कामना बाबा भोलेनाथ से की है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी वे कई लोगों को इलाज में सहायता के तौर पर राशि उपलब्ध कराई है। इस बाबत एनसीपी जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित दिनेश कुमार गुप्ता की इलाज में सहायता के लिए माननीय विधायक ी सिंह के पास हरिहरगंज प्रखण्ड इकाई के नेताओं ने सार्थक पहल किया था। बीमार दिनेश की इलाज में सहायता के लिए एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह , विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ताओं ने विधायक की प्रसंशा की है। नेताओं ने कहा है कि विधायक सिंह जरूरतमंदों की सहायता में हमेशा तत्पर रहते हैं।

### विधायक से ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग



**पलामू :** जिले के हरिहरगंज शहरी क्षेत्र अंतर्गत न्यू एरिया मजार मोहल्ला के निवासियों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ ही विभागीय कार्यपालक अभियंता से 200 केवीए के ट्रांसफर लगवाने की मांग की है। इस संबन्ध में राहुल गोस्वामी, रमेश साव , जनेश्वर पासवान , सुनील कुमार, अभिषेक कुमार , मुकेश कुमार , रवि कुमार, बिरेंद्र सिंह , उदय राम सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि करीब सौ घरों के बीच सतगावां स्थित 100 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति होती थी। किंतु उक्त ट्रांसफार्मर पर ज्यादा लोड होने के कारण मोहल्ले वासियों को सही वोल्टेज में बिजली नहीं मिल पाती है। जिस कारण मोहल्ले वासियों को महीनों से अंधेरे में रहने को विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली के नही रहने से लोग गर्मी से व्याकुल हैं। जबकि कई बीमार बुजुर्गो की हालत भी दयनीय है। उन्होंने कहा कि इस इलाके में पहले से लगे पोल तार की दयनीय स्थिति से लोग परेशान हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विस क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री सिंह के प्रति लोगों का पूर्ण भरोसा है कि वे मोहल्लेवासियों की इस समस्या का शीघ्र ही समाधान कराएंगे। उनका कहना है कि अब इस इलाके में कई लोग नए घर बनाकर रहने लगे हैं जो नए बिजली कनेक्शन लेने से पहले इसका समाधान चाहते हैं।

### भाजपा का महा जनसंपर्कअभियान अंतिम चरण में



**पाकुड़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्षो की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित किए जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के आखिरी चरण में भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय के नेतृत्व में पाकुड़ नगर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस जनसंपर्क अभियान में पाकुड़ के प्रसिद्ध उद्योगपति विशाल अग्रवाल सहित कई विशिष्ट परिवारों को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने विशिष्ट परिवारों को अंग वस्त्र पहना कर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नौ वर्ष के कार्यकाल पर आधारित साहित्य भेंट कर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि भाजपा बिना किसी भेदभाव के सब का साथ सबका विकास किस सिद्धांत पर निरंतर आगे बढ़ रही है। कोरोना संक्रमण काल के बाद से सभी को शासन द्वारा राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि कोई भी परिवार भूखे न रह सके। भाजपा ने तमाम ऐसी कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं, जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र त्रिवेदी, नगर महामंत्री सोहन मंडल, रविशंकर झा, पिंका पटेल सहित कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### टीवी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी की गई स्वास्थ्य गांव यक्ष्मा मुक्त की परिकल्पना

पाकुड़ :जिला मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख चन्दना माल पहाड़िया की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति पाकुड़, जिला यक्ष्मा केंद्र पाकुड़, पंचायती राज संस्था एवं पिरामल स्वास्थ के सहयोग से सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए स्वस्थ गाँव यक्ष्मा मुक्त की परिकल्पना से विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. शफीक आलम ने बताया की स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा आयुष्मान भारत- हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं ग्राम पंचायत सदस्यो के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं ।जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ अहतेशामुद्दीन ने बताया की पाकुड़ जनजातीय बाहुल्य जिला होने के कारण जनजातीय समुदाय में यक्ष्मा से मुक्ति हेतू पंचायत राज संस्था के सदस्य जैसे प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया,वार्ड सदस्यों एवं समुदाय के संभावित वयक्तियों द्वारा ग्राम क्षेत्र से टी . वी. के संभावित मरीजों हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रेफर करने में अहम योगदान रहेगा ।पिरामल स्वास्थ के मनोज महतो ने बताया की अब राज्य तथा केंद्र सरकार 'टीबी मुक्त पंचायत' पहल के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए प्रयासरत है। पिरामल स्वास्थ के अर्जुन दास ने बताया की पंचायत राज के सदस्य जन आरोग्य समिति,ग्राम स्वास्थ्य,स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठकों में टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने की शर्तो, संकेतकों पर प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं कठिनाईयों का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

**शहर >> अपडेट**

### खेल प्रतियोगिता का आयोजन

कुडू : लोहरदगा प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा युवा सद्भावना मंच के बैनर तले गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से बीडीओ मनोरंजन कुमार,सीओ प्रवीण कुमार सिंह,प्रशिक्षक सेंसई अमित कुमार सिंहऔर करीब दो दर्जन बच्चों ने भाग लिया।

**सिटी अपडेट्स >>**

### विश्व युवा कौशल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा:** होटल अमृत पैलेस लोहरदगा में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 100 युवक शामिल हुए। जिले में कार्यरत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी सहित मिटकॉर्न मेगा स्किल सेंटर, एसजीआरएस प्रा. लि. स्किल मिशन,एरोसॉफ्ट हेल्थ केयर,निष्ठा,जिला नियोजनालय लोहरदगा जैसी कौशल विकास एजेंसियां भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम का उदघाटन मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अविनाश विद्यार्थी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने विश्व युवा कौशल दिवस के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन का मुख्य मकसद 18 वर्ष की उम्र से अधिक के युवाओं को बेहतर रोजगार एवं उधमिता के अवसर हेतु आवशयक कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना है ताकि वे स्वयं को आवश्यक कौशल से लैस कर आज पूरे विश्व में तेजी से बदलते सामाजिक आर्थिक परिवेश से सामंजस्य बैठा सकें। संस्थानों ने फैशन डिजाइन एवं सॉफ्ट स्किल, सिलाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, ब्यूटीशियन, राज मिस्त्री, ड्राइवर, नर्स, सेटरिंग मिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबरिंग और बढ़ई प्रशिक्षण, सिक्योरिटी गार्ड आदि से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गयी। प्रत्येक कौशल विकास कार्यक्रम के लिए आवश्यक योग्यता, निशुल्क प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण अवधि के बारे में भी जानकारी दी गई। सभी संस्थानों ने प्रशिक्षण उपरांत जॉब प्लेसमेंट की सुविधाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम स्थल पर कौशल विकास से संबंधित विभिन्न संस्थानों ने विस्तृत जानकारी देने हेतु स्टाल भी लगाया था।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### पंचायत सचिवालय के रास्ता को लेकर मुखिया ने लिखा डीडीसी को पत्र

जयनगर : प्रखंड के ककरचोली पंचायत के मुखिया राजकुमार यादव ने उप विकास आयुक्त कोडरमा को पत्र लिखकर मांग किया है कि पंचायत सचिवालय से हमारे पंचायत के अन्य गांव सहित प्रखंड मुख्यालय तक आने जाने का कोई भी कच्चा रास्ता तक नहीं है। जिसकी लिखित जानकारी पूर्व प्रमुख अंजू देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी के द्वारा दिशा की बैठक में दी जा चुकी है। पंचायत सचिवालय ककरचोली जाने का एक तरफ जहां कच्चा रास्ता था वहां रेलवे की चारदीवारी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ अक्तो नदी में पानी होने के कारण पंचायत सचिवालय जाने का सारा संपर्क टूट गया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि अंचल अधिकारी को भूमि मापी करवाकर भू अर्जन विभाग को उसकी रिपोर्ट भेजने का आदेश भी निर्गत है परंतु अभी तक प्रगति शून्य है। आमलोग एवं पंचायत कार्यकारिणी का भी पंचायत सचिवालय से पूर्ण रूपेण संपर्क टूट गया है, जिसकी जानकारी दे रहे हैं।

**बैठक**

## 1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट गोडा में शुरू

# अदाणी ने की शेख हसीना से भेंट

- **800 मेगावाट क्षमता वाली बिजली संयंत्र की पहली इकाई ने इस साल अप्रैल में अपना सीओडी हासिल किया है**
- **झारखंड के गोड्डा में 1,600 मेगावाट की थर्मल पावर स्थापित की है**



**राष्ट्रीय खबर**

**गोड्डा :** अदानी समूह के अध्यक्ष गौतम अदानी ने शनिवार को 1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल गोड्डा बिजली संयंत्र के पूर्ण लोड प्रारंभ और हैंडओवर पर बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना से मुलाकात की।

1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल गोड्डा पावर प्लांट के पूर्ण लोड प्रारंभ और हैंडओवर पर बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। गौतम अडानी ने एक ट्वीट में उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश की समर्पित टीमों को सलाम करता हूं जिन्होंने साढ़े तीन साल के रिकॉर्ड समय में संयंत्र को चालू करने के लिए कोविड का सामना किया।

अदाणी पावर ने एक समर्पित ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) को उत्पादित बिजली की आपूर्ति के लिए झारखंड के गोड्डा में 1,600 मेगावाट की थर्मल पावर स्थापित की है।

अदाणी पावर की ओर से जून में विज्ञप्ति जारी कर गोड्डा प्लांट पूरी तरह से चालू होने की जानकारी देते हुए कहा कि अदाणी पावर लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी पावर झारखंड लिमिटेड (एपीजेएल) ने 26 जून को गोड्डा जिले में अपने 800 मेगावाट के गोड्डा अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (गोड्डा यूएससीटीपीपी) की दूसरी इकाई के वाणिज्यिक संचालन की तारीख हासिल कर ली है।

इसमें कहा गया कि गोड्डा बिजली संयंत्र की दूसरी इकाई के वाणिज्यिक संचालन परीक्षण सहित विश्वसनीयता रन रेस्ट 25 जून को बीपीडीबी और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ बांग्लादेश (पीजीसीबी) के अधिकारियों की उपस्थिति में पूरा किया गया था।800 मेगावाट क्षमता वाली बिजली संयंत्र की पहली इकाई ने इस साल अप्रैल में अपना सीओडी हासिल किया है।

गौतम अडानी ने पिछले साल सितंबर में भारत यात्रा के दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। शुक्रवार को अदाणी पावर के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश अदाणी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात करके झारखंड को 400 मेगावाट बिजली जल्द ही उपलब्ध कराने की बात कही है।

## डीडीसी ने सुनी आमजनों की समस्या



**राष्ट्रीय खबर**

**चतरा:** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, राशन कार्ड संबंधित मामले समेत अन्य मामले का जनता दरबार के माध्यम से लोगों की परेशानी सुनी गई।

## विशेश्वर धाम में रूद्राभिषेक का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड कार्यालय के निकट स्थित विशेश्वर धाम मंदिर में शनिवार को सावन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी एवं श्रावन शिवरात्रि व्रत के अवसर पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। बता दें कि आज के दिन भगवान शिव को समर्पित श्रावन प्रदोष व्रत ओर श्रावन शिवरात्रि व्रत रखा गया। शास्त्रों के अनुसार आज के दिन शुभ मुहूर्त में भगवान शिव की उपासना करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इसके साथ आज तीन अत्यंत शुभ योग का निर्माण हो रहा है। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं पुरुष उपवास करके भगवान शिव की आराधना करते हुए फुल फल के साथ पूजा अर्चना की ओर साथ ही साथ रुद्राभिषेक एवं हवन किया गया। रुद्राभिषेक के दौरान खीर का भोग चढ़ाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## मूल्य से अधिक पैसे में बेच रहे शराब

**राष्ट्रीय खबर**



तेनुघाट:बोकारो जिले में सरकारी शराब दुकानों का संचालन उत्पाद विभाग बोकारो के द्वारा किया जा रहा है। उत्पाद विभाग के प्रधान सचिव विनय चौबे के बावजूद शराब दुकानों में कीमत से ज्यादा पैसे की वसूली की जा रही थी। ऐसे में हम कह सकते हैं कि विभाग के अधिकारियों को अपने प्रधान सचिव का कितना खौफ है यह आपको देखने को जरूर मिल गया। अभी ये मामला के बीते कुछ ही दिन हुए है की बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार प्रखंड अंतर्गत तेनुरोड़ मे स्थित शराब दुकान मे संचालन का मनमानी देखने को मिला। दुकानदार द्वारा हर शराब पर अपने सुबिधा अनुसार मूल्य से अधिक पैसा वसूला जा रहा है। जब इसकी सूचना अबकारी विभाग बोकारो के रवि कुमार को दी गई तो उन्होंने दुकानदार से क्या बात किया की दुकानदार मूल्य से ज्यादा पैसे लिए हुऐ पैसे को वापस कर दिया। लेकिन ये मामला किसी एक व्यक्ति के साथ नहीं है शिकायत करने के बाद भी शराब दुकानदार मे किसी तरह का खौफ नजर नहीं आता है। कहीं न कहीं पदाधिकारी की मिली भगत दिखती है। अब देखना है की मद निषेध विभाग की मंत्री इस पर किस तरह से नकेल कसती है। दुकानदार से अधिक मूल्य केबारे मे पूछने पर साफ तौर पर कैमरे मे कहते नजर आ रहे है की ऊपर से ही आदेश है।

## जमीन को लेकर विवाद, दो गुटों में झड़प



**राष्ट्रीय खबर**

**मरकच्चो :** प्रखंड के पंचायत महुगांय के ग्राम लालगढ़ में सरकारी जमीन को लेकर गुरुवार को दो गुटों में भिड़ंत हो गई। जानकारी हो कि ग्राम लालगढ़ में खाता नंबर 161 प्लॉट संख्या 354 रकबा 9 एकड़ 75 डिसमिल भूमि गैरमजरूआ खास है। उक्त भूमि में चुरामणि देवी महेश तुरी, मेघलाल तुरी शांति देवी विनोद तुरी कुल 6 लोगों के साथ जमीन 1988 में एक-एक एकड़ बंदोबस्त दी गई थी। कुछ भाग में स्कूल खेल मैदान बना हुआ था एवं कुछ जमीन खाली थी। इसी दौरान गुरुवार को स्कूल के बच्चे बंदोबस्त धारी के घर की तरफ चले गए बंदोबस्त धारी द्वारा बच्चों को डांट फटकार किया गया।इसी को लेकर बच्चे के माता-पिता एवं उसके साथ पूरे ग्रामीण बंदोबस्त धारियों के साथ झगड़ा झंझट मारपीट हो गई जिसे लेकर मामला मरकच्चो थाना पहुंचा।

## डीएवी में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:**डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा में शनिवार को सहगामी क्रिया कलाप के अंतर्गत अंतर्सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में चारों सदनों के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोक नृत्य एवं देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रत्येक सदन के बच्चों ने अलग-अलग समूहों में दो - दो नृत्य प्रस्तुत किए। लोक नृत्य प्रस्तुत करते हुए बच्चों ने विभिन्न प्रांतों के कला और संस्कृति को प्रस्तुत किया। बच्चों ने देशभक्ति नृत्य को प्रस्तुत करते हुए सभी दर्शकों एवं निर्णायिकों को देशभक्ति के रंग से सराबोर कर दिया। लोकनृत्य का निर्णय कुछ इस प्रकार रहा राजा राममोहन राय के प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत गुजराती नृत्य को प्रथम स्थान, दयानंद सदन द्वारा प्रस्तुत लावणी को द्वितीय एवं रामा कृष्णा सदन के राजस्थानी नृत्य को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## अमृत सरोवर योजना का किया निरीक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**जयनगर:** प्रखंड के पंचायत रूपायडीह मौजा गुडगुड़ी एवं घरौंजा पंचायत के मौजा मुसौवा में अमृत सरोवर तालाब का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी, जयपाल सोय ने किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि अमृत सरोवर का निर्माण जिसका मुख्य उद्देश्य जलस्तर को बढ़ाना एवं इसके माध्यम से मत्स्य पालन करके लोग अपने रोजगार के अवसर को भी बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा इस तरह की योजनाओं से सिंचाई के लिए किसानों को काफी लाभ मिलने की संभावना दिखती है। स्वरोजगार के दृष्टिकोण से यह योजना काफी लाभप्रद सिद्ध हो सकती है। मौके पर बीपीओ रवी शंकर, कनीय अभियंता सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यशाला**

## अभियान के तहत जिला स्तर पर स्वच्छता का किया जाना है निरीक्षण

# स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा:**शनिवार को समाहरणालय कोडरमा स्थित सभागार में अपर समाहर्ता अनिल तिर्की की अध्यक्षता में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2023 अभियान को सफल बनाने हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सुमन कुमारी जिला समन्वयक ने अभियान में अब तक किए गए एवं किए जाने वाले कार्यों जैसे ग्रामीण स्वच्छता मूल्यांकन, सहकर्मी सत्यापन, केंद्रीय टीम के द्वारा चयनित ग्रामों पंचायतों का क्षेत्र भ्रमण, निर्मित संरचनाओं का निरीक्षण इत्यादि विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्रीय टीम के द्वारा घरेलू निरीक्षण, ग्राम स्तर का निरीक्षण, सामुदायिक स्थलों का निरीक्षण के साथ-साथ प्रखंड एवं जिला स्तर पर भी निरीक्षण किया जाना है एवं निरीक्षण में प्राप्त अंकों के आधार पर राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पंचायतों को 2 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के द्वारा सम्मानित करने का कार्य किया जाएगा।

इस हेतु सभी प्रखंड समन्वयक, सोशल मोबिलाइजर को अपने अपने कार्य क्षेत्र में सभी ग्राम के एक एक घर में लोगों को जागरुक करते हुए उन्हें जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यशाला में कार्यपालक अभियंता अभय टोप्पो ने 2023 में जिला को अच्छा रैंकिंग दिलाने हेतु मिशन मोड में कार्य करने के लिए सभी को निर्देशित किया गया। कार्यशाला में अपर समाहर्ता ने सभी संबंधित को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने एवं जिला को स्वच्छ रखने हेतु कई आवश्यक निर्देश दिए। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से डीपीएम जेएसएलपीएस, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी बीडीओ समेत सभी जिला समन्वयक, सभी प्रखंड समन्वयक, सोशल मोबिलाइजर, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व अन्य उपस्थित थे।

**न्यूज फटाफट**

### विश्व हिंदू परिषद की बैठक आज

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आज रविवार को सुबह 11 बजे से विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझु ने बताया की जिला के निदेर्शानुसार बैठक का आयोजन किया जाना है। इस प्रखंड स्तरीय बैठक में आगामी छह माह की कार्य योजना,संगठन के विस्तारीकरण,प्रखंड के सभी खंडों में विश्व हिंदू परिषद का समिति विस्तार पर चर्चा होगी ।वही अयोध्या में बन रहे भगवान राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 29 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चलने वाले राम शौर्य शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद के द्वारा निकाला जाना है। जिस पर चर्चा होगी । प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझु ने सभी प्रखंड समिति के सदस्यों एवं राम भक्तों को इस बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### बीज की बिक्री पर लगे रोक :अनीता देवी

**बालूमाथ :** लातेहार जिला उपाध्यक्ष अनीता देवी ने जिला कृषि पदाधिकारी लातेहार को पत्र लिखकर बाजार हाटों में अवैध तरीके से की जा रही बीज की बिक्री पर अविलंब रोक लगाने का निर्देश दिया है।उन्होंने बताया है। कि लातेहार जिले के अंतर्गत बाजार हाटों में अवैध तरीके से बीज की बिक्री की जा रही है। जो कि बीज नियंत्रण आदेश 1983 का सरासर उल्लंघन है। आदेश के अनुसार किसी भी फसल के बीज की बिक्री बीज अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा नियत स्थान पर ही की जानी है। बाजार हाट में बिकने वाला बीज या तो एक्सपायरी डेट या कम गुणवत्ता का होता है। जिससे फसल ना होने की स्थिति में किसान ठगा सा महसूस करता है। एक्सपायरी और कम गुणवत्ता की बीजों की बिक्री पर अविलंब रोक लगाया जाए और खुदरा बीज विक्रेताओं से बीज का नमूना एकत्र कर जांच हेतु बीज परीक्षण केंद्र भेजा जाए,ताकि कम गुणवत्ता और एक्सपायरी डेट के बीजों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके। और किसानों को राहत पहुंचाई जा सके।

### कई स्कूलों में प्लस टू की अतिरिक्त सीटें बढ़ी

कोडरमा : उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत कोडरमा जिला के दो उत्कृष्ट विद्यालय सीडी +2 बालिका उवि, झुमरीतिलैया प्रखण्ड कोडरमा एवं सीएम +2 उवि डोमचांच प्रखण्ड- डोमचांच में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिशा-निदेश में संबंधित दोनों विद्यालयों में क्रमशः 200 सीट (5 सेक्शन) तथा 120 सीट (3 सेक्शन) पर नामांकन लेने के कारण संबंधित विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के छात्र, छात्राओं को कक्षा 9 में नामांकन में कठिनाई हो रही थी। इस संबंध में कक्षा 8 पास करने वाले छात्र, छात्रा तथा उनके अभिभावकों के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु अभ्यावेदन दिया जा रहा था, जिसे देखते हुए उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर एवं छात्र छात्राओं के शैक्षिक हित को दृष्टिपथ पर रखते हुए दोनों उत्कृष्ट विद्यालय में अतिरिक्त सीटें (सेक्शन) बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें सीडी +2 बालिका उवि, झुमरीतिलैया प्रखण्ड कोडरमा पूर्व में निर्धारित सीट 200 के अतिरिक्त 80 सीट की वृद्धि की गयी है तथा सीएम +2 उवि, डोमचांच प्रखण्ड में 120 सीटों के अतिरिक्त 120 सीटों में वृद्धि करते हुए क्रमशः 280 सीट तथा 240 सीट निर्धारित किया गया है। इस संबंध में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, वार्डन को प्रतीक्षा सूची से नामांकन लेने हेतु निदेश दिया गया है।

### नाबालिग के अपहरण का लगाया आरोप

मरकच्चो : थाना अंतर्गत पंचायत पपलो के ग्राम महुवाटांड निवासी मोहम्मद जावेद की 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री को अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर मरकच्चो थाना में नाबालिग के पिता ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिए आवेदन में कहा कि मेरी बेटी महुआटांड़ स्थित बंजारा एकेडमी विद्यालय में पढ़ने गई थी। जो स्कूल छुट्टी होने के बाद घर वापस नही आई तो हम सब इधर उधर एवम विद्यालय में खोजबीन करने लगे तो पता चला कि मेरी बेटी विद्यालय से शौच के लिए बाहर निकली थी वही घात लगा कर बैठ अरशद अंसारी उम्र 25 वर्ष पिता गफूर अंसारी ग्राम गोरहंद थाना धनवार जिला गिरिडीह जो अपने जीजा मुस्तकीम अंसारी ग्राम कोशडिहरा थाना मरकच्चो जिला कोडरमा के सहयोग से जबरजस्ती पकड़ कर उठा ले गये। पूर्व में भी मेरी बेटी मुझे कई बार बताई की अरशद अंसारी स्कूल जाने के समय तंग तबाह करता था। अभी मुझे अरशद अंसारी फोन पर धमकी दे रहा है कि अगर तुम मेरे विरुद्ध कोई मुकदमा किया तो अपनी बेटी से हाथ धो देना और तुमको और तुम्हारे परिवार को भी जान से मार देंगे। वही थाना प्रभारी लव कुमार ने आवेदन के आलोक में मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दिया है।

### बिजली चोरी को लेकर सात पर प्राथमिकी

मरकच्चो : थाना क्षेत्र में बिजली चोरी कर अपने घरों में जलाने का सिलसिला जारी है। जिसे लेकर कनीय अभियंता मरकच्चो हरीकृष्ण केसरवानी के नेतृत्व में छापामारी किया गया। जहां बिजली चोरी करने को लेकर थाना क्षेत्र के 7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। कनीय अभियंता ने बताया कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के इमामन मियां, मोहमद इस्लाम मियां, शाहिद अख्तर, बदरुद्दीन मियां सभी ग्राम कोंडराडीह, द्वारिका प्रसाद यादव, शंकर यादव दोनो ग्राम बेलाडीह एवम लालो साव ग्राम दशारो कला सभी थाना मरकच्चो के निवासी हैं जो बिजली की चोरी करते हुए पकड़े गए हैं। सभी उक्त लोगो पर आठ हजार रुपए का भी जुर्माना लगाया गया है।

### ग्राइंडर की चपेट में आने से मजदूर घायल

कोडरमा : थाना अंतर्गत चेचाई में शनिवार को ग्राइंडर मशीन से दीवार काटने के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर की पहचान असनाबाद निवासी मोहम्मद नदीम उम्र 25 वर्ष पिता मोहम्मद मुंशी के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से गंभीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। घायल ने बताया कि वह एक घर में मजदूरी का काम कर रहा था। इस दौरान ग्राइडर मशीन से दीवार काटने के दौरान ग्राइंडर मशीन का ब्लेड टूटकर उसके चेहरे पर लग गया। जिसमें उसकी नाक कट गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर को सदर अस्पताल में लाया गया, बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 18 को

जयनगर : प्रखंड के बाघमारा में सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में दिन मंगलवार 18 जुलाई को 11 से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सहित कई लोग अतिथि रहेंगे। इस आशय की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य प्रो. दशरथ प्रसाद राणा, निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दिया। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न सरकारी सेवाओं में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को सेवा देने का अवसर प्राप्त हुआ है जिसके सम्मान में यह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

### थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक

**कुडू :** आगामी मुहर्रम त्योहार को लेकर कुडू थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह ने पंडरा पंचायत के मेलाटांड़ में ग्रामवासियों के साथ बैठक कर ग्रामीणों और मुहर्रम कमिटी के सदस्यों से मुहर्रम की जानकारी हासिल की और लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने का अपील की। बैठक में पंडरा के अलावा मराडीह, चेटर, हुरहद, मकान्दू, उडूमुडु बारीडी, कौव खाब, चंदलासो, हेंजला, जिदो आदि गांव के लोग उपस्थित हुए। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम पर्व का एक अलग महत्व है।

## न्यूज फटाफट

### अमेरिकी ओपन: लक्षय सेमीफाइनल में, सिंघू का सफर खत्म



**वशिंगटन:** हाल ही में संपन्न कनाडा ओपन के विजेता और भारत के स्टार शटलर लक्षय सेन हमवतन शंकर मुथुसामी को हरा कर अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर गये हैं। शुक्रवार को खेले गये सेमीफाइनल में लक्षय का सामना चीनी शटलर ली शि फेंग से होगा। लक्षय ने चेन्नई के युवा शटलर शंकर को आसान मुकाबले में 21-10, 21-17 से मात दी। करीब 38 मिनट तक चले मैच में शंकर कभी भी लक्षय के सामने टिकते दिखायी नहीं दिये। उधर, महिला एकल में पीवी सिंघू को एक बार फिर महत्वपूर्ण मोड़ पर हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड नंबर 12 सिंघू को चीन की गाओ फांस जि ने 22-20, 21-13 से हराया। सिंघू को चीनी बाला ने शुरू से ही परेशान किया। पहले गेम में सिंघू ने हालांकि कडी टक्कर दी मगर दूसरे गेम में वह प्रतिद्वंदी के सामने थकी नजर आयी जिसका भरपूर फायदा उठाते हुये फांस जि ने उन्हे उबरने का मौका नहीं दिया और अंतिम चार में अपनी जगह बना ली।

### पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी प्रभाकर मिश्रा का निधन



**नयी दिल्ली:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को भारत के पूर्व वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रभाकर मिश्र के निधन पर शोक व्यक्त किया। मिश्र का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को झारखंड के रांची में निधन हो गया था। वह 75 वर्ष के थे। मिश्र सत्तर के दशक में भारतीय फुटबाल टीम का हिस्सा थे। वह 1976 में ढाका में आगा खान गोल्ड कप के लिए टीम में शामिल हुए और श्रीलंका के खिलाफ गोल करने का गौरव हासिल किया। घरेलू स्तर पर वह बिहार के लिए खेलते थे और उन्होने राज्य की फुटबाल टीम का नेतृत्व किया था। संतोष ट्रॉफी में टीम से संन्यास लेने के बाद मिश्रा ने कोचिंग की ओर रुख किया और बिहार-झारखंड क्षेत्र में प्रतिभाओं को निखारने के लिए अथक प्रयास किया। मिश्रा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा ''''प्रभाकर मिश्रा की मृत्यु बिहार में फुटबॉल के लिए एक बड़ी क्षति है। झारखंड और पूरे देश के फुटबाल प्रेमियों की भावनाएँ इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ है।'' एआईएफएफ महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने कहा ''प्रभाकर मिश्रा जीवन भर फुटबॉल के प्रति समर्पित रहे। मैं उनके निधन से दुखी हूं।''

### हार का कारण खराब बल्लेबाजी बनी: ब्रेथवेट



**डोमिनिका:** भारत के खिलाफ शर्मनाक हार से झल्लाये वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने कहा कि बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन हार के मुख्य कारक बना। ब्रेथवेट ने कहा '' हमने पहली पारी में सिर्फ 150 रन बनाये जो पर्याप्त नहीं थे, भारत की बैटिंग लाइनअप मजबूत है और उन्होने इसे साबित कर दिखाया। दूसरी पारी में हमारे पास 271 रन की लीड से पार पाने की चुनौती थी। हमारे बल्लेबाजों को दवाब को दूर रख कर संयम से बल्लेबाजी करनी चाहिये थी जो हम नहीं कर सके। मैं भी असफल रहा। कप्तान होने के नाते मुझे रन बनाने चाहिये थी ताकि टीम का हौसला बढ़ सके।'' भारतीय गेंदबाजो की तारीफ करते हुये उन्होने कहा '' चैंपियन गेंदबाजों के सामने बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण होता है मगर हमे जिम्मेदारी से खेलना चाहिये था। हमारे बल्लेबाजों का शाट सेलेक्शन खराब था जबकि बल्लेबाज बल्ले की बजाय पैड का प्रयोग ज्यादा कर रहे थे जो उनके सस्ते में आउट होने का सबब बना।'' गौरतलब है कि भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 141 रनों से हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज की पहली पारी 150 रन और दूसरी पारी 130 रन पर आउट हो गयी थी जबकि भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 421 रन बना कर समाप्त घोषित कर दी थी। भारत की ऐतिहासिक जीत में यशस्वी जायसवाल और रविचंद्रन अश्विन की भूमिका सबसे अहम रही।

**नाराजगी** पहलवानों का दंगल अब राजनीति के अखाड़े तक आ पहुंचा

# पारदर्शिता की मांग पर पीएम मोदी और अमित शाह को पत्र

- मुकदमे का आंदोलन से कोई लेना-देना नहीं है
- अशांति को देखकर तदर्थ समिति के सदस्यों ने एक नई योजना बनाई

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** एशियाई खेलों के लिए दो चरण के ट्रायल को लेकर पहलवानों का एक बड़ा वर्ग नाराज है। इनमें अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता भी हैं। उन्होंने जरूरत पड़ने पर अदालत जाने की धमकी दी है। कई महिला पहलवानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर एशियाई खेलों के ट्रायल पूरी पारदर्शिता के साथ कराने की मांग की है। उन्होंने इसी मांग के साथ अखिल भारतीय ओलंपिक संगठन (आईओए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) को पत्र लिखा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को भी पत्र भेजा गया है। देश में पहलवानों का एक वर्ग एशियाई खेलों और विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के ट्रायल को लेकर आशंकित है। उन्हें डर है कि पहलवान बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले देश के शीर्ष छह पहलवानों को अतिरिक्त लाभ दिया जा सकता है। इसलिए, प्रधान मंत्री के अलावा, कई महिला पहलवानों ने ट्रायल की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आईओए और साई को पत्र लिखा है। इनमें कई ऐसे पहलवान भी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं। इसी मांग को लेकर रोहतक के सर चतुरम अखाड़े की 24 महिला पहलवानों ने साई महानिदेशक संदीप प्रधान को अलग से पत्र लिखा है। उन्होंने साफ कर दिया है कि अगर उन्हें अतिरिक्त लाभ दिया गया तो विरोध करने वाले पहलवान नहीं मानेंगे। उन्होंने इस बात पर भी सवाल उठाया है कि ट्रायल दो चरणों में क्यों किया जाएगा। गौरतलब है कि आईओए द्वारा नियुक्त तदर्थ समिति ने कहा था कि एशियाई खेलों के लिए कुश्ती का ट्रायल 22 और 23 जुलाई को होगा। अभी यह घोषणा नहीं की गई है कि ट्रायल कैसे किया जाएगा। इससे पहले 16 जून को कुश्ती संगठन की ओर से भूपेन्द्र सिंह बाजवा ने कहा था कि बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, बिनेश फोगाट को अतिरिक्त समय देने की मांग को देखते हुए ट्रायल दो चरणों में होगा।

पहले चरण में सभी पहलवान ट्रायल देंगे। दूसरे चरण में छह पहलवान प्रतिस्पर्धा करेंगे। वह पहले एपिसोड के विजेता से लड़ेंगे। विजेता एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। देश के पहलवानों का एक बड़ा हिस्सा ट्रायल के इस तरीके को स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने सवाल उठाया है कि छह लोगों को अतिरिक्त लाभ क्यों दिया जाएगा। सवाल उठाया गया है कि बजरंग, गवाहों को सिर्फ एक मैच खेलने के बाद किस आधार पर मंजूरी मिल जाएगी। उनका दावा है कि मुकदमे के बारे में सभी को बहुत पहले से पता था। फिर बजरंग, गवाह समय पर तैयार क्यों नहीं हुए? उनका यह भी दावा है कि मुकदमे का आंदोलन से कोई लेना-देना नहीं है।

अशांति को देखकर तदर्थ समिति के सदस्यों ने एक नई योजना बनाई। सूत्रों के मुताबिक, ओलंपिक या विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले पहलवानों को पहले दौर के ट्रायल से बाहर रखा जा सकता है। तब बजरंग, साक्षी, विनेशेरा के अलावा कुछ पहलवानों को वह लाभ मिलेगा। आंदोलनकारियों को अतिरिक्त लाभ देने का कोई आरोप नहीं लगेगा। केंद्रीय गृह एवं खेल मंत्री को लिखे पत्र में कहा गया है, अगर तीन ओलंपियन पहलवानों को अतिरिक्त ट्रायल से छूट दी गई तो यह युवा एथलीटों के साथ अन्याय होगा।

हमारी राय में दो चरणों में ट्रायल का प्रस्ताव उचित नहीं है। यह उभरते पहलवानों के साथ अन्याय होगा। हर किसी को चार से पांच मैच खेलने चाहिए। और क्यों छह लोगों को एक मैच खेलकर क्लीयरेंस पाने का मौका मिलेगा? पात्रता मानदंड समान क्यों न हों? एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता मनीषा ने कहा, नियम सभी के लिए समान होने चाहिए। यदि वे हमें प्रतियोगिता में हरा देते हैं, तो आइए एशियाई खेलों में जाएं। हमें भी राहत होगी। दो अलग-अलग ट्रायल देने में कई दिक्कतें आती हैं। वजन बनाए रखने में कठिनाई। तैयारी ठीक से नहीं की जाती। एशियाई जूनियर कुश्ती में पदक विजेता सारिका ने कहा कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो वह अदालत का दरवाजा खटखटाएंगी। गौरतलब है कि आईओए को पहलवानों के नामों की अंतिम सूची 23 जुलाई तक एशियाई खेलों के आयोजकों को भेजनी है।

## अश्विन का करिश्मा, भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दर्ज की ऐतिहासिक जीत

एजेंसियां



**डोमिनिका:** रविचंद्रन अश्विन (71 रन पर सात विकेट) के करिश्मायी प्रदर्शन के बूते भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच तीसरे दिन शुक्रवार को पारी और 141 रन से जीत लिया। भारत की मिली यह जीत एशिया के बाहर के देश में मिली सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के हीरो रविचंद्रन अश्विन बने जिन्होने मैच की दोनो पारियों में 131 रन देकर 12 विकेट लिए और आठवीं बार 10 विकेट लेने के अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी की। विंडसर पार्क में मेजबान टीम ने पहली पारी में 150 रन बनाये थे जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 421 रन बना कर समाप्त घोषित कर दी। 271 की बड़ी बढ़त लेने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 130 रन पर समेट दिया। कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी मे शुरू में सिर्फ चार ओवर तेज गेंदबाजों से कराये और पिच के मिजाज के भांपते हुये रवीन्द्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन की जोडी को आगे कर दिया जिन्होने अपने कप्तान को निराश नहीं किया। वेस्ट इंडीज का स्कोर अभी आठ रन ही पहुंचा था कि जडेजा ने सलामी बल्लेबाज तैगेनारिन चंद्रपॉल (7) को पगबाधा आउट किया जबकि पारी के 17वें ओवर में कप्तान क्रैग ब्रैथवेट (7) का विकेट चटका कर अश्विन ने अपने कातिलाना स्पेल का आगाज किया। जर्मेनी ब्लैकवुड (5) के दूसरे शिकार बने वहीं रेमन रीफर (11) जडेजा की गेंद पर विकेट के आगे पाये गये। इस बीच मोहम्मद सिराज ने जोशुआ दा सिल्वा (11) को पगबाधा आउट किया जबकि बाद के पांच विकेट अश्विन के खाते में गये। एलिक अथानाजे (28) वेस्टइंडीज की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने जबकि जेसन होल्डर 20 रन बना कर नाबाद पवेलियन लौटे। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 421 रन बना कर समाप्त घोषित कर दी थी। भारत को मैच जिताऊ लीड दिलाने में यशस्वी जयसवाल (171), रोहित शर्मा (103) और विराट कोहली (72) की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## लाजवाब बल्लेबाज है यशस्वी: रोहित

एजेंसियां



**डोमिनिका:** वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली ऐतिहासिक जीत से प्रफुल्लित भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के जज्बे की तारीफ करते हुये कहा कि उनके गजब की प्रतिभा है और दूसरे छोर पर उनको बल्लेबाजी करते देखना सुखद अनुभव रहा। मैच के बाद रोहित ने कहा, '' हमें पता था कि वह (यशस्वी) अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार हैं। पिछले दो साल के उनके प्रदर्शन ने दिखाया था कि वह बड़े मंच के लिए तैयार हैं। उन्होंने धैर्य व संजीदगी के साथ बल्लेबाज़ी की और अपना टेंपरामेंट दिखाया। किसी भी क्षण ऐसा नहीं लगा कि वह तेज़ी में हैं या अपनी योजनाओं से दूर जा रहे हैं। ऐसा देखना अच्छा था।'' उन्होने कहा '' मैंने साझेदारी के दौरान उनसे बस यही कहा कि वह यहां खेलने के अधिकारी हैं। कई बार आप जब पहला टेस्ट मैच खेलते हो तो खुद पर संदेह करते हो कि क्या मैं यहां के योग्य हूं या नहीं। इसलिए मैं उनसे कहता रहा, तुम यहां के योग्य हो। तुमने यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है, तो अब टेस्ट मैच का लुत्फ़ उठाओ। परिणाम की चिंता मत करो, जैसे-जैसे खेलते जाओगे, परिणाम भी तुम्हारे पक्ष में आता जाएगा।'' गौरतलब है कि यशस्वी ने अपने पदार्पण टेस्ट की पहली पारी में 501 मिनट क्रीज पर टिक कर 387 गेंदों का सामना किया और 171 रन बनाए, जो कि किसी भी डेब्यू भारतीय खिलाड़ी के लिए सबसे लंबी पारी है।

## खेल जगत अपडेट्स

### एशियाई खेलों के लिये भारत की टी20 टीम घोषित



**मुंबई:** भारत ने 19 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच होने वाले 19वें एशियाई खेलों हांगझू के लिए अपनी पुरुष टी20 क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। रुतुराज गायकवाड़ को एशियाई खेल टी20 प्रतियोगिता के लिए भारतीय पुरुष टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिह और जितेश शर्मा को जगह दी गयी है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट एकदिवसीय विश्व कप एशियाई खेलों के क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन से ठीक दो दिन पहले पांच अक्टूबर को भारत में शुरू होने वाला है, इसलिए बीसीसीआई ने हांगझू में दूसरी पंक्ति की पुरुष टीम उतारने का फैसला किया है। वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाले टी20 खिलाड़ियों में से छह को बरकरार रखा गया है जिनमें जयसवाल, तिलक, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिह, मुकेश कुमार और अवेश खान शामिल हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी पावर-हिटिंग और फिनिशिंग क्षमताओं का प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिह को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, जबकि जितेश शर्मा वेस्टइंडीज दौरे से बाहर होने के बाद टी20 टीम में लौट आए हैं। प्रभसिमरन सिह टीम में दूसरा विकेटकीपिंग विकल्प हैं। वाशिंगटन सुंदर और राहुल त्रिपाठी की भी टी20 टीम में वापसी हुई है। इसके साथ ही 2020 में भारत के लिये खेलने वाले ऑलराउंडर शिवम दुबे की भी वापसी हुयी है। इनके अलावा शाहबाज़ अहमद और शिवम मावी भी प्रतियोगिता के लिए नामित टीम में शामिल हैं। यश ठाकुर, साई किशोर, साई सुदर्शन के अलावा कैप्ड खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर और दीपक हुडा रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर रखे गये हैं। आईसीसी रिव्यू के हालिया एपिसोड में बोलते हुए, रिकी पोंटिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद जयसवाल और गायकवाड़ दोनों की प्रशंसा की। पोंटिंग ने कहा '' जयसवाल का आईपीएल कुछ खास था। उन्होंने बस एक स्विच फिलक किया और रातों-रात सुपरस्टार बन गए। हर कोई जानता था कि वह एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है, लेकिन इस साल के आईपीएल में मैंने जो देखा, उसमें हर तरह की प्रतिभा है। मैं रिकॉर्ड पर कह रहा हूं कि मुझे लगता है कि (रुतुराज) गायकवाड़ (जायसवाल के समान) हैं।

## बवाल की स्क्रिप्ट सुनकर भावुक हो गये थे वरूण धवन



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन फिल्म बवाल की स्क्रिप्ट सुनकर भावुक हो गये। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म बवाल में वरूण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका है। वरुण धवन ने कहा, जब मुझे बवाल के लिये नैरेशन मिला तो मैं भावुक हो गया। हर बार जब यह हमें सुनाया जाता है, तो मैं भावुक हो जाता हूं। जब आपकी भावनाएं लगातार एक जैसी होती हैं, तभी मुझे लगता है यह एकदम सही स्क्रिप्ट है। जान्हवी कपूर ने कहा, जब पहली बार मेरे सामने बवाल की स्क्रिप्ट का नरेशन किया गया, तो यह लगभग 30 मिनट लंबी था, इसे सुनकर आखिर में मेरे आंखों में आंसू आ गए। मैं कुछ ही हिस्सों में हंसी। साजिद नाडियाडवाला निर्मित फिल्म बवाल प्राइम वीडियो पर 21 जुलाई 2023 को रिलीज होगी।

## प्रभार ने प्रोजेक्ट के का नया पोस्टर शेयर किया

एजेंसियां



**मुंबई:** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास ने अपनी आने वाली फिल्म प्रोजेक्ट के का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की फैन्टसी फिल्म 'प्रोजेक्ट के' में अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण, दिशा पटानी और कमल हसन मुख्य भूमिका में हैं। प्रभास ने वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट के का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। 'प्रोजेक्ट के' का यह पोस्टर देखकर कहा जा सकता है कि यह फिल्म साइंस-फिक्शन पर आधारित होगी। फिल्म के पोस्टर को शेयर करते हुये प्रभास ने कैप्शन में लिखा, प्रोजेक्ट के' की झलक पाने के लिए खुद को तैयार कर लें। 20 जुलाई को अमेरिका में और 21 जुलाई को भारत में। 'प्रोजेक्ट के' एक मल्टीलिंग्वल फिल्म है जो 12 जनवरी, 2024 को रिलीज होने वाली है।

## इस साल के अंत तक सिंघम 3 की शूटिंग शुरू होगी : रोहित शेट्टी

एजेंसियां



**मुंबई:** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक रोहित शेट्टी का कहना है कि इस साल के अंत तक सिंघम 3 की शूटिंग शुरू होगी। अजय देवगन और निर्देशक रोहित शेट्टी सुपरहिट फ्रेंचाइजी सिंघम का तीसरा पार्ट यानी 'सिंघम 3'लेकर आ रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2011 में प्रदर्शित 'सिंघम' और 2014 में प्रदर्शित 'सिंघम रिटर्न्स' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी थी। रोहित शेट्टी ने बताया, फिलहाल मैं खतरों के खिलाडी को लेकर व्यस्त हूं। अभी कुछ हफ्ते इसी में बिजी रहने वाला हूं। उसके बाद मुझे अमेज़ॉन प्राइम वीडियो वाली वेब सीरीज पुलिस फोर्स पर काम करना है। उसका कुछ भाग शूट करना बाकी रह गया है। वह खत्म करने के बाद ही मैं सिंघम 3 से जुडूंगा। सिंघम 3 इस साल के अंत तक शूटिंग फ्लोर पर चली जाएगी इस बार इस फिल्म का कैनवास बहुत बड़ा होने वाला है। 'सिंघम रिटर्न्स' 2014 में आयी थी, तब से अब तक के वक्त में काफी फर्क आ गया है, इसलिए इस बार की सिंघम 3 का कैनवास बहुत बड़ा होने वाला है। हमारी पूरी टीम इसपर काम कर इसे बड़ा बनाने की कोशिश कर रही है।

## थलापति विजय ने गरीब बच्चों की पढ़ाई का उठाया जिम्मा

एजेंसियां



**मुंबई:** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता थलापति विजय ने गरीब बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाया है। थलपति विजय अपने एक्टिंग के साथ- साथ अपने नेक कामों के लिए भी जानें जाने लगे हैं। थलपति विजय जल्द ही गरीब बच्चों की पढ़ाई के लिए अपना एक इंस्टीट्यूट खोलने जा रहे हैं, जिसका नाम थलपति विजय इंस्टीट्यूट होगा। थलापति विजय तमिलनाडु के 234 निर्वाचन क्षेत्रों में थलापति विजय संस्थान शुरू करने जा रहे हैं। उनकी इस पहल का उद्देश्य गरीब छात्रों को शिक्षा प्रदान थलापति विजय ,फैन क्लब, कल्याण संगठन और मक्कल इयक्कम के माध्यम से 'थलापति विजय इंस्टीट्यूट' शुरू करने वाले हैं।

## नेहा राज का गाना 'ॐ नमः शिवाय' रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** सिंगर नेहा राज का शिवभक्ति गीत 'ॐ नमः शिवाय' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। शिवभक्ति गीत 'ॐ नमः शिवाय' को जहां सिंगर नेहा राज ने गाया है, वहीं आंचल सिंह ने अपने शानदार अभिनय से इस गाने को प्रस्तुत किया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत कांवर गीत 'ॐ नमः शिवाय' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को लिखा है गीतकार बेबी दूबे ने, संगीत दिया है संगीतकार विकी वॉक्स ने। इसके निर्देशक रवि पंडित, कोरियोग्राफर विशाल गुप्ता, एडीटर दीपक पंडित हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### पुलिया पार करते समय युवक नदी में गिरा

**सागर :** मध्यप्रदेश के सागर जिले में आज सुबह पुलिया पार करते समय एक युवक नदी में गिर गया। युवक की लगातार तलाश जारी है। शाहगढ़ थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी अमित जैन (23) आज सुबह घर से बाजार सामान लेने निकला था। वो पुलिया पार कर रहा था, इसी दौरान लाख नदी में गिर गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### रिश्वत मामले में पुलिस उप-निरीक्षक गिरफ्तार

**छत्रपति संभाजीनगर :** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक 37 वर्षीय पुलिस उप-निरीक्षक (पीएसआई) को एक शिकायतकर्ता से कथित तौर पर 1,00,000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के प्रेस बयान के अनुसार आरोपी का नाम अशफाक मुस्ताक शेख है, जो शहर के जिंशी पुलिस स्टेशन में तैनात है। आरोपी ने गवाह को छुपाने के लिए एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता हालांकि रिश्वत देने को तैयार नहीं था और उसने शेख के खिलाफ यहां एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। आरोप के आधार पर एसीबी ने जांच शुरू की और यह साबित हुआ कि शेख ने एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसमें कहा गया है कि एसीबी ने कल रात पीएसआई को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब उसने शिकायतकर्ता से रिश्वत ली। उसके खिलाफ सिटी पुलिस स्टेशन में भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ओडिशा में एक एमएलए, पूर्व एमएलए कांग्रेस से निलंबित

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण ओडिशा विधानसभा के सदस्य मोहम्मद मो×कीम तथा पूर्व सदस्य चिरंजीव विस्वाल को पार्टी गतिविधियों के कारण कांग्रेस से निलंबित किया गया है। कांग्रेस अनुशासनात्मक समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर ने शनिवार को बताया कि ओडिशा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शरद पटनायक ने दोनों नेताओं के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों की सूचना दी थी और उसी आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि श्री मोकीम तथा श्री विस्वाल को शिकायतों के आधार पर नोटिस दिया गया ।

**आरोप** भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया और प. दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि

# केजरीवाल बेईमान भी, बहानेबाज भी : भाजपा

- शीशमहल में बैठकर एसी का आनंद ले रहे
- केजरीवाल न केवल बेईमान हैं, बल्कि बड़े बहानेबाज भी हैं



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आज आरोप लगाया कि दिल्ली बाढ़ की चपेट में है और दिल्ली के मुख्यमंत्री खुद कुछ करने की बजाय केन्द्र सरकार, उपराज्यपाल, सेना और एनडीआरएफ पर साजिश करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया और पश्चिमी दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा ने आज यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली बाढ़ की चपेट में आ चुकी है और यहां के नागरिकों को असुविधा हो रही है, जगह-जगह पानी जमा हुआ है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार, भारतीय सेना, उपराज्यपाल का कार्यालय और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें दिन-रात एक कर जनता की सेवा में लगी हैं तो दूसरी ओर अरविंद केजरीवाल की सरकार और उनके मंत्री हैं, जो दोषारोपण करने में लगे हैं। श्री भाटिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने साबित कर दिया कि वह न केवल बेईमान हैं, बल्कि बड़े ह्यबहानेबाजह्ण भी हैं। दिल्ली में जल संकट आया है और आम आदमी पार्टी के नेता व मंत्री बता रहे हैं कि गलती हरियाणा सरकार की है जबकि दिन रात जनता की सेवा में लगी भारतीय सेना, केंद्र सरकार, उपराज्यपाल और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें षड्यंत्र कर रही हैं, और ह्यशीशमहलह्ण में बैठकर एसी का आनंद ले रहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सही हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यहां तक कि कोविड काल के दौरान भी, यह केंद्र सरकार ही थी जो यह सुनिश्चित कर रही थी कि लोगों को उस चरम स्थिति से लड़ने के लिए सभी सुविधाएं मिलें, केजरीवाल उस समय भी दोषारोपण के अलावा किसी काम में नहीं लगे थे। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में यमुना को साफ करने के लिए 6800 करोड़ रुपये खर्च हुए। ये जो डिसिल्टिंग यानी नदी में से गाद हटाने का काम है, वो सिंचाई विभाग के अंतर्गत आता है। श्री केजरीवाल पहले यह बताएं कि वह यमुना की डिसिल्टिंग क्यों नही कर पाए। उन्होंने सवाल किया कि पिछले साल भी भाजपा ने ये मुद्दा उठाया और आपसे पूछा कि डिसिल्टिंग क्यों नहीं हो रही है? इससे बाढ़ आने का खतरा है, लेकिन आपने उसका संज्ञान भी नहीं लिया। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में सरकार आप की, दिल्ली जल बोर्ड आप का, दिल्ली नगर निगम आप का इसके बाद भी दोषारोपण दूसरों पर... ऐसा क्यों।

## तनावग्रस्त देश कोसोवो की संसद में झड़प



राष्ट्रीय खबर

**प्रिस्टिना:** प्रधानमंत्री एल्बिन कुर्ती गुरुवार को उत्तरी कोसोवो में सर्ब आबादी के साथ तनाव कम करने के लिए सरकार के कदमों के बारे में संसद को संबोधित कर रहे थे। तभी विपक्षी दल के एक विधायक ने प्रधानमंत्री पर बोतल से पानी फेंक दिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई। प्रधान मंत्री कुर्ती ने बुधवार को घोषणा की कि उत्तरी कोसोवो में सर्ब-बहुल क्षेत्रों में चार नगरपालिका भवनों के बाहर विशेष शाखा के पुलिस अधिकारियों की संख्या कम कर दी जाएगी। प्रत्येक नगर निगम क्षेत्र में एक नया मेयर चुना जाएगा। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद नगर निगम भवनों से पुलिस की विशेष शाखा के सदस्यों की संख्या कम कर दी गयी है। इसे लेकर विरोधी नाराज थे। गुस्से के बीच कोसोवो की डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक मर्गिम लुश्ताको ने गुरुवार को बोलते समय प्रधान मंत्री कुर्ती पर पानी फेंक दिया। इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान शुरू हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, कोसोवो के उत्तरी हिस्से में विपक्षी दलों ने कुर्ती की नीति की आलोचना की है।

अफगानिस्तान के इलाके से आकर हमला कर रहे आतंकवादी

## अपने करनी का फल भोग रही है पाकिस्तानी सेना



राष्ट्रीय खबर

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान की सेना ने शुक्रवार को कहा कि वह इस बात से गंभीर रूप से चिंतित है कि आतंकवादियों को पड़ोसी अफगानिस्तान में सुरक्षित पनाहगाहें मिल गई हैं और दो हमलों में उसके 12 सैनिकों की मौत के दो दिन बाद उन्होंने प्रभावी बदला लेने की धमकी दी। यह वे आतंकवादी हैं, जिन्हें पूर्व में पाकिस्तान ने ही प्रशिक्षित किया था तथा अपने यहां छिपने का स्थान प्रदान किया था। अफगानिस्तान में तालिबान शासन कायम होने के बाद वे पाकिस्तान की सेना के नियंत्रण से बाहर चले गये हैं। सेना ने कहा कि अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगे पाकिस्तान के दक्षिणी बलूचिस्तान प्रांत में एक सैन्य अड्डे पर इस्लामी लड़ाकों के हमले में नौ सैनिकों की मौत हो गई और बुधवार को क्षेत्र में गोलीबारी में तीन और सैनिक मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान आतंकवादी समूह का जिक्र करते हुए इसने कहा, सेना को अफगानिस्तान में टीटीपी के लिए उपलब्ध सुरक्षित पनाहगाहों और कार्रवाई की स्वतंत्रता पर गंभीर चिंता है। इसमें कहा गया है, इस तरह के हमले असहनीय हैं और पाकिस्तान के सुरक्षा बलों की ओर से प्रभावी प्रतिक्रिया दी जाएगी, बिना यह बताए कि वह अपनी प्रतिक्रिया से किसे निशाना बना सकता है। इसमें कहा गया है, पाकिस्तान में आतंकवादी कृत्यों में अफगान नागरिकों की संलिप्तता एक और महत्वपूर्ण चिंता है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। अफगानिस्तान के तालिबान प्रशासन के विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

## वैगनर के लोग अब बेलारूस की सेना को प्रशिक्षण दे रहे

राष्ट्रीय खबर



**मिंस्क:** रूस के रक्षा मंत्रालय ने आज कहा कि रूस के वैगनर भाड़े के समूह के लड़ाके बेलारूस में सैनिकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। बेलारूसी मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया जिसमें वैगनर सेनानियों को राजधानी मिन्स्क से लगभग 90 किमी (56 मील) दक्षिण-पूर्व में ओसिपोविची शहर के पास एक सैन्य रेंज में बेलारूसी सैनिकों को निर्देश देते हुए दिखाया गया है। उन्होंने कहा, वैगनर सेनानियों ने कई सैन्य विषयों में प्रशिक्षक के रूप में काम किया। बेलारूसी नेता अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने 23-24 जून को वैगनर द्वारा एक संक्षिप्त सशस्त्र विद्रोह को समाप्त करने के लिए एक समझौते में मदद की, जब समूह ने दक्षिणी रूसी शहर रोस्तोव पर नियंत्रण कर लिया और मॉस्को की ओर मार्च किया, कई सैन्य हेलीकॉप्टरों को मार गिराया और उनके पायलटों को मार डाला। समझौते के तहत, वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने अपने भाड़े के सैनिकों को खड़ा कर दिया और रूस द्वारा विद्रोह के आरोप वापस लेने के बदले में बेलारूस जाने पर सहमति व्यक्त की। व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर सैनिकों को एक अलग कमांडर के तहत लड़ाई जारी रखने का मौका दिया था - जिसे उनके उपनाम सेदोई या ग्रे हेयर के नाम से जाना जाता था। रूसी अखबार कोमर्सेंट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति ने पिछले महीने विद्रोह के प्रयास के कुछ दिनों बाद यह पेशकश की थी। समझौते के तहत, वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने अपने भाड़े के सैनिकों को खड़ा कर दिया और रूस द्वारा विद्रोह के आरोप वापस लेने के बदले में बेलारूस जाने पर सहमति व्यक्त की।

## मौजूदा सरकार के रहते चुनाव नहीं लड़ सकेगी बीएनपी : महमूद

राष्ट्रीय खबर

**ढाका :** बंगलादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) की स्थायी समिति के सदस्य अमीर महमूद चौधरी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी की देश में मौजूदा सरकार के रहते चुनावों में सहभागिता संभव नहीं है। श्री चौधरी ने बंगलादेश के दौरे पर आये यूरोपीय संघ के चुनाव अन्वेषण मिशन की टीम से यह बात कही। उन्होंने कहा, मौजूदा अवामी लीग सरकार के रहते उनकी पार्टी का चुनावों शामिल होने का सवाल ही नहीं उठाता। इसके पीछे बहुत सारे कारण हैं। यूरोपीय संघ की टीम के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से श्री चौधरी ने कहा कि उन्होंने टीम के प्रतिनिधिमंडल से कहा कि ये चीज़ें दिन के उजाले की तरह स्पष्ट हैं और हर कोई इसे जानता है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की नजर बंगलादेश के चुनाव पर है क्योंकि वे जानते हैं कि इस सरकार के तहत चुनाव संदिग्ध है और स्वीकार्य नहीं हैं, इसीलिए वे अपनी चिंताएं भी व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, यूरोपीय संघ की टीम को क्यों बंगलादेश आना और चुनाव पर राय लेनी चाहिए इसके लिए उन्हें दक्षिण एशिया के किसी देश में जाने की जरुरत नहीं है। यहां तक कि वे इस काम के लिए दुनिया के किसी भी देश में कम ही जाते हैं तो उन्हें बंगलादेश क्यों आना पड़ा हर किसी की तरह उनके मन में भी इस सरकार के रहते चुनावों को लेकर एक सवाल हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ की टीम जानना चाहती है कि क्या बंगलादेश के लोग आने वाले दिनों में चुनाव में वोट डाल सकेंगे।

## न्यूज फटाफट

### रूस के सशस्त्र बल नॉर्थ इंटरेक्शन-2023 सैन्य अभ्यास में भाग लेंगे

**बीजिंग:** रूस के सशस्त्र बल निकट भविष्य में जापान सागर में चीन द्वारा आयोजित नॉर्थ इंटरेक्शन-2023 सैन्य अभ्यास में भाग लेंगे। चीनी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि रूस और चीन के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग की वार्षिक योजना के अनुसार, रूसी सेना जल्द ही जापान सागर के मध्य भाग में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के उत्तरी थिएटर कमांड द्वारा आयोजित ह्यनॉर्थ इंटरेक्शन-2023 में भाग लेने के लिए नौसेना और वायु सेना को भेजेगी। मंत्रालय ने बताया कि यह अभ्यास रणनीतिक समुद्री मार्गों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य चीनी और रूसी सेनाओं के बीच रणनीतिक बातचीत में सुधार करना, क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को संयुक्त रूप से बनाए रखने की क्षमता को मजबूत करना और सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियों का जवाब देना है।

### एआई से जटिल समस्याओं का समाधान होगा: मस्क

**वॉशिंगटन :** सोशल मीडिया कंपनी ट्वीटर मालिक एलन मस्क ने कहा कि उनका मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का सबसे सुरक्षित रूप वह है जो अधिकतम सत्य की खोज करता हो तथा उन जटिल समस्याओं का हल करने के लिए उत्सुक है जिनका समाधान करने में मनुष्य सक्षम नहीं हैं। श्री मस्क ने शुक्रवार को कहा कि एआई पर सुरक्षा को लेकर मेरा दृष्टिकोण इसे अधिक जिज्ञासु अधिकतम सत्य खोजी बनाने के प्रयास जैसा है। महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए एजीआई एक महत्वपूर्ण सीमा होगी। उन्होंने एआई निरीक्षण स्थापित करने और ऐसी स्थिति में नहीं आने की आवशयकता भी दोहराई जिसमें कंपनियां पूरी तरह से तय कर सकें कि वे एआई के साथ क्या करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी नई कंपनी एक्सएआई के सदस्यों का परिचय कराया, जिसका उद्देश्य वास्तविकता की प्रकृति का अध्ययन करना है। एक्सएआई टीम में डीपमाइंड और ओपनएआई जैसी एआई कंपनियों में अनुभव वाले अन्य सदस्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एक्सएआई को माइक्रोसॉफ्ट और गुगल डीपमाइंड एआई पैमाने पर प्रासंगिक होने में कुछ समय लगेगा।

### शिया समर्थकों ने इराक में अमेरिकी हस्तक्षेप के विरोध में किया प्रदर्शन

**काहिरा :** इराक की राजधानी बगदाद में सैकड़ों शिया समर्थक ने देश के आंतरिक मामलों में अमेरिका के हस्तक्षेप के विरोध में प्रदर्शन किया। शफाक न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को सैकड़ो प्रदर्शनकारी बगदाद की सड़कों पर देखे गये। प्रदर्शनकारी ग्रीन ज़ोन के प्रवेश द्वार पर एकत्र हुए। इस क्षेत्र में सरकारी इमारतें और अमेरिकी दूतावास स्थित हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि शिया समूहों के समर्थकों ने इराक के आंतरिक मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप के साथ-साथ उसके समूह के नेताओं को खत्म करने की वाशिंगटन की चेतावनी के विरोध में यह प्रदर्शन किया। प्रदर्शनों के बीच बगदाद में अमेरिकी दूतावास की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया। अमेरिकी राजनयिक मिशन के पास तीन हजार से अधिक इराकी सुरक्षा बल तैनात किए गए है।

### तुर्की के सिरनाक प्रांत में आतंकवाद विरोधी अभियान

**अंकारा :** तुर्की ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत सीरिया की सीमा से लगे सिरनाक प्रांत में कई जिलों में प्रवेश पर रोक लगाई जायेगी। ए हैबर टीवी चैनल ने शुक्रवार को प्रांतीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई से 29 जुलाई के बीच 'अस्थायी विशेष सुरक्षा क्षेत्र' के क्षेत्रों में प्रवेश निषिद्ध रहेगा। प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि आतंकवाद विरोधी अभियान सिरनाक प्रांत के कुल 14 क्षेत्रों में चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में हिंसा, अपराध और नागरिकों को नुकसान को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। तुर्की नियमित रूप से तुर्की में प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सिरनाक प्रांत में अभियान चलाता रहा है।

### द कोरिया में मूसलाधार बारिश से सात लोगों की मौत, तीन लापता

**सोल :** दक्षिण कोरिया में मूसलाधार बारिश से वर्षाजनित घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये वहीं तीन के लापता होने की रिपोर्टें हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने संबंधित अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय आपदा मुख्यालय के अनुसार सोल से लगभग 210 किमी दक्षिण में नॉनसन में भूस्खलन के कारण एक इमारत ढहने से शुक्रवार को दो लोगों की मौत हो गई। इससे पहले, सेन्ट्रल सिटी सेजोंग में भूस्खलन से एक व्यक्ति की मौत हो गई, और चेओंगजू में भी एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। दक्षिणपूर्वी काउंटी येओंगजू में मकान ढहने से दो लोगों की और सेंट्रल काउंटी चेओंगयांग में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### तीस्ता खतरे के निशान से 20 सेमी ऊपर , 50 हजार लोग बाढ़ में फंसे

**ढाका :** बंगलादेश में तीस्ता नदी खतरे के निशान से 20 सेटीमीटर ऊपर बह रही है वहीं लगातार बारिश के कारण रंगपुर जिले के गंगाचारा में निचले इलाकों में निवासरत कम से कम 50,000 लोग बाढ़ के पानी में फंस गए हैं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार सुबह छह बजे दलिया बैराज प्वाइंट पर पानी खतरे के स्तर से 20 सेमी ऊपर था, जो नौ बजे तक बढ़कर 12 सेमी हो गया। सुबह नौ बजे गंगाचारा में यह खतरे के निशान से 17 सेमी ऊपर था, जबकि कौनिया में यह खतरे के निशान से 5 सेमी ऊपर था।

## आज का इतिहास

- 1439 : इंग्लैंड में बीमारी फैलने के डर से चुमने पर प्रतिबंध लगाया गया।
- 1661 : स्वीडिश बैंक ने यूरोप में पहला नोट जारी किया।
- 1856 : हिंदू विधवाओं के पुनर्विवाह को कानूनी मान्यता मिली।
- 1890 : पार्किंसन नाम के चिकित्सक ने पार्किंसन बीमारी को लेकर अपनी जांच पूरी की।
- 1917 : प्रसिद्ध नाटककार जगदीशचन्द्र माथुर का जन्म।
- 1925 : इराक में राजा फैसल ने बगदाद में पहली संसद स्थापित की।
- 1925 : नेशनल जियोग्राफिक ने पहली बार समुद्र के भीतर के दृश्यों की प्राकृतिक रंगीन फोटो निकाली।
- 1945 : अमेरिका ने परमाणु बम का पहला परीक्षण किया।
- 1951 : नेपाल को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- 1968- भारतीय हॉकी कप्तान धनराज पिल्लै का जन्म।
- 1969 : इंसान को चांद पर पहुंचाने की पहली कोशिश के तहत अमेरिका के केप कैनेडी स्टेशन से अपोलो 11 अंतरिक्ष यान तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ।
- 1981 : भारत ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1984 : बालीवुड अभिनेत्री कटरीना कैफ का जन्म।
- 1990 : यूक्रेन ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1999 : जॉन एफ़. कैनेडी के पुत्र जॉन एफ़. कैनेडी जूनियर की विमान दुर्घटना में मौत।
- 2003 : पाकिस्तान, सऊदी अरब और 53 अन्य इस्लामी देश, इजरायल को 2005 तक मान्यता देने पर राजी हुए।
- 2004 : चीन ने सबसे बड़े तटीय शहर त्यानचिन में पहला ऑनलाइन वायु सुरक्षा अभ्यास किया।
- 2007 : बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजिद को धन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया गया।
- 2015 : वैज्ञानिकों ने प्लूटो ग्रह की क्लोज़-अप तस्वीरें जारी कीं।
- 2017 : सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री नर बहादुर भण्डारी का निधन।
- 2019 : सुश्री अनुसुइया उइके छत्तीसगढ़ और श्री बिस्वा भूषण हरिचंदन आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बने।
- 2019 : पाकिस्तान ने 139 दिन बाद भारतीय समेत अन्य विमानों के लिए अपना वायुमार्ग खोला।

**श्रावणोत्सव**

आदिकाल से कवियों की रचनाओं का श्रृंगार कर, उन्हें जीवंत करने वाली

# सावन के सौंदर्यबोध और उल्लास का ऋतु पर्व कजरी

- कजरी वह विधा है जिसमें सावन, भादों के प्रेम, वियोग और मिलन का चेहरा सामने आता है
- मतवाले सावन में विरहिन का दिल कांपता ही नहीं , झूमता भी है



राष्ट्रीय खबर

**प्रयागराज:** पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में गाया जाना वाला ''कजरी'' प्रसिद्ध लोकगीत है जो विशेष रूप से सावन में गाया जाता है। इस लोकगीत में श्रृंगार और विरह का अद्भुत संयोजन देखने को मिलता है और इसी कारण इसे सावन के सौंदर्य और उल्लास का ऋतु पर्व कहा जाता है। पिया मिलन की आस में लज्जा से सकुचाई सजी-धजी नवयौवना की आसमान छूती खुशी और विरह की शूल सी वेदना एवं आदिकाल से कवियों की रचनाओं का श्रृंगार कर उन्हें जीवंत करने वाली कजरी को लोकगीतों की रानी कहा गया है। आदिकाल से कवियों की रचनाओं का श्रृंगार कर, उन्हें जीवंत करने वाली 'कजरी' सावन की हरियाली बहारों का मिलन है। मौसम और यौवन की महिमा का बखान करने के लिए परंपरागत लोकगीतों का भारतीय संस्कृति में कितना महत्व है-कजरी इसका उदाहरण है। हमारे यहां भले ही इनका महत्व कम हो गया है, लेकिन भारत के बाहर सूरीनाम, त्रिनिदाद, मारिशश आदि देशों में भारतवंशी पारंपरिक लोकगीतों को जीवित रखा है। कजरी वह विधा है जिसमें सावन, भादों के प्रेम, वियोग और मिलन का चेहरा सामने आता है। मतवाले सावन में विरहिन का दिल कांपता ही नहीं, झूमता भी है। हृदय में तड़प पैदा होने, हूक सी उठने की भी अपनी एक खास वजह होती है। सावन का सौंदर्य और कजरी की धुनों की मिठास वर्षा बहार का जो वर्णन लोक गायन की विधा कजरी में है वह कहीं और नहीं। इसमें श्रृंगार और वियोग रस की प्रधानता होती है। यह वर्षा ऋतु का लोकगीत है। इसे वर्षा ऋतु में गाया जाता है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वर्ष 2022 में कला के लिए मिर्जापुर की नामचीन लोकगीत कजरी गायिका अजिता श्रीवास्तव को 'पद्मश्री'' अवार्ड से सम्मानित किया है। अजिता श्रीवास्तव ने ''यूनिवार्ता'' को बताया कि आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह कहे जाने वाले भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने भी अनेक कजरियों की रचना कर लोक-विधा से हिन्दी साहित्य को सुसज्जित किया। उन्होने कजरी गीतों में प्रेम, श्रृंगार और विरह विषयक को बखूबी से चित्रित किया है। उन्होंने ब्रज और भोजपुरी के अलावा संस्कृत में भी कजरी कि रचना की है। अजिता श्रीवास्तव ने वर्ष 2020 में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कजरी विधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से परास्नातक गोरखपुर विश्वविद्यालय से बीएड और प्रयाग संगीत समिति से संगीत प्रभाकर कर संगीत में महारत हासिल कर मिर्जापुर को अपनी कर्मभूमि बनाने वाली गायिका शिक्षिका पद से सेवानिवृत हो चुकी है। वह कजरी विधा को आगे बढाने के प्रयास में प्रयासरत हैं। कजरी के वर्ण्य-विषय ने जहाँ एक ओर भोजपुरी के सन्त कवि लक्ष्मीसखी, रसिक किशोरी आदि को प्रभावित किया, वहीं अमीर खुसरो, बहादुरशाह ज़फर, सुप्रसिद्ध शायर सैयद अली मुहम्मद ह्यशाद, हिन्दी के कवि अम्बिकादत्त व्यास, श्रीधर पाठक, द्विज बलदेव, बदरीनारायण उपाध्याय ह्यप्रेमधन आदि भी कजरी के आकर्षण मुक्त नहीं रह सके। उन्होंने बताया मिर्जापुर की प्रसिद्ध कजरी गायिका कजरी गीत का एक प्राचीन उदाहरण तेरहवीं शताब्दी का, आज भी न केवल उपलब्ध है बल्कि गायक कलाकार इसको अपनी प्रस्तुतियों में प्रमुख स्थान देते हैं।

## चार छात्र गिरफ्तार

रांचीः डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी में हुए मारपीट व चाकूबाजी मामले में पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मारपीट मामले के बाद लालपुर थाने में दोनों पक्षों की ओर से शिकायत दर्ज करायी गयी थी। जिसके बाद लालपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।

अपराध

### सड़क पर छोड़ हुए फरार, पुलिस ने दबोचा

# बर्थडे पार्टी के बाद चार लड़कों ने अपनी दोस्त का किया सामूहिक दुष्कर्म

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी रांची के सदर इलाके में रहने वाली एक स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। नबालिग का आरोप है कि शुक्रवार रात जब वह एक जन्मदिन की पार्टी से लौट रही थी, तभी पार्टी में शामिल चार लड़के सुनसान जगह देख कर उसे सड़क के किनारे ले गए और फिर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।बर्थडे पार्टी के बाद दुष्कर्मः रांची में एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। रांची के कोकर थाना इलाके की रहने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ चार लड़कों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया है। छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले चारों लड़कों में से दो नाबालिग हैं। चारों छात्रा के



मोहल्ले के ही रहने वाले हैं। छात्रा ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि शुक्रवार की शाम वह अपने चारों दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी मनाने के लिए सदर इलाके के एक रेस्टोरेंट में गई हुई थी।

जन्मदिन की पार्टी खत्म होने के बाद जब वह घर लौटने लगी उस दौरान चारों लड़के भी उसी के साथ लौट रहे थे। अचानक एक सुनसान जगह पर चारों उसके साथ छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर चारों उसे पास ही एक सुनसान जगह ले गए और बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद चारों मौके से फरार हो गए।छात्रा ने पुलिस को बताया है कि किसी तरह वह शुक्रवार की देर रात अपने घर पहुंची और अपने माता पिता को पूरी बात बताई।

मामले की जानकारी मिलने के बाद मां बाप अपनी बेटी को लेकर देर रात ही सदर थाना पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार, नाबालिगों को भी किया निरुद्धः बलात्कार की शिकार नाबालिग छात्रा सभी आरोपियों को पहचानती है, क्योंकि वह उसके मोहल्ले में ही रहते हैं। उन्हीं में से एक का बर्थडे भी था, जिसकी पार्टी में नाबालिग छात्रा गई हुई थी। मामला संज्ञान में आते ही सदर थाने की टीम ने शनिवार की सुबह तक दो नाबालिगों को निरुद्ध कर लिया जबकि दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को रांची के सदर अस्पताल में छात्रा की मेडिकल जांच भी करवायी गयी है।

### उपायुक्त ने कल्याण विभाग के योजनाओं की समीक्षा

# अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करने का निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**रांची** : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय में कल्याण विभाग की योजनाओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान), शहीद ग्राम विकास योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से पूरी जानकारी लेते हुए इसे जल्द से जल्द तय सीमा पर पूरा कराने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजना को पूरा करने में संबंधित अधिकारियों की महत्वपूर्ण योगदान निभाते हुए इसे तय समय पर पूरा करने को कहा है। उपायुक्त ने कल्याण विभाग के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित सभी अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिन प्रखंडों में बिरसा आवास योजना का कार्य होना लंबित है, वैसे मामलें पर जोर देकर इसे पूरा कराना सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बुंडू, खलारी, तमाड़ प्रखंड में जो आवास पूरा नही हुआ हैं उसे 3 महीना के अंदर पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा गया और लाभुकों का आइडेंटिफाई एवं एकरारनामा कार्य पूर्ण कराने को कहा गया। कार्य पूर्ण नही होने पर इसपर कार्रवाई की जायेगी। इसलिए इसका पूरा होना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारी से जानकारी लेते हुए पूछा कि इस योजना से संबंधित राशि मिल जाती हैं, किसी प्रकार की समस्या तो नही हैं। इस योजना का पूरा होने पर ध्यान देने का निर्देश देते हुए राँची जिला के सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी को इन स्थानों पर जहां ये सारे कार्य हो रहें है वहाँ जा कर स्थल निरीक्षण और इस कार्य की मॉनिटरिंग पर ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ इस बात का ख्याल रखने को कहा कि जो कार्य लंबित है, वह सारे 6 महीना में कार्य पूर्ण कराने हो जाये। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान ससमय हो इसपर ध्यान देने का निर्देश दिया।

### विष्णु अग्रवाल पर ईडी का कस रहा शिंकजा

# पुगडु जमीन डील में 17 लोगों को ईडी का समन



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राजधानी के चर्चित कारोबारी और न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल पर ईडी का शिंकजा लगातार कसता ही जा रहा है। चोसायर होम जमीन, आर्मी जमीन के बाद अब पुगडु में विष्णु अग्रवाल के द्वारा खरीदी गई 9.30 एकड़ खासमहल जमीन की डील को लेकर भी ईडी ने जांच शुरू कर दी है। जमीन से जुड़े 17 लोगों को ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है।रांची जमीन घोटाले की जांच में विष्णु अग्रवाल से ईडी जहां 17 जुलाई को पूछताछ करने वाली है, वहीं रांची के पुगडु में विष्णु अग्रवाल के द्वारा खरीदी गई 9.30 एकड़ खासमहल जमीन की डील से जुड़े 17 लोगों को भी ईडी ने समन कर दिया है।

# गैंगस्टर अमन साव दुमका जेल से चला रहा अपराध का नेटवर्क



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** गैंगस्टर अमन साव जेल में रहते हुए भी झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। दुमका जेल से ही अमन साव कारोबारियों को टारगेट कर रहा है। अमन के नाम पर लगातार कारोबारियों को धमकी मिल रही है। जो कारोबारी धमकी को नजरअंदाज कर रहे हैं उनपर गोलियां चल रही हैं। राज्य के रांची, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और लातेहार जैसे जिलों में काम करने वाले कोयला कारोबारी लगातार मिल रही धमकी से दहशत में हैं।डीजीपी के आदेश के बाद एटीएस और सीआईडी संयुक्त रूप से अमन साव गिरोह पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है। अमन साव और उसके गैंग की गतिविधियों की समीक्षा के बाद यह पाया गया है कि अमन साव ने गिरिडीह के एक व्यक्ति के पते पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड हासिल किया और फिर उस सिम कार्ड का इस्तेमाल दुमका जेल से किया जा रहा है। जांच में यह बात भी सामने आई है कि दुमका जेल के लोकेशन पर एक्टिव सिम से ही मयंक सिंह के नाम पर फेसबुक पेज ऑपरेट किया जा रहा है। सीआईडी ने मामले की जानकारी दुमका जेल प्रशासन को दी है।

# दो पत्थर कारोबारी ईडी की पूछताछ के बाद कोर्ट में हुए पेश



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** 1000 करोड़ अवैध खनन मामले में दो पत्थर कारोबारी टिंकल भगत ओर भगवान भगत को ईडी की 5 दिनों की पूछताछ के बाद ईडी कोर्ट में शनिवार को पेश किया गया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हुई पेशी के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। इससे पहले बीते 10 जुलाई को कोर्ट ने ईडी के आग्रह को देखते हुए पूछताछ के लिए दोनों को 5 दिनों की रिमांड प्रदान की थी। बीते 7 जुलाई को इन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया गया था। ये दोनों आरोपी पंकज मिश्रा के सहयोगी हैं।बता दें कि पिछले साल 8 जुलाई 2022 को इन दोनों आरोपी सहित 15 लोगों के ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। छापामारी में टिंकल के पास से 15 लाख और भगवान भगत के पास से 28.50 लाख रुपए नगद बरामद हुए थे। बताया जाता है कि यह राशि अवैध खनन से जुटाई गई थी। इसके बाद टिंकल भगत सहित अन्य लोगों से ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय मे पूछताछ की गई थी। छापेमारी के दौरान ईडी को कई अहम सुराग मिले थे, वहीं आरोपी द्वारा पूछताछ में भी कई अहम जानकारी ईडी को दी थी।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद झारखंड में भवनों के नक्शा स्वीकृति का नियम बदला

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड सरकार ने राज्य के विभिन्न निकायों, प्राधिकारों में लागू ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रुवल मैनेजमेंट सिस्टम (बीपीएएमएस) पद्धति में संशोधन किया है और नक्श स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल कर दिया है। मुख्यमंत्री सह नगर विकास विभाग के मंत्री हेमंत सोरेन की स्वीकृति के बाद विभाग ने इस संबंध में संकल्प जारी कर दिया है। बता दें कि झारखंड हाइकोर्ट ने बीते 18 मई को अपने फैसले में राज्य में नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक को हटा दिया था और उसके आदेश के आलोक में ही अब राज्य में नक्शा स्वीकृति के लिए नये नियम बनाये गये हैं।नगर विकास विभाग की ओर से जारी संकल्प के अनुसार अब राज्य में पांच चरणों में नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इसके अलावा भवन प्लान का नक्शा अस्वीकृत होता है तो आवेदन शुल्क की राशि में 10 फीसदी की कटौती कर 30 दिनों के अंदर शेष राशि लौटा दी जायेगी। इससे संबंधित प्रस्ताव जल्द ही अलग से तैयार किया जायेगा। इसके अलावा विचलन कर भवन निर्माण के लिए भी नियम बदले गये हैं।थम चरण में आवेदक निबंधित लाइसेंस टेक्निकल पर्सन (छळढ) के माध्यम से आवेदन करेंगे। जिसमें निबंधित एलटीपी अपने लॉगिन आइडी द्वारा प्रस्तावित भवन निर्माण योजना से संबंधित सभी नक्शों को (प्री डीसीआर ) के बाद निकायों, प्राधिकारों में झारखंड भवन उप विधि संशोधित 2016 के प्रावधानों के आधार पर तैयार करते हुए निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार भवन नक्शा, प्लान की स्वीकृति के लिए ऑनलाइन आवेदन, कुल अनुमानित भवन शुल्क के 50 प्रतिशत की राशि के साथ जमा करेंगे। भवन प्लान को प्रावधानों के अनुसार 30 दिनों के अंदर स्वीकृत करने का नियम है। इसमें झारखंड हाइकोर्ट के द्वारा 18 मई 2023 के आदेश का अनुपालन किया जायेगा।दूसरे चरण में आवेदन को नगर निवेशक द्वारा बीपीएएमएस सॉफ्टवेयर में ऑटो डीसीआर कराकर नक्शों की जांच करायी जायेगी तथा सॉफ्टवेयर द्वारा जेनरेटेड रिपोर्ट, सिक्यूरिटी रिपोर्ट की आवश्यकतानुसार त्रुटि होने पर एलटीपी को लौटाई जायेगी। त्रुटिहीन होने की स्थिति में इसे अगले चरण में वर्क फ्लो के तहत भेजा जायेगा। इसमें भी 30 दिन के अंदर आवेदन निष्पादित करना है। हाईकोर्ट के फैसले का अनुपालन किया जायेगा।तीसरे चरण में आवेदन को लीगल ऑफिसर, टैक्स दारोगा, कलेक्टर के द्वारा बिल्डिंग बॉयलॉज 2016 के अनुसार जांच की जायेगी। 30 दिनों में निष्पादित किया जायेगा। चतुर्थ चरण में कनीय अभियंता, अभियंता, प्राधिकृत व्यक्ति आवेदन के स्थल का निरीक्षण करेंगे। विडियोग्राफी की जायेगी। आवेदक को मैसेज के जरिये निरीक्षण की जानकारी दी जायेगी। जांच प्रतिवेदन अपलोड किया जायेगा।

फर्जीवाड़ा

### मेडिकल कार्ड, गोपनीय दस्तावेज समेत अन्य प्रमाण पत्र बरामद

# फर्जी तरीके से सेना में भर्ती कराने वाले रैकेट का भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** आर्मी इंटलीजेंस और नामकुम पुलिस ने सेना में भर्ती के नाम पर वसूली करने वाले एक आरोपी को दबोच लिया है। उसके पास से पुलिस की टीम ने भारी मात्रा में मार्कशीट, मेडिकल कार्ड, गोपनीय दस्तावेज समेत अन्य प्रमाम पत्र बरामद किए है। पुलिस की टीम इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।मामले की जानकारी देते हुए प्रशिक्षु आइपीएस रित्विक श्रीवास्ताव ने बताया कि पकड़े गए आरोपी प्रत्येक अभ्यार्थी से बहाली के नाम पर 50 हजार रुपये लिया करते थे। उन्होंने बताया कि आर्मी इंटलीजेंस की टीम ने सेना अस्पताल परिसर से दो युवक को



पकड़ा है। जिसने अपना नाम नकुल कुमार चौधरी और राजदेव महथा बताया।पूछताछ के दौरान दोनों ने टीम को यह जानकारी दी कि वे अपने रिश्तेदार की सेना में भर्ती कराने से पहले मेडिकल के लिए पहुंचे हैं। दोनों के पास से सेना भर्ती के दस्तावेज और मोबाइल से भर्ती कराने संबंधित डाटा भी बरामद किए गए है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्हें एक अन्य युवक ने 50 हजार रुपये सेना में भर्ती के नाम पर मांगे थे।इसके बाद पुलिस की टीम ने रातू रोड स्थित आरोपी के घर पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस की टीम ने दर्जनों अभ्यर्थियों के मार्कशीट समेत अन्य चीजें बरामद की है।

प्रशिक्षु आइपीएस ने बताया कि आर्मी इंटेलीजेंस से मिले इनपुट पर संभावना जतायी जा रही है कि मामले में सेना के भी लोग शामिल हो सकते है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इससे पूर्व जून 2021 में भी नामकुम पुलिस ने मामला दर्ज कर लगभग आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इन लोगों ने सेना में फर्जी भर्ती कराने के नाम पर राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर सहित पंजाब और कई जगहों के युवकों से पैसे ठगे। बार बार नौकरी ज्वाइन कराने का समय दिए जाने के बाद भी ज्वाइनिंग लेटर नहीं देने पर इन युवकों ने नामकुम पुलिस और आर्मी इंटेलीजेंस को सूचना दी थी। पंकज सिंह, संदीप संधू, शौकत अली सहित कई लोगों ने सेना में भर्ती कराने के नाम पर पैसे लेकर उनकी भर्ती नहीं करायी गयी। मामले में नामकुम पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

